CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 21 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 340 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चाहे कालीन भैया हो या कोडीन भैया, सबके खिलाफ चलना चाहिए बुलडोजर: अखिलेश पेज 2



गिल को नहीं मिली टी-20 विश्वकप टीम में जगह खेल टाइम्स



तोशाखाना केस: इमरान खान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा पेज 11



जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में 7 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को मैमनसिंह शहर में गुरुवार को हुई इस घटना की त्वरित और गहन जांच के बाद इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। इस घटना ने बांग्लादेश में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। श्री दास पर ईशनिंदा के आरोपों को लेकर भीड़ ने बेरहमी से हमला किया। वहां हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने उस शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शरीर को जला दिया गया। इस घटना ने इस क्षेत्र में गहरी जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक तनाव को उजागर किया है।

### दिल्ली में एक्यूआई 535 के स्तर पर पहुंचा, ग्रैप-4 लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जहरीले धुएं की परत छाने से शनिवार को व एक्यूआई 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत सभी कार्रवाइयां लागू की गई हैं। राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं जहां एक्यूआई 535 रिकॉर्ड किया गया है। यह अत्यंत खतरनाक श्रेणी को दर्शाता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति का संकेत देता है।

### दिल्ली में कोहरे के कारण 125 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गई। सुबह 10 बजे तक प्रस्थान करने वाली 63 और यहां उतरने वाली 66 उड़ानें रद्द कर दी गई।

# आरएसएस के लिए सच्चाई नहीं, शक्ति जरूरी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत की आलोचना की।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित

**■ कांग्रेस सांसद जर्मनी में बोले: उनके प्रमुख यह खुले तौर पर कह रहे, यही उनमें और कांग्रेस में अंतर**



है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। आरएसएस ऐसा नहीं करती। बता दें कि राहुल गांधी 5 दिन के जर्मनी दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम कनेक्टिंग कल्चर्स में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी। राहुल गांधी ने जर्मनी के हर्टी स्कूल में अपने संबोधन में तेजी से बदलते वैश्विक माहौल के बीच भारत की दिशा पर अपनी बात रखी।

### राहुल गांधी विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा का दावा है कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान भारत-विरोधी ताकतों से मुलाकात करते हैं। साथ ही राष्ट्रीय हितों के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहते हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए के भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी अक्सर संसद सत्र के दौरान विदेश यात्राओं पर चले जाते हैं। उदाहरण के तौर पर राहुल के हालिया जर्मनी दौरे का जिक्र किया। भाटिया ने कहा किनेता प्रतिपक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि जब संसद सत्र चले तब वह सदन में मौजूद रहे, लेकिन राहुल विदेश चले गए।

### सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली।** विशेष एनआईए अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह गैर-जमानती वारंट 2012 के एक आतंकी मामले में जारी किया गया है, जो पुलिस स्टेशन बड़गाम में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम व धारा 506 आरपीसी के तहत दर्ज किया गया था।

# मोदी का ममता पर तीखा हमला

## कहा: टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए SIR का कर रही विरोध

**कोलकाता, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का हेलीकॉप्टर शनिवार को कुहासे की वजह से ताहेरपुर में नहीं उतर पाया। उसके बाद पीएम मोदी ने मोबाइल से सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में टीएमसी और ममता बनर्जी की सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने राज्य की जनता से बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बार बीजेपी को मौका दें। उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने बिहार ने विकास के लिए एनडीए सरकार को प्रचंड विजय दिलाई है। गंगाजी बिहार से बहते हुए बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा का विजय का रास्ता बना दिया है। बिहार ने जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है। 20 साल बाद भाजपा-एनडीए को पहले से अधिक सीटें दी हैं। पश्चिम बंगाल

### पीएम ने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग का किया उद्घाटन



में महाजंगल राज चल रहा है। उससे हमें मुक्ति चाहिए। पश्चिम बंगाल का बच्चा-बच्चा कह रहा है। पश्चिम बंगाल का हर गांव, शहर, हर गली और मोहल्ला कर रहा है। बाचते चाई, बीजेपी ताई। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी सरकार है, जो कमीशन में लगी रहती है। विकास से जुड़े हजारों रुपये के प्रोजेक्ट लटके पड़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का विरोध करें, लेकिन जनता के सपनों को चूर-चूर करने का पाप नहीं करें। राज्य के प्रबुद्ध जनता से अपील कर रहा हूं कि यहां बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाकर देखें। उन्होंने कहा कि गोबैक के नारे लगाने वाले घुसपैठिए के लिए चुप हो जाते हैं। वे गोबैक मोदी के नारे लगाते हैं। यही टीएमसी का असली चेहरा है। टीएमसी घुसपैठिए को बचाने के लिए बंगाल में एसआईआर का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सर्वप्रथम क्षमा प्रार्थी हूं कि खराब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर नहीं उतर पाया। कुहासे की वजह से कुछ भाजपा कार्यकर्ता रेल हादसा के -शेष पृष्ठ दो पर

### अगस्ता वेस्टलैंड केस: कोर्ट ने दिया मिशेल की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेस्म को हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने खुशी जाहिर की और कहा कि भारत में कुछ अच्छे जज हैं। मैं कोर्ट के आदेशों से संतुष्ट हूं। भारत का संविधान बहुत अच्छा है। हालांकि, क्रिश्चियन मिशेल जेम्स अभी भी सीबीआई केस में हिरासत में रहेंगे।

# नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: ये उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं, बल्कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है।

पासपोर्ट रिन्यू करते समय पासपोर्ट अथॉरिटी किसी व्यक्ति की भविष्य की यात्रा का शेड्यूल या वीजा की जानकारी नहीं मांग सकती। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि पासपोर्ट अधिकारी का काम सिर्फ यह देखना है कि



**■ शीर्ष अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया**

आपराधिक मामला पेडिंग होने के बावजूद संबंधित अदालत ने यात्रा की संभावना खुली रखी है या नहीं। अगर अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू कराने की परमिशन दी है, तो पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में महेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई हुई। महेश का पासपोर्ट साल 2023 में एक्सपायर हो चुका है। रांची की एनआई कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके पासपोर्ट रिन्यू कराने पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी।

# मनरेगा के लिए लड़ी थी और अब इसे खत्म करने के खिलाफ भी लड़ूंगी: सोनिया गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के



**■ मोदी सरकार ने नया कानून लाकर गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है**

खिलाफ भी लड़ेंगी। श्रीमती गांधी ने शनिवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे आज भी याद है, -शेष पृष्ठ दो पर

### जी राम जी विधेयक का लक्ष्य इसे नए रूप में मजबूत बनाना है: मोदी

**नई दिल्ली।** विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर विपक्ष के कड़े विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस विधेयक का लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है, बल्कि इसे नए सिरे से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि विधेयक का लक्ष्य रोज़गार गारंटी बढाना, स्थानीय योजना को शामिल करना, मज़दूरों की सुरक्षा और खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाना और ग्रामीण आजीविका व्यवस्था को बदलना है।






## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार लाएगी ईवी नीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी को स्वच्छ बनाने और प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लेकर आयेगी। डॉ. पंकज ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए हम जनहित में इलेक्ट्रिक वाहन नीति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तब परिवहन विभाग में मात्र 300 ईवी बसें थीं जबकि आज यह संख्या बढ़कर 3,518 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च तक इसे 5,000 तक पहुंचा देंगे। पिछले साल के 80 हज़ार की तुलना में इस साल ईवी वाहनों का पंजीकरण एक लाख का आंकड़ा पार कर चुका है।

### मोदी-शाह ने दी एसएसबी को स्थापना दिवस पर बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के प्रमुख केन्द्रीय पुलिस बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के स्थापना दिवस पर उसके सभी जवानों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है और कर्तव्य की उनकी भावना राष्ट्र की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण भूभागों से लेकर अभियानों की कठिन परिस्थितियों तक एसएसबी हमेशा सतर्क रहती है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर इस बल से जुड़े सभी कार्मिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगीना(बिजनौर) के सांसद चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण के खिलाफ नगीना अदालत में विचाराधीन याचिका को स्थगित कर दिया है।

सांसद के विद्वान वकील चौधरी दिलनिसार ने नगीना अदालत में लंबित याचिका संख्या 404/2021 राज्य बनाम चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जो भारतीय दंड संहिता संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 146/2019 में वास्ते विचारण लंबित था और इस मामले को समाप्त करने की गुहार लगाई थी।

हाईकोर्ट में एक याचिका संख्या 44704/2025 दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार के लगाए आरोपों के खिलाफ स्वीकार करते हुए निचली अदालत की कार्यवाही को स्थगित कर दिया और कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दिया गया रिलीफ विधिसम्मत है। हाईकोर्ट के इस फैसले से सांसद ने राहत महसूस की है और भविष्य में न्याय की उम्मीद जाहिर की है। सांसद चंद्रशेखर ने अपने अधिवक्ता दिल निसार को मुबारकवाद दी। चौधरी दिल निसार अहमद एडवोकेट सहारनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जॉनिसार अहमद के पुत्र हैं।





■ सरकार के खिलाफ नगीना अदालत में चल रहे मामले पर दिया स्टे

# महिलाओं के शिक्षित होने से समाज बदला: राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केजीएमयू के 21वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पहले समाज में महिलाएं बहुत पीछे थीं, पढ़ने की इच्छा होने के बावजूद उन्हें पढ़ने नहीं दिया जाता था। अब महिलाओं को मौका मिला है, मैंने देखा है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 80 प्रतिशत अवार्ड महिलाएं अपने नाम दर्ज करती हैं। समाज में बहुत बदलाव आया है।

इस दौरान कुल 2431 स्टूडेंट्स को ऑनलाइन डिग्री प्रदान की गई। 81 मेधावियों को मेडल और अवॉर्ड्स देकर सम्मानित किया गया। इनमें कुल 48 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहे। समारोह में 100 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल, 7 को सिल्वर, 2 को बुक प्राइज, 3 को कैश प्राइज और 7 को सर्टिफिकेट आफ ऑनर दिया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और यूपी भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. डा. सोनिया नित्यानंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा को व्यवसाय नहीं सेवा समझें, सेवाभाव से ही जरूरतमंद की मदद करना है। यहां से पास होकर निकला बड़ी उपलब्धि है। आपको मानवीय संवेदना के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और सेवाभाव से पूरी करनी है। आप सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं।



■ केजीएमयू के 21 वें दीक्षांत समारोह में 2431 छात्रों को डिग्रियां वितरित

### डाक्टर असंभव को संभव कर देते हैं: नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज के समय में बच्चे को अच्छी परवरिश देना माता-पिता के लिए तपस्या होती है। आप सबने अपने हुनर, तपस्या और लगन से असंभव को संभव किया है। एक रोगी को स्वस्थ बनाना चिकित्सक के ऊपर होता है, इसीलिए कहा जाता है कि चिकित्सक असंभव को भी संभव कर देते हैं। उन्होंने कहा कि केजीएमयू ने सिर्फ देश की सेवा नहीं की, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा की है। यहां कॉर्निया ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांस्प्लांट, नी ट्रांस्प्लांट और अब बोनमैरो ट्रांस्प्लांट भी होता है। आपके उत्कृष्ट रिजल्ट के लिए आप सभी को ढेरों बधाई, यह स्वर्णिम क्षण है। नड्डा ने कहा कि 1950 के दशक में एक कांसेप्ट के तहत नेशनल मेडिकल काउंसिल खोला गया।

## जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दो टूक

# कबूतरबाजों पर सख्त कार्रवाई करें अधिकारी

**गोरखपुर, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाए। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है, हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। सीएम योगी ने जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने के मामले पर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है। जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।

मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।



धोखाधड़ी करने वालों से पीड़ित का पैसा भी वापस कराकर इंसाफ दिलाएं

### अखिलेश किसी को बचा नहीं पाएंगे: मौर्य

**लखनऊ।** यूपी के कफ सिरप कोडीन मामले पर बीजेपी एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने बीते दिन सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ कफ सिरप मामले के आरोपी आलोक सिंह की फोटो पोस्ट की थी, जिसके बाद से ही कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं । पूरे मामले सीएम योगी ने जांच के आदेश दिए हैं, वहीं अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने भी अखिलेश पर हमला बोला है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी और माफिया एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं। कोडीन कफ सिरप के पीछे जो भी दोषी होगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस और ईडी की जांच चल रही है, अखिलेश यादव किसी को नहीं बचा सकते हैं। कफ सिरप मामले में बीजेपी लगातार समाजवादी पार्टी पर हमलावर है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोपियों की तस्वीरें कई नेताओं के साथ सामने आ चुकी हैं। इस मामले में लगातार एक्शन भी लिया जा रहा है।

# हिजाब मामला: सीएम नीतीश को पश्चाताप करना चाहिए: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का डाक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब खींचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विवाद को खत्म करने और पश्चाताप करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि खासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण, विवाद का रूप लेकर यह लगातार तूल पकड़ता ही जा रहा है, जो दुखद व दुभाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह मामला पहली नजर में ही महिला सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा होने के कारण माननीय मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से अब तक सुलझ जाना चाहिये था। मायावती ने कहा कि खासकर तब जब कई जगहों पर ऐसी अन्य वारदातें भी सुनने को मिल रही हैं। अच्छा होगा कि मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखते हुए इसके लिए पश्चाताप कर लें और कड़वा होते जा रहे इस विवाद को यहीं पर खत्म करने का प्रयास करें। बसपा सुप्रीमो ने उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला पुलिस की तरफ से एक कथावाचक को सलामी दिए जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस परेड में स्थापित परम्परा और नियमों से हटकर एक कथावाचक को सलामी देने का मामला भी काफी बड़े विवाद में है, इसको लेकर सरकार कठघरे में है।



■ विधानसभा सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के विवाद के बीच उलझा



**सेंसेक्स** 85213.36
**निफ्टी** 26027.30



**सोना रु.** 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 192222
प्रति किलो



# सम्भल में चार हैवानों को उम्रकैद

## मासूम बेटी के सामने मां के साथ की थी दरिंदगी, शव जलाया था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** यूपी के सम्भल जिले की अदालत ने चार हैवानों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन्होंने 7 साल पहले एक मासूम बच्ची के सामने उसकी मां के साथ गैंगरेप किया था। वारदात के बाद महिला के शव को हवन कुंड में डालकर जला दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे बहुत ही शर्मनाक और अमानवीय बताते हुए चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला सम्भल के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 25 साल की विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। उसके पति दिल्ली में मजदूरी करते थे। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि 13 जुलाई 2018 की रात महावीर, कुंवरपाल, जयवीर और एक नाबालिग लड़के ने महिला के घर में जबरन घुसकर गैंगरेप किया। इस दौरान इस महिला की 7 साल की बच्ची चीखती-चिल्लाती रह गई।

जब दोषियों ने महिला को हवनकुंड में डाल दिया, तो बच्ची बेहोश हो गई थी। कुछ देर बाद बच्ची को होश आया, तो उसने अपने ममेरे भाई को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे ममेरे भाई ने बच्ची के साथ थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही उसके कपड़ों पर गिरे सीमन की डीएनए जांच कराई। इससे आरोपियों की पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इस मामले में सभी जरूरी साक्ष्य एंव गवाहों को जुटाकर मजबूत चार्जशीट तैयार की थी। अदालत में मामले की सुनवाई 7 साल तक चली। इस दौरान विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अवधेश कुमार की कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 1 लाख 12 जुर्माना भी लगाया है, हालांकि मृतका के परिजनों ने कोर्ट में सभी दोषियों के लिए फांसी की मांग की थी। कोर्ट ने अपने फैसले में जुर्माने की रकम में से 2 लाख रुपए पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया है।

■ सात साल बाद बेटी को मिला इंसाफ

# शांति विधेयक में जल्दबाजी परमाणु दायित्व पर अमेरिकी दबाव का परिणाम: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र में परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले शांति विधेयक को पारित करने को परमाणु दायित्व से संबंधित नियमों पर अमेरिकी दबाव से जुड़ा करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के एक हिस्से में भारत का जिक्र है जिसमें परमाणु दायित्व नियमों पर अमेरिका और भारत के बीच संयुक्त मूल्यांकन का उल्लेख किया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शांति विधेयक को लेकर सरकार की जल्दबाजी समझ आ गई है कि यह शांति विधेयक वास्तव में 'ट्रम्प विधेयक' है जिसमें रिएक्टर उपयोग और प्रबंधन वादा अधिनियम है, इस कानून का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करना है। उनका कहना था कि संसद में इसी सप्ताह पारित शांति विधेयक, परमाणु क्षति में नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 के प्रमुख प्रावधानों को कमजोर करता है, जिससे सुरक्षा और दायित्व पर चिंताएं पैदा होती हैं। विपक्षी दलों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इस विधेयक प्रावधान सुरक्षा से समझौता करने वाले हैं और निजी कंपनियों को लाभ पहुंच. ाने वाला है। उनका कहना था कि खासकर छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के लिए इस विधेयक के प्रावधान यही कहते हैं।

# चावल, चीनी और दालों में रही नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए, जबकि गेहूं की कीमत स्थिर रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 40 रुपये घटकर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर लगभग स्थिर रहा। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल औसतन 93 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 73 रुपये और चना दाल की 57 रुपये घट गई। मूंग दाल में 45 रुपये और उड़द दाल में 38 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 41 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत में तीन रुपये की वृद्धि हुई। सरसों तेल के दाम लगभग स्थिर रहे। मूंगफली तेल 75 रुपये और वनस्पति 43 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7778.81 रुपये, मसूर काली 8098.20 रुपये, मूंग दाल 10077.20 रुपये, उड़द दाल 10331.02 रुपये, तुअर दाल 10474.97 रुपये प्रति क्विंटल । अनाज : गेहूं दड़ा 2858.33 रुपये और चावल 3826.69 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4318.80 रुपये और गुड़ 4999.87 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17648.52 रुपये, मूंगफली तेल 17687.78 रुपये, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपये, सोया तेल 13770.86 रुपये, पाम ऑयल 12486.45 रुपये और वनस्पति 14454.29 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मोदी का...** शिकार हुए हैं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। जो घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की वह कामना करते हैं। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि नादिया वो भूमि है, जहां करुणा और भक्ति के स्वरूप चैतन्य प्रभु प्रकट हुए। पश्चिम बंगाल की यह भूमि बंकिम बाबू की भूमि है। ऋषि बंकिम ने वंदेमातरम के जरिये नई चेतना प्रकट की। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की लक्ष्य की प्राप्ति में केंद्र सरकार हर देशवासी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। सरकार ऐसी नीति बना रही है कि हर भाई-बहनों का सामर्थ्य बढ़े। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को दो बड़े हाई-वे प्रोजेक्ट मिले हैं। इससे इस क्षेत्र की कोलकाता और सिलीगुड़ी की कनेक्टिविटी बेहतर होने वाली है। मउन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

**मनरेगा के लिए...** 20 साल पहले डा. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक़ दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिये महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू से ही इस योजना को महत्व नहीं दे रही है और पिछले 11 साल में उसने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। अफसोस इस बात का है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। इस योजना से न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरूप भी बिना विचार-विमर्श, बिना किसी से सलाह-मशवरा और विपक्ष को विश्वास में लिए बिना मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। बीस साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।

# यूपी के 21 जिलों में कोहरे और ठंड का रेड अलर्ट, बढ़ेगी सर्दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्य कड़ाके की ठंड का कहर झेल रहे हैं, लोग ठंड से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय अपना रहे हैं। इसी बीच मौसम विभाग की तरफ से उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में घने कोहरे और ठंड को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी से साफ जाहिर है कि आने वाले दिनों अभी और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। प्रदेश के 21 जिलों में जबरदस्त ठंड की चेतावनी जारी की गई है। वहीं कोहरे से कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, आजमगढ़, बहराइच, श्रावस्ती, कानपुर देहात के अलावा फतेहपुर, कौशांबी और प्रयागराज में घना कोहरा होने की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अगले पांच दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और कहीं- कहीं हल्के से मध्यम कोहरा होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी के कुछ स्थानों घना से अत्यंत घना कोहरा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2 दिन तक अधिकतम तापमान राज्य में दिन के समय में बड़े उतार-चढ़ाव की संभावना है और अधिकतम तापमान, सामान्य तापमान से नीचे रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में अगले 4-5 दिनों में धीरे-धीरे लगभग 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

### प्रयागराज में अतीक की कुर्क जमीन को बेचने के प्रयास में भूमाफिया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे गैंगस्टर की धारा में कुर्क की गई माफिया अतीक अहमद घे घ्मीन को भूमाफिया प्लाटिंग कर बेचने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि माफिया अतीक अहमद डी अपराध से अर्जित घ्मीनो घे गैंगस्टर डी धारा मे कुर्क किया गया था। अब भू माफिया उसी घे बेचने से भी पीछे नही हट रहें। एयरपोर्ट इलाके के सिलना भिटी मे गैंगस्टर मे कुर्क करोघें घे घ्मीन पर अब न तो कुर्की का बोर्ड हैं और न ही कोई ऐसी पहचान कि जिससे पता चले ि ये घ्मीन कुर्क की गई हैं। मामला घ्ब सुर्खियों मे आया तो पुलिस ने खुद वादी बन अंचला इंघ्र टेक कम्पनी के डायरेक्टर केशव सिंह और बेली निवासी खुशनुमा के खिलाफ एयरपोर्ट थाने मे शुक्रवार की देर शाम मुकदमा दर्ज कराया हैं। एफआईआर मे साफ साफ लिखा हैं कि लाभ कमाने के लिए इन लोगो नें कुर्क घ्मीन पर प्लाटिंग कर डाली, खास बात यह है कि केशव सिंह अतीक अहमद का करीबी हैं,और कुर्क घ्मीन के इस खेल मे अतीक से जुध्े कई और लोग भी शामिल हैं।

### हिजाब विवाद: देश में मुसलमान होना गुनाह: सपा

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मुस्लिम महिला का हिजाब हटाने की कड़ी निंदा की और कहा है कि सीएम ने महिला के साथ जो किया है, वो बेहद गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा नेता ने कहा कि देश में मुसलमान होना गुनाह है, देश में अब मुस्लिम बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है, उन्हें गद्दार बोला जा रहा है, देश से निकालने के लिए बोल रहे हैं। नेता ने कहा कि उन्होंने कभी ये नहीं कहा कि खान मेयर बने, बल्कि ये कहा कि एक अच्छा इंसान मेयर होना चाहिए। अबू आजमी ने कहा कि संसद में भी ईशनिंदा बिल लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बात करेंगे।

# फर्जी लोन से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**दलाल ने महिला के नाम लोन कराकर हड़पे रूपये, मचा कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बुढ़ाना।** एक मिनी बैंक के दलाल ने एक अनपढ़ महिला का फर्जी लोन कराकर उसके रुपये हडप कर लिए। उधर बैंककर्मी महिला को किश्त न भरने पर प्रताड़ित करते रहे। तब महिला ने रोज रोज की प्रताडना से तंग आकर अपने गले में दुपट्टा डालकर घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है। उधर भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद ने मृतका के घर पहुंचकर उसके बच्चों को सांत्वना दी।


बुढ़ाना कोतवाली की चंधेडी रोड सफीपुर पट्टी के मौहल्ला आदर्श कॉलोनी की निवासी लगभग 30 साल की नाजमीन पत्नि फिरोज मेवाती योगपुरा मंदिर के पास स्थित भारत नामक किसी बैंक से जुड़ी है। उसने इस बैंक से पहले कोई लोन लिया था जो उसने समय पर अदा कर दिया था। अब बैंक के दलाल बुढ़ाना निवासी नाथीराम प्रजापति ने महिला के द्वारा दिए गये डाक्यूमेंटस के आधार पर किसी फ्री योजना का झांसा देकर उक्तबैंक से किसी तरह से 30 हजार रुपये का लोन कराकर खुद हड़पकर लिया जबकि महिला के खाते में लोन का एक रुपया भी नही आया। इस लोन की किश्तें लेने के लिए उक्तबैंक के कर्मी हर दूसरे तीसरे दिन महिला नाजमीन के घर पर जा रहे थे जबकि महिला हर बार लोन लेने से इंकार कर रही थी। जब महिला पर रूपये देने का दबाव बनाया तो मौत का रास्ता चुना और बेबस और मजबूर महिला ने रात्रि के समय पट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात्रि के समय मासूम बच्चे बेटे अफजल की आंख खुली तो वह मां का शव फांसी पर लटका देखकर रोने व चिल्लाने लगा। परिवार भी यहां पहुंचा और नाजमीन का शव देखकर सभी लोग रोने बिलखने लगे। पति फिरोज भी जागा और मौहल्ले के लोग भी यहां पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद बुढ़ाना चौकी इंचाज संदीप कुमार पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल और सीओ बुढ़ाना को भी इसकी जानकारी दी गई। मृतका के दो पुत्र और एक पुत्री बताई गयी है।

**नाथीराम पहले भी डकार चुका लोन की रकम:** बैंक दलाल नाथीराम की ये कोई नई शिकायत नहीं है। इससे पहले भी वह मृतका नाजमीन के देवर शाहरोज पुत्र शाजर के बीते वर्ष जून माह में इसी बैंक से लिए लोन के 32 हजार रुपये डकार चुका है। जिसकी शिकायत बुढ़ाना पुलिस को शाहरोज द्वारा की गयी थी तो पुलिस ने नाथीराम को पकड़कर पूरा लोन उससे अदा करवाया था। जिसमें शाहरोज की जान बच गयी थी। वहीं चंधेडी रोड के निवासी श्रवण से भी उक्तदलाल ने 40 हजार रुपये का लोन कराकर उसकी रकम हड़प ली थी। इन घटनाओं से ये लगता है कि बैंककर्मियों की भी इस दलाल के साथ कहीं ना कहीं संलिप्तता है।

**पति शक के दायरे में:** इस मामले में अगर चर्चाओं पर भी गौर की जाए तो मृतका के परिजनों के अनुसार उनका दामाद उनकी पुत्री को परेशान रखता था। वह शराब का भी आदि था। संभवत: उसने ही उनकी पुत्री की हत्या ना कर दी हो। इन चर्चाओं पर भी बुढ़ाना पुलिस ने अपना काम शुरु कर दिया है।

# तिरंगे में लिपटकर आया सिपाही इरफान का पार्थिव शरीर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पीएसी में तैनात सिपाही गुलजार उस्मानी का शव आज शनिवार की अल सुबह लखनऊ से उनके पेतृक आवास पर आया तो हजारों आंखें नम हो गयी। बुढ़ाना कस्बे के सठेडी रोड निवासी पीएसी के सिपाही गुलजार उस्मानी का पार्थिव शरीर लखनऊ में निधन के तीसरे दिन उनके पैतृक गांव सफीपुर पटी सठेडी रोड पर पहुंचा। बीती 18 तारीख को लखनऊ में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। जवान का शव तिरंगे में लिपटकर लाया गया। यहां पीएसी के दरोगा अनुज कुमार और उनके नौ कांस्टेबल साथियों ने गुलजार उस्मानी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पीएसी के साथियों ने बताया कि गुलजार अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद कमरे में सोए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। जब वह दोबारा ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथी वीरेंद्र ने कमरे में जाकर देखा। गुलजार अचेत अवस्था में मिले और उनके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया। मृतक गुलजार की शादी लगभग दो वर्ष पहले जनपद शामली के इस्सोपुर कील में सितारा बेगम के साथ हुई थी और उनकी 11 महीने की एक बेटी भी है।

वह अपने चार भाई-बहनों में से एक थे। उनके पिता का नाम शराफत अली है। गुलजार 49वीं पीएससी वाहिनी में वर्ष 2019 में भर्ती हुए। उनकी ड्यूटी लखनऊ में मंत्री सचिव के गार्ड के रूप में चल रही थी। जवान के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। घरों की छतों पर भी भीड़ जमा थी। यहां अभिलाषी जनसेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगी नसीरुद्दीन उस्मानी, बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री, मास्टर याकूब, तोसीफ राही, पूर्व सभासद गुलशेर अहमद, नोशाद उस्मानी, जाकिर उस्मानी और शहजाद अहमद आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

### अपनी शादी के कार्ड बांटने गये युवक की मौत

**बुढ़ाना।** अपनी शादी के कार्ड बांटने गए युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। युवक की एक सप्ताह बाद शादी होनी थी और इस घटना से शादी की खुशियां गम में बदल गई। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा माजरा निवासी नितिन कुमार की आगामी 26 दिसम्बर को कहीं बारात जानी थी।

वह बाइक पर अपनी शादी के कार्ड अपनी रिश्तेदारियों में बांट रहा था। जब वह शादी के कार्ड जनपद बागपत के थाना दोघट क्षेत्र में गांव में दाहा वाया पलड़ी मार्ग पर आया तो एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार नितिन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के टांडा माजरा गांव निवासी नितिन कुमार के रूप में हुई। जो कि अपनी शादी के कार्ड बांटने निकला था।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

# नवजात बच्ची का शव खींचते रहे कुत्ते

**कोहरे की ठंड से बच्ची की हुई मौत, पुलिस मौके पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रात के अंधेरे में किए गए पाप को छुपाने के लिए एक पत्थर दिल मां ने नवजात को बोरे में बंद कर कूडेदान में फेंक दिया। दुनिया में आई इस नवजात को अभी तक न तो मां का पता और न ही सर्दी-गर्मी का। क्षेत्र के लोगों ने जब बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो जब वह यहां पहुंचे तो आस-पास कुत्ते खडे हुए थे और बोरी को अपनी ओर खींच रहे थे। लोगों की भीड की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी सांसे थम चुकी थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बच्ची की मां तक पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक इस पत्थर दिल मां का पता नहीं चला। बता दे कि पिछले दिनों एसपी सिटी ने ऐसे ही मामले का खुलसा कर नवजात शीशू को फेंकने वाले महिला को जेल भेजा था फिलहाल नवजात शीशू की मौत के बाद तितावी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को छतेला नगला मार्ग पर पुरानी सोसाइटी के पास से गुजर रहे लोगों ने जब एक बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो वह इधर-उधर देखने लगे कि घर में बच्चा रो रहा है, लेकिन जब हकीकत उनके सामने आई तो लोगों के दिल पसीज गए और कुछ लोगों के तो आंख भी भर आई, क्योकि एक कूडेदान में बोरे में बंद बच्चा रो रहा था और यहां कुत्ता का झुंड भी खडा हुआ था। लोगों का यह भी कहना था कि बोरी में बंद रो रहे बच्चे को कुत्ते खींचने का प्रयास कर रहे थे तितावी पुलिस को दी गई तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोगों का कहना था कि जिस समय पुलिस मौके पर पहुंची उस सयम भी बच्ची की सांसे चल रही थी पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बच्ची को अस्पताल पहुंच. ाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी सांसे थम गई। कुल मिलाकर यहां से गुजर रही महिलाएं व लोग इस पत्थर दिल मां को कोसते हुए नजर आए। कुछ लोग तो साफ कह रहे थे कि रात के अंधेरे में किए पाप को छिपाने के लिए एक पत्थर दिल मां ने अपने नवजात शीशू को कांपती ठंड में कूडेदान में फेंक दिया और ऐसी पत्थर दिल मां का अपने जीगर के टुकडे को फेंकते हुए दिल भी नहीं पसीजा। अब पुलिस उस पत्थर दिल मां की तलाश में है जिसने इस नवजात शीशू को कडाके सर्दी में कूडेदान में फेंका है। लोगों का कहना है कि यदि बच्ची जिंदा होती तो वह इसको अपना नाम दे दे देते।

# असम से अपहृत कर लाई गई किशोरी बेगराजपुर से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग ने असम से अपहृत की गई किशोरी को बरामद किया है। थाना एएचटी ने बरामद किशोरी को निदेशक मिशन मुक्ति फाउंटेशन दिल्ली और जिल प्रोबेशन कार्यालय द्वारा एक टीम बनाई गई और बरामदगी के बाद किशोरी को वन-स्टॉप सेन्टर के सुपुर्द कर दिया गया।

बताया जाता है कि थाना एएचटी को सूचना मिली कि एक किशोरी को असम से अह्हरण किया गया है और उक्त किशोरी को बेगराजपुर के ओद्योगिक क्षेत्र में रखा गया है। इस थाने के प्रभारी निरीक्षक जय सिंह भाटी और विरेन्द्र कुमार निदेशक मिशन मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली और मीना त्यागी जिला प्रोबेशन कार्यालय, काउंसलर राखी और चाइल्ड हेल्प लाइन ने एक संयुक्त टीम बनाई। इसके बाद पूरी टीम ने बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक स्थान पर छापा मारकर अपहृत की गई किशोरी को बरामद कर इस संबंध में वन-स्टॉप सेन्टर को अवगत कराया गया। जानकारी करने पर पता चला कि असम से अपहरण करके लाई गई किशोरी के संबंध में थाना तमुलपुर असम में अपराध संख्या 240/2020 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। फिलहाल टीम ने किशोरी को वन-स्टॉप सेन्टर पर सुरक्षित रख दिया है और इसकी जानकारी असम पुलिस को दे दी है।

# प्रदूषण में जनपद का नाम सबसे आगे

**भाकिय (अ) ने कूडे से भरे वाहन पकड़े, किया हंगामा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले की गिनती भारत के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में हो रही है किसान इसके लिए जिले की पेपर मिलो लोहा इंडस्ट्री वह अन्य फैक्ट्री को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं जो ईंधन के नाम पर प्रदूषण कचरा फैक्ट्री में जलाकर बॉयलर चला रहे हैं।

जनपद मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने पेपर मिलो में सप्लाई को जा रहे आरडीएफ(रीसाइकल डिवाई फ्यूल) से भरी गाड़ियों को भोपा रोड इंडस्ट्रियल एरिया में पकड़ा तथा जोरदार हंगामा किया जिससे जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया तथा फैक्ट्री मालिक को ने इसे उत्पीड़न आत्मक कार्यवाही बताते हुए का कि यदि ऐसे ही हालात बने तो उन्हें फैक्ट्रियां बंद करनी पड़ेगी। दूसरी और प्रदर्शन करने वाले किसानों का आरोप है कि पेपर मिलो के द्वारा प्रदूषण कचरा जलाने के कारण मुजफ्फरनगर ही नहीं तमाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा गाड़िया पकड़ने पर हड़कंप मच गया। पेपर मिल मालिकों का कहना है कि आंदोलन की आड़ में उन पर दबाव बनाया जा रहा है जबकि वह प्रदूषण विभाग की गाइडलाइन के अनुसार ही इस प्रकार का ईंधन जला रहे हैं। प्रदूषण अधिकारीयो सहित नायब तहसीलदार व पुलिस भी मौजूद रही। प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गीतेश चंद्रा का कहना है किजनपद मुजफ्फरनगर में 21 फैक्ट्रियों ने आरडीएफ (रीसाइकल डिवाई फ्यूल) जलाने के लिए परमिशन ले रखी है। यह आरडीएफ वैसे तो प्रदूषण फैलाता हे लेकिन इस आरडीएफ को जलाने के लिए फैक्ट्री मालिकों को मानकों के तहत फैक्ट्री में आरडीएफ संबंधित उपकरण लगाने पड़ते हे। हाई लेवल की भट्टी चिमनियों के ऊपर मानकों के अनुरूप उपकरण आदि संबंधित अगर उपकरण लगे हो तो यह आरडीएफ (रीसाइकल डिवाई फ्यूल) प्रदूषण नहीं फैलाता हे ओर ना ही हानिकारक होता हैं।

प्रदूषण अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि बाहर रोड पर अगर आरडीएफ गाड़ियों से गिरता हे तो इसकी सफाई की जिम्मेदारी फैक्ट्री मालिकों की हे ओर साथ ही अगर ओवरलोड है तो आरटीओ विभाग की इन पर कार्यवाही बनती है। प्रदूषण अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया मौके पर प्रदूषण विभाग के अधिकारी मौजूद हे जो किसान यूनियन से बात. चीत कर उन्हें समझाया जा रहा है।

## कोयले की कमी से सरकार ने बायलर में जलाने पर दिया प्रोत्साहन:पंकज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के पूर्व चेयरमैन उद्यमी पंकज अग्रवाल का कहना है कि भारत में कोयले की कमी की वजह से सरकार ने बायलर में आरडीएफ (रिफ्यूज़ डिराइव्ड फ्यूल) जलाने पर प्रोत्साहन दिया है। यह एक अच्छा कदम है क्योंकि आरडीएफ कोयले की तुलना में अधिक पर्यावरण-अनुकूल है। आरडीएफ वह ईंधन है जो नगर ठोस कचरे को प्रसंस्करण के बाद तैयार किया जाता है। यह कचरे को उपयोगी ऊर्जा में बदलता है और लैंडफिल में जाने वाले कचरे की मात्रा कम करता है। आरडीएफ से निकलने वाला शुद्ध कार्बन उत्सर्जन कोयले की तुलना में कम है। मुजफ्फरनगर की पेपर मिलों ने इस योजना में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है और कई अरब रुपया नए बॉइलरो में निवेश किया है। यहाँ जो बायलर लगे है उनपर ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लगा है जिसकी डिटेल हर घंटे यूपी पॉल्यूशन और सीपीसीबी पहुँच जाती है। लेकिन कुछ लोग स्वयं भ्रमित है और अन्य लोगो को भी भ्रमित कर कह रहे है कि यह अधिक प्रदूषण फैलाता है जो कि सत्य नहीं है। दिल्ली में इस तरह के 8 से जूयादा बायलर चल रहे है।

# मण्डलायुक्त ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुज़फ्फरनगर।** शनिवार को मण्डल आयुक्त सहारनपुर डॉक्टर रूपेश की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्युत संबंधित, सिंचाई विभाग से संबंधित और राशन कार्ड तथा भूमि विवाद व नगर पालिका और नगर पंचायत राजस्व से संबंधित तथा श्रम विभाग से संबंधित और पेंशन, विद्युत विभाग से संबंधित सड़क आदि की शिकायते आई। मण्डलायुक्त ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और समझा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस के शिकायत रजिस्टर का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान शिकायतकर्ता अमर पाल आदि से फोन पर वार्ता कर फीड बैक किया इसी दौरान नीत रामधन से भी शिकायत का फीड बैक भी लिया गया। इस मौके पर कई शिकायतकर्ता की शिकायत का संबंधित अधिकारी द्वारा निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस में शिकायत सुन रहे मण्डलायुक्त सहारनपुर ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों का अधिकारी मौके पर जाकर निस्तारण करे यदि ऐसी शिकायत जिसका निस्तारण नहीं हो सकता तो उनसे शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। उन्होने कहा कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करे। उन्होने कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए और जिस शिकायत में लापरवाही पाई जाएगी उस संबंधित विभाग के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुई जहां संबंधित शिकायत के आधार पर अधिकारियों ने पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

उन्होने शिकायतों के संबंध में फीड बैक लेकर और मौके का फोटो भी कराने के आदेश दिए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, एसडीएम सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी, तहसीलदार सदर राधेश्याम, सीओ सदर डॉक्टर रवि शंकर, नायब तहसीलदार आदि अधिकारी व कर्मचारी रहे।

# महिला के अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल

**पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध किया मामला दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक महिला के अश्लील फोटो अलग अलग नाम की कई इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दिए। महिला के पति को जब इस बात का पता लगा तो उसने बुढ़ाना पुलिस को अज्ञात लोगों की कारगुजारी के बारे में जानकारी दी तो बुढ़ाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात लोगों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी पत्नि के अश्लील फोटो किसी सोनिया नाम सहित अन्य कई इंस्टाग्राम आईडी पर अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा विगत दिवस वायरल कर दिए गये हैं। जिसके चलते गांव में उसकी बहुत बदनामी हो रही है। उसकी पत्नि भी इन अश्लील फोटोओं के वायरल होने के बाद से काफी सदमे में है और परेशान है। अब पीडित ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस से अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद अज्ञात लोगों की तलाश शुरु कर दी है।



मुजफ्फरनगर: कचरे से भरे वाहनों को रोककर धरने पर बैठे भाकियू (अ) के पदाधिकारी।

# शादी का झांसा देकर किशोरी को लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/फुगाना।** शादी का झांसा देकर गांव के ही कुछ नवयुवक अल्पसंख्यक समुदाय की एक नाबा. लिग किशोरी को लेकर फरार हो गये। उधर शिकायत होने पर फुगाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर गायब किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए हैं। इस घटना को लेकर गांव में तनाव बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मेरी 16 वर्षीया नाबालिग बहन बीती 19 दिसम्बर की प्रथम रात्रि में लगभग डेढ बजे घर से बिना बताये कहीं पर चली गई है। हमने अपनी गायब बहन को काफी जगहों पर खूब तलाश किया लेकिन उसका कोई भी पता नही चल पाया है। उधर किसी के द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई है कि मेरी बहन को मेरे ही गांव का जोगिन्द्र कुमार पुत्र गोपी चन्द बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर कहीं अज्ञात स्थान पर ले गया है। इस काम मे जोगिन्द्र के भाई रवि और उनके रिश्तेदारों ने भी मदद की है। पीड़ित ने फुगाना पुलिस से अपनी नाबालिग बहन की सकुशल बरामदगी की मांग की है। उधर फुगाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों और नाबालिग किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए।

# बंद मकानों पर बदमाशों की नजर, खाकी को फिर खुली चुनौती

## दो सप्ताह पुरानी लूट जैसा ही पैटर्न, जैन नगर में लाखों की चोरी से हड़कंप

**शाह टाइम्स सवांददाता**



**खतौली।** नगर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि पुलिस की सक्रियता भी उन्हें रोक पाने में नाकाम नजर आ रही है। कोतवाली क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व हुई लाखों की लूट का रहस्य अभी सुलझा भी नहीं था कि अब जैन नगर इलाके में बंद पड़े मकान से बड़ी चोरी की वारदात सामने आ गई। खास बात यह है कि दोनों घटनाओं में बदमाशों ने लगभग एक जैसा तरीका अपनाया, जिससे किसी संगठित गिरोह के सक्रिय होने की आशंका गहराने लगी है।

**शादी में गया परिवार, सूना मकान बना निशाना:** जैन नगर निवासी इस्लामुद्दीन पुत्र अब्दुल हमीद शुक्रवार रात परिवार सहित अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए खतौली भूड़ गए थे। घर का ताला लगाकर चाबी पड़ोसी के पास छोड़ दी गई थी। देर रात परिवार लौट आया, लेकिन शनिवार सुबह जब महिला सदस्य खुर्शीदा ने अलमारी खोली, तो घर में चोरी का खुलासा हुआ। सेफ अलमारी से करीब पांच तोले सोने के जेवर, 300 ग्राम चांदी, ढाई लाख रुपये नकद और बच्चों की गुल्लक में रखी रकम गायब मिली। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर करीब 10 लाख रुपये से अधिक का माल ले उड़े।

**छत के रास्ते घुसे चोर, सेफ बंद मिली:** परिजनों ने बताया कि बदमाश मेन गेट की दीवार फांदकर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। हैरानी की बात यह रही कि सेफ अलमारी बाहर से बंद मिली, जैसी वह पहले थी। इससे साफ है कि चोरी को बेहद योजनाबद्ध और शातिर तरीके से अंजाम दिया गया।

**पुरानी लूट से चौंकाने वाली समानता:** गौरतलब है कि ठीक दो सप्ताह पहले कोतवाली के पीछे चंद कदमों की दूरी पर हुई लाखों की लूट में भी पीड़ित परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। दोनों घटनाओं का तरीका और परिस्थितियां एक जैसी होने से यह आशंका जताई जा रही है कि किसी गिरोह ने पहले से रेकी कर वारदातों को अंजाम दिया है।

**पुलिस के लिए बढ़ी चुनौती:** पीड़ित इस्लामुद्दीन ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले के शीघ्र खुलासे और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही बड़ी चोरी और लूट की घटनाओं से नगरवासियों में भय का माहौल है। एक ओर जहां पुरानी लूट का खुलासा अब तक नहीं हो सका है, वहीं नई चोरी की वारदात ने पुलिस की कार्यशैली और कानून-व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस इस घटना को संदिग्ध मान कर चल रही है।



मुजफ्फरनगर: घने कोहरे में अपने गंतव्य की ओर जाते राहगीर।

# राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने करोड़ों की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नरेंद्र कश्यप ने आज जनपद की चरथावल विधानसभा में विकास की नई इबारत लिखते हुए विभिन्न नवनिर्मित सी.सी. रोड का भव्य उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में अपनी विधायक निधि से हुए अभूतपूर्व कार्यों का लेखा-जोखा भी जनता के सामने रखा।

**गांवों में सड़कों का लोकार्पण**

राज्यमंत्री मंत्री ने आज तीन महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच कर उद्घाटन संपन्न किए

'ग्राम सिकन्दरपुर प्रथम सड़क का लोकार्पण कर ग्रामीणों को सुगम यातायात की सौगात दी।

' ग्राम मथुरा की सड़क उद्घाटन के पश्चात जनसभा को भी संबोधित किया। ग्राम चोकड़ारू नवनिर्मित मार्ग का फीता काटकर जनसेवा में समर्पित किया। महापुरुषों का सम्मान और सांस्कृतिक गौरव को संबोधित करते हुए मा0 राज्यमंत्री श्री नरेंद्र कश्यप जी ने कहा कि चरथावल की धरती पर सभी समाज के महापुरुषों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनके नाम से भव्य स्मृति द्वारों (गेट) का निर्माण कराया गया है।

उन्होंने कहा, ष्हमारी सरकार ने महापुरुषों के आदर्शों को जीवित रखने के लिए विधानसभा के विभिन्न प्रवेश द्वारों और चौराहों पर स्मृति गेट बनवाए गए ताकि आने बाली पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा ले सके।विद्युतीकरण और 5.5 करोड़ के अन्य विकास कार्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डालते हुए राज्यमंत्री ने बताया कि केवल सड़कें ही नहीं, बल्कि चरथावल के कोने-कोने को रोशन करने के लिए व्यापक स्तर पर विद्युतीकरण का कार्य कराया गया है।

इसके अतिरिक्त '5.5 करोड़ की लागत से क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल हेतु सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर की



व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बिजली की समस्या को दूर करने हेतु नए ट्रांसफार्मर और लाइनों का सुख्रढ़ीकरण किया गया है।

विकास की राजनीति ही हमारा संकल्प राज्यमंत्री ने कहा कि चरथावल को एक आदर्श विधानसभा बनाना ही उनका लक्ष्य है। बिना किसी भेदभाव के हर समाज और हर वर्ग के विकास के लिए विधायक निधि का उपयोग किया गया है। उन्होंने आश्वा. सन दिया कि आने वाले समय में क्षेत्र की शेष समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रति. निधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

# गैर जाति में करा दी युवती की शादी ,पुलिस से लगाई गुहार

## घटना पर भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने जताया रोष

**■ गांव के एक परिवार पर धोखाधडी का आरोप, जांच शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** धोखेबाज गैंग ने साजिश कर युवती की शादी गैर जाति के युवक से दुसरे राज्य मे करा दी जानकारी होने पर हंगामा खड़ा हो गया।पीड़िता ने थाने आकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की वहीं घटना को लेकर भीम आर्मी कार्यकर्ताओ ने भारी रोष प्रकट किया है।

भोपा थाना व गांव निवासी युवती शनिवार को अपने परिजनों व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंची। युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि गांव निवासी एक परिवार व उनकी शादीशुदा बेटी ने धोखाधड़ी कर बीते 15 दिसम्बर को उत्तराखंड के थाना खानपुर क्षेत्र के गांव निवासी गैर जाति के युवक से उसकी शादी करा दी। इसकी जानकारी उसे उस समय लगी जब वह अपनी ससुराल पहुंची। उसने इस बात का जिक्र अपने परिवार के लोगों से किया तो परिवार के दो-तीन युवक वहां पहुंच गए। आरोप है कि ससुरालजनो ने उसके तथा परिजनों के साथ गाली गलौच व मारपीट की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।वहीं भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने घटना पर भारी रोष प्रकट करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है

# मुठभेड़ में शातिर गोकश गिरफ्तार

**खतौली।** रतनपुरी थाना पुलिस ने शनिवार तड़के वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुठभेड़ में शातिर गोकश बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली लगाकर दबोच लिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उपचार के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है। पकड़ा गया बदमाश गौकशी के मामलों में लंबे समय से वांछित था और उस पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष रतनपुरी राकेश सिंह ने बताया कि शनिवार अल सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोयला गांव क्षेत्र का एक शातिर गोकश जंगल के रास्ते गौकशी की नीयत से जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गोयला गांव के जंगल क्षेत्र में पहुंचकर खतौलीख्रबुढ़ाना मार्ग पर वाहन चेकिंग शुरू की।इसी दौरान जंगल के रास्ते बाइक सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक बाइक मोड़कर भागने लगा और पुलिस टीम पर फायरिंग कर जंगल में घुस गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इलाके की घेराबंदी की और जवाबी फायरिंग में आरोपी को मुठभेड़ के दौरान घायल कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम गुलफाम पुत्र कुर्बान, निवासी ग्राम बुंटा, थाना गढ़ीपुख्ता, जनपद शामली तथा वर्तमान निवासी नंगला, थाना रतनपुरी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रतनपुरी थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब गौकशी में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बेहद शातिर किस्म का अपराधी है और लंबे समय से पुलिस की रडार पर था। उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय गौकशी गिरोह को बड़ा झटका लगा है।

# स्वास्थ्य मंत्री से क्षेत्र में एम्स अस्पताल की मांग की

**मोरना।** राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सरोहा ने भारत सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एवं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से भेंट कर उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए मुज़फ्फरनगर क्षेत्र मे एम्स अस्पताल बनवा देने की मांग की।साथ ही केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के द्वारा चौधरी चरण सिंह को दिए गए भारत रत्न सम्मान में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया सचिन सरोहा ने मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एम्स की मांग, जिस पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वा. सन दिया।

# महाराजा सूर्यवंशी शूर सैनी की भव्य शोभायात्रा का होगा आयोजन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सैनी समाज की ओर से भगवान श्रीराम के अनुज शत्रुघ्न के पुत्र तथा सैनी वंश के प्रवर्तक महाराजा सूर्यवंशी शूर सैनी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन 21 दिसंबर आज किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सैनी नगर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में बताया गया कि शोभायात्रा का शुभारंभ गंगनहर स्थित महाराजा भागीरथी घाट से होगा, जो घंटाघर, जानसठ तिराहा होते हुए सैनी नगर स्थित सैनी धर्मशाला पर संपन्न होगी।



इस शोभायात्रा का आयोजन सूर्यवंशी सैनी युवा समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। समिति के वरिष्ठ सदस्य श्यामलाल सैनी ने कहा कि यह शोभायात्रा समाज की आने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत और पूर्वजों की पहचान से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल का इतिहास गौरवशाली रहा है, जिसे समाज के बीच जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में समिति के अनेक पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें राधे प्रणामी (प्रदेश सचिव), सूर्यवंशी अनुज सैनी (संस्थापक), सचिन सैनी (युवा अध्यक्ष), एडवोकेट आकाश सैनी (कोषाध्यक्ष), हरीश सैनी (महामंत्री), ललित सैनी (आईटी सेल प्रभारी) सहित समिति की पूरी टीम शामिल रही। समिति ने समाज के सभी वर्गों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# योगेन्द्र वर्मा ने महाराज को शॉल उढाकर लिया आर्शीवाद

**मुज़फ्फ़रनगर** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा द्वारा आज कश्मीर शारदा पीठाधीशवर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ जी महाराज जी से आर्शीवाद लिया और उन्हें भगवा शोल उढाया। इस अवसर पर जगतगुरु जी ने कहा कि सनातन धर्म अविनाशी है जिसका कभी नाश नहीं होगा हमें से मजबूत करना होगा और हिंदुत्व को मजबूत करने के लिए अपने वेदों की ओर लौटना होगा सनातन को बचाने के लिए देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करना होगा तभी भारत विश्व गुरु बनेगा । इस्लाम के लिए शहीद होना सभी सनातनी इस बात का विशेष ध्यान रखें इस अवसर पर विश्व हिंदू पीठ के अध्यक्ष आचार्य मदन जी महाराज जी को भी योगेंद्र वर्मा जी द्वारा शाल उढाकर सम्मानित किया गया और उनसे भी आशीर्वाद प्राप्त किया और जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रम एक शाम देश के अमर बलिदानियों के नाम का निमंत्रण भी दिया जगतगुरु से आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साक्षी वर्मा अमित पहलवान देवयानी शर्मा छवि प्रजापति उपस्थित रहे

# हादसे में युवक घायल, भर्ती

**मीरापुर।** क्षेत्र के सम्भलहेड़ा-जटवाड़ा मार्ग पर शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया जहां उसको अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक की पहचान नीटिल पुत्र घसीटा के रूप में हुई है, जिसका मकान सम्भलहेड़ा जटवाड़ा मार्ग पर स्थित है। बताया गया कि नीटिल किसी कार्य से रिक्शा स्टैंड गया हुआ था। काम निपटाने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह सरकारी स्कूल के पास पहुंचा, तभी जटवाड़ा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो कार ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया और बाइक क्षतिगस्त हो गई। ग्रामीणों ने बुलेरो चालक को पकड लिया और घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# गाली के विरोध में पति को मिली धमकी

**मोरना।** क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने पत्नी को गाली देने व विरोध करने पर आरोपी द्वारा जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खोकनी निवासी नीरज ने बताया की उसकी पत्नी प्रतिदिन जंगल मे खेती का काम करने जाती है। रास्ते मे गांव निवासी अंकुश अकारण ही उसकी पत्नी को गलियां देता है।बीते बुधवार जब नीरज की पत्नी जंगल से घर लौट रही थी तभी आरोपी ने अश्लील गलियां देनी शुरू कर दी। नीरज ने आरोपी के घर जाकर गाली देने का कारण पूछा तो आरोपी ने उसे जान मारने की धमकी देते भविष्य मे अहित करने की चेतावनी दी है। जिसके बाद भयभीत हुए पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी अंकुश के खिलफ़ मुकदमा दर्ज किया है।

# 24वी बैडमिंडन प्रेतियोगिता का शुभारंभ

शाहपुर। एकता बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में आयोजित 24 वी बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार की शाम को भव्य रूप से किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता काटकर क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह चौहान तथा ख्रष्ण पाल ठेकेदार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता प्रदीप पाल, क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान एवं डॉ. प्रदीप चौहान ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर इरशाद सलमानी ने किया। मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी, कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता नवदीप मित्तल, रालोद नेता अभिषेक चौधरी, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, समाजसेवी ललित जैन, समाजसेवी विक्की जैन, सभासद सोनू सैनी, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. अब्बास अली, समाजवादी पाठ्ह शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल, रवि अरोरा, हरिओम पुंडीर, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, अगम जैन, सभासद मनोज सैनी, गुड्डू शर्मा, हिमांशु शर्मा, प्रजापति समाज के अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, अनिल सैनी, राहुल शर्मा, दीपक चौधरी, ग्राम शाहडबर प्रधान नीरज राठी आदि खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## रात अकेली है : द बंसल मर्डर्स.....


# नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक्टिंग में फिर पड़े सब पर भारी

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला काजीवाडा के रहने वाले दुनिया भर में मशहूर फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म रात अकेली है द बंसल मर्डर्स में फिर से नवाजुद्दीन सिद्दीकी करोड़ों दर्शकों के चहेते बन गये। उनकी इस फिल्म में एक्टिंग बहुत ही लाजवाब है।

ओटीटी पर रिलीज हो चुकी इस फिल्म में नवाजुद्दीनध् सिद्दीकी पुलिस इंस्पेक्टर बने हैं। जो हत्यारे को खोज निकालते हैं।घ् नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्टारर रात अकेली है द बंसल मर्डर्स ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है।

एक अमीर परिवार में हुए सनसनीखेज मर्डर और उससे जुड़ी परतें खोलती यह फिल्म। खास बात ये है कि यह 2020 में आई हिट फिल्म रात अकेली है का सीक्वल जरूर है लेकिन इसे ऐसे ढंग से बनाया गया है कि पूछो मत बस फिल्म को देखो। इस फिल्म की कहानी बंसल परिवार के आसपास घूमती है जो कि एक अमीर और नामी परिवार है लेकिन



एक ऐसी रात आती है इस घर में कि अचानक कई हत्याएं एक साथ हो जाती हैं। इस केस की जांच पुलिस इंस्पेक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी करते हैं। यह फिल्म बताती है अमीर परिवारों के अंदर कैसी कड़वी सच्चाइयां छुपी होती हैं।

अभिनय की बात करें तो नवा. जुद्दीन सिद्दीकी ने अपने किरदार को शानदार तरीके से निभाया है। जटिल यादव के रूप में उनकी थकान, तनाव और सिस्टम से लड़ाई का दर्द दर्शकों को असली लगता है। चित्रांगदा सिंह भी अपनी भूमिका में दमदार दिखाई देती हैं। उनका हर सीन ध्यान खींचता है। सहायक कलाकारों में रजत कपूर, दीप्ति नवल और रेवती ने बढ़िया एक्टिंग की है और अपने किरदारों को असल रूप दिया है।

भले ही राधिका आप्टे का स्क्रीन टाइम कम है मगर उनकी मौजूदगी असरदार लगती है। फिल्म की कहानी धीरे धीरे व गहराई के साथ आगे बढ़ती है। निर्देशक हनी त्रेहान ने फिल्म के माहौल, कैमरा वर्क और बैकग्राउंड पर काफी ध्यान दिया है। ख्रश्य और कैमरे का इस्तेमाल कहानी में रहस्य और डर को और ज्यादा बढ़ाता है। संगीत भी तनाव का माहौल बनाने में मदद करता है। फिल्म में संजय कपूर, शिवानी रघुवंशी, रिया शुक्ला, निशांत दा. हवा,श्वेता त्रिपाठी, पद्मावती राव, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, आदित्य श्रीवास्तव, रजत कपूर, इला अरुण, स्वानंद किरकिरे, तिग्मांशू धूलिया, अखिलेंद्र मिश्रा, प्रियंका सेतिया, नताशा रस्तोगी, श्रीधर दूबे, विजय कुमार डोगरा, रवि शाह, अजितेश गुप्ता, खालिद तवाबी, संजय कुमार, अभय जोशी, आशीष छिप्पा, मुक्तेश्वर ओझा, बलजिंदर कौर, रवि भूषण, इशिता यशपाल, लीना शर्मा और जीत राजपुरोहित जैसे और कलाकार भी हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरी हाईस्कूल यूपी बोर्ड वर्ष 2023-24 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1240511682 है वास्तव में कहीं खो गई है।

MOHD SAMEER S/o MOHD TALIB

निवासी:- पुरबालियान, शाहपुर रोड, मुजफ्फरनगर।



**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 7783-02/08/2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **हसनैन** अंकित नहीं कराया गया था। जिसका जन्म 12/07/2021 में हुआ था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया।

**मो0 फरमान पुत्र मो0 यूसुफ**

निवासी बघरा, जिला मुजफ्फरनगर

मोब0- 6398407861.


# ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुख्रढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में ओवरलोड वाहनों एवं कोहरे के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के क्रम में आज बुढ़ाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान गन्ने से भरे 03 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा गया। जांच के दौरान सभी वाहन निर्धारित मानक से अधिक भार वहन करते पाए गए। जिससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बनी रहती है। उक्त ओवरलोड वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। उधर बुढ़ाना पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गयी कि वे यातायात नियमों का पालन करें। ओवर लोड वाहनों का प्रयोग न करें तथा सुरक्षित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।


**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक: 6082/मु0वि0प्रा0/विज्ञापन/2025 दिनांक:- 20/12/2025

**प्रधानमन्त्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत पं0 दीन दयाल उपाध्याय योजना, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में 44 आवासों हेतु लॉटरी (ड्रा) के माध्यम से आवासों की आवंटन सूचना**

प्रधानमन्त्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत दीन दयाल उपाध्याय योजना, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में रिक्त आवासों हेतु आवेदन करने वाले (डूडा/सूडा से चयनित पात्र आवेदक की सूची के क्रम में) सम्बन्धित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.12.2025 को प्रात: 12.00 बजे से लॉटरी (ड्रॉ) आवंटन समाप्ति तक कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर स्थित हॉल में आधार कार्ड एवं पंजीकरण पुस्तिका (रसीद) आदि प्रपत्रों के साथ उपस्थित होने वाले आवेदकों के समक्ष शासन द्वारा गठित समिति द्वारा आवासों का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त योजना के अन्तर्गत डूडा द्वारा चयनित पात्र आवेदक नियत तिथि एवं समय पर आवंटन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**नोट**- अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सचिव उपाध्यक्ष


## जवान को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**मीरापुर।** लंबी बीमारी के चलते बीएसएफ में तैनात जवान का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव कासमपुर खोला में गमगीन माहौल में किया गया। इस दौरान बीएसएफ के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया और मातमी धुन बजाकर शहीद सरीखे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर खोला निवासी सोनू कपासिया पुत्र मदन सिंह कपासिया, उम्र लगभग 36 वर्ष, सीमा सुरक्षा बल द्धबीएसएफ्ऋ में जवान के पद पर तैनात थे। उनकी तैनाती काफी समय से मणिपुर बार्डर पर थी करीब एक वर्ष पूर्व वह गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए थे। चिकित्सकीय जांच के दौरान उन्हें लीवर कैंसर होने की पुष्टि हुई जहां मेरठ अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अन्तिम सांस ली। इसके बाद पूरे गांव में शोक फैल गया। जवान राजकीय सम्मान के साथ उनका पार्थिव शरीर लेकर गांव कासमपुर खोला पहुंचे। वहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेंद्र सिंह नागर, थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।


**सूचना**

मै मन्जु पत्नी कविन्द्र कुमार ने अपना नाम बदलकर अन्जू देवी रख लिया है भविष्य में मुझे अन्जू देवी पत्नी कविन्द्र कुमार के नाम से जाना जाए।

**मन्जु पत्नी कविन्द्र कुमार गांव घटायन तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर**



**सूचना**

हमारा पुत्र राहुल व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा हमारे व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं ये गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए हमने इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की हमारी व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**पूरणमल पुत्र अतरू व श्रीमती रविता पत्नी पूरणमल निवासीगण- ग्राम खान्नूपुर थाना मन्सूरपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।**


# चौरावाला में किसानों को जैविक खेती के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।**नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत द्वितीय वर्ष का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गांव चौरावाला मे आयोजित कराया गया जहां निकट वर्ती गांव मीरावाला के किसानों ने भी भाग लिया ।

कार्यक्रम मे कृषि अधिका. रियो द्वारा जैविक खेती के प्रति किसानो को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में नमामि गंगे की जिला प्रभारी पूनम यादव ने जैविक खेती परियोजना से जुड़े हुए किसानों को जीवामृत बीजा अमृत की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गयी पौधे में पोषक तत्व प्रबंधन तथा कीट नाशक प्रबंधन जैविक विधि को विस्तार से बताया गया विट्रोबायोटेक्नोलॉजी के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक डॉ. जेपी शर्मा के द्वारा किसानों को डीबीटी के माध्यम से भेजी जाने वाली धनराशि के बारे में बताया गया कि सभी किसान प्रथम वर्ष में जिन किसानों ने जैविक निवेश इकाई नहीं खरीदी है तत्काल जैविक निवेश इकाई से भी खरीदें और सत्यापन करके कार्यालय में बिल जमा करें जिससे कि किसानों को मिलने वाली धनराशि का भुगतान कराया जा सके जिन किसानों ने प्रथम वर्ष की जैविक निवेकाई खरीद रखी है वह किसान तत्काल द्वितीय वर्ष के बायोपेस्टिसाइड बायोफर्टिलाइजर के बिल कार्यालय में जमा करें इस पर किसानों के साथ विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में सेंकड़ो किसानों ने भाग लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रईस अहमद ने की इस दौरान किसान धनपाल सिंह, वीरसिंह, सुरेश कुमार, प्रीतम सिंह, लियाकत अली,बाला देवी, विजयपाल सिंह आदि सहित समूह प्रभारी जितेंद्र कुमार राजेश यादव पूजा आदि मौजूद रहे।

# मुजफ्फरनगर जिले के कबूतरबाजों पर योगी की नजरें हुई टेढ़ी

**■ विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले होंगे सलाखों के पीछे**

**( सलाउद्दीन अब्बासी /नसीम कुरैशी )**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजरें अब उन लोगों पर टेढ़ी हो गयी हैं जो विदेश भेजने के नाम पर लोगों से समय समय पर धोखाधड़ी करने का कारोबार चलाए हुए हैं। इस तरह के धोखाधड़ी के मामले में मुजफ्फरनगर जनपद भी उत्तर प्रदेश से अछूता नहीं है। यहां भी समय समय पर ऐसे सैंकड़ों कबूतरबाज हैं जो कि भोले भाले लोगों को जिनमें अधिकतर बेरोजगार युवक है, से मोटी तनख्वाह दिलाने का लालच देकर उनको विदेशों में भेजने के नाम पर एक मोटी तयशुदा रकम वसूलकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। उन बेचारों की विदेशों में पहुंचने पर नौकरी तो नहीं लग पाती बस वे वहां पर बंधक के रूप में काम करके अपनी किस्मत को कोसते हैं। यह मामला काफी समय से शासन प्रशासन में गूंज रहा है और अब यही गूंज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में भी गूंजने लगी है। जहां लुटे पिटे पीड़ित अपना दुखड़ा सुनाकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। जिस तरह मुख्यमुत्री का बयान आया है उससे यह साफ हो रहा है कि अब सीएम भी इसमामले का संज्ञान ले रहे है। उन्होंने साफ आदेश कर डाला कि इन कबूत. रबाजों और उनके एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ितों का पूरा पैसा हर हाल में वापस कराया जाए। ऐसे फर्जी एजेंटों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ा एक्शन सुनिश्चित किया जाए। इस आदेश से जिले के सभी कबूतरबाजों में जबरदस्त हड़कंप मच गया है। अब पुलिस इनकी पिछली शिकायतों को गंभीरता से लेगी और पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने का काम करेगी। जिला मुजफ्फरनगर में विदेशों में भेजने के ऐसे मामले समय समय पर पुलिस के समक्ष आते रहे हैं। जिनमें कुछ में पुलिस ने कार्यवाही भी की तो कुछ में पुलिस ने कबूतरबाजों से सैटिंग कर पीडित व्यक्तियों को ही थाने से चलता कर दिया। तहसील दिवस और थाना दिवस में भी इस तरह की शिकायतें समय समय पर आई लेकिन अधिकांश प्रार्थना पत्र रद्दी की टोकरी में ही गये। मतलब साफ है कि इन कबूत. रबाजों के विरुद्ध जबरदस्त कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते इस तरह का कारोबार फलता फूलता रहा और लोग इन कबूतरबाजों के चक्कर में अपनी मोटी मोटी रकम गंवाते रहे और फंसते रहे। आज के योगी के बयान से यह तो लगा है कि अब कबूतरबाजों की जान आफत में आएगी और पुलिस इनके पुराने रिकार्ड खंगालकर पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करेगी ऐसी आशा लोगों को अब दिखाई पड़ रही है। जिले के बुढ़ाना, चरथावल, रामराज, छपार और शहर क्षेत्र में इस तरह के मामले पूर्व में खूब चले। जिनमें से कुछ पीडित तो थाने के चक्कर काटकर मायूस होकर घर बैठ गये तो कुछ अभी भी समय समय पर पुलिस को कबूत. रबाजों की शिकायत करते रहते हैं। कुछ मामलों में कबूतरबाज जेल गये भी। ये लोग विदेशों में बड़ी नौकरी का लालच देकर उनसे मोटी रकम वसूलते हैं और फिर किसी की नौकरी नहीं लगती या नौकरी लग जाती है तो वह वहां पर बंधक के रूप में काम करता है। जनपद के रामराज थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था। गांव पुठी इब्रा. हिमपुर निवासी श्यामवीर सिंह पुत्र मलखान सिंह ने पंजाब निवासी युवकों के खिलाफ अपने पुत्र और उसके मित्र से चार चार लाख रुपये की ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। सऊदी अरब में नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक से लाख रुपये की ठगी की जा चुकी है। चरथावल के गांव दधेड़ू कलां निवासी जिशान ने एसएसपी कार्यालय में इस तरह का एक प्रार्थना पत्र दिया था। खालापार निवासी दो सगे भाई उनके घर पर आए थे। उन्होंने उनके बेटे सादिक को विदेश में नौकरी दिलाने की बात की थी। बेटे को सऊदी अरब का वीजा दिलवाने के लिए ढाई लाख रुपये मांगे। झांसे में आकर बेटे का पासपोर्ट और 80 हजार रुपये दे दिए। तीन माह में विदेश भेजने का आश्वासन दिया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मुज" फरनगर के खेड़ी दुधाधारी गांव के एक युवक ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप लगाया था। पीड़ित की पहचान झारखंड के लोहरदगा जिले के मूल निवासी तै"यब के रूप में हुई थी जो वर्तमान में खेड़ी दुधाधारी में अपने रिश्तेदार शौकीन के यहां रह रहा था। तै"यब ने बताया था कि गांव के एक व्यक्ति के कहने पर उसके दोस्त को सऊदी अरब जाने के लिए 1.5 लाख रुपए दिए थे। तै"यब के पास ऑनलाइन लेनदेन की फोटोकॉपी भी है। कुल मिलाकर इस तरह के काफी मामलों में जिनमें कबूतरबाजों ने विदेशों में भेजने के नाम पर भोले भाले लोगों से समय समय पर ठगी की है। अब मुख्यमंत्री के आज के ब्यान से पीड़ितों में एक नई उम्मीद जगी है।


**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 1981/17.02.2022 में गलती से पुत्री का नाम आशवी अंकित करा दिया गया जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम आशवी सिंह है और भविष्य में मेरी पुत्री इसी नाम से जानी जाएगीं शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है। कृपया जन्म प्रमाण पत्र बनाने की कृपा करें।

**अवनीश कुमार**

**646/13, लद्दावाला,**

**मिमलाना रोड, मुज़फ्फ़रनगर**

**8077579515**



**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 6225/ 30.05.2013 मे त्रुटिवश उसका नाम मौ. आबान ज़की, पिता का नाम डॉ. सलमान व माता का नाम ज़ोया अंकित हो गया। जबकि सही नाम क्रमश: मौहम्मद आबान ज़की, सलमान शफी सिद्दिकुई व ज़ोया गौहर है। भविष्य मे भी इन्हे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सलमान शफी सिद्दिकुई**

**निवासी अम्बा विहार**

**मुज़फ्फ़रनगर।**

# सुमन ट्रेडर्स पर जांच के लिए पहुंची जीएसटी टीम

**मीरापुर।** कस्बे की घास मंडी स्थित एक गुटखा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर राज्य कर प्रवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश (जीएसटी) की टीम जांच-पड़ताल के लिए पहुंची, लेकिन अधिकारियों के पहुंचते ही व्यापारी दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया। जीएसटी टीम के कस्बे में पहुंचने की सूचना मिलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदारों ने एहतियातन अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दीं, जिससे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

राज्य कर प्रवर्तन विभाग के डिप्टी कमिश्नर मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जीएसटी की टीम कस्बे के चर्चित गुटखा व्यापारी सुमन ट्रेडर्स पर जांच के उद्देश्य से लगभग दोपहर एक बजे पहुंची। बताया गया कि टीम के पहुंचते ही व्यापारी ने जल्दबाजी में दुकान बंद कर दी और वहां से फरार हो गया। इसके बाद अधिकारियों ने व्यापारी के अधिवक्ता से संपर्क किया और स्पष्ट किया कि यदि प्रतिष्ठान नहीं खोला गया तो नियमानुसार दुकान को सील कर दिया जाएगा। अधिकारियों की चेतावनी के बाद करीब शाम चार बजे व्यापारी ने अपना प्रतिष्ठान खोला, जिसके बाद जीएसटी टीम ने जांच कार्य शुरू किया। जांच के दौरान सामने आया कि व्यापारी का माल कस्बे में स्थित दो अलग-अलग गोदामों में रखा हुआ है। इसी कारण जांच प्रक्रिया देर रात तक चलती रही।

टीम ने दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर और कर संबंधी रिकॉर्ड की गहनता से पड़ताल की। जीएसटी टीम में राज्य कर अधिकारी संतोष शर्मा, असिस्टेंट कमिश्नर योगेंद्र प्रसाद सिंह एवं राजेंद्र शर्मा भी शामिल रहे। डिप्टी कमिश्नर मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी जनपद स्तर पर साझा की जाएगी और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी की इस कार्रवाई से कस्बे के व्यापारियों में दहशत का माहौल बना रहा। दिनभर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा और व्यापारी आपस में इस कार्रवाई को लेकर चर्चा करते नजर आए। अधिकारियों की इस छापेमारी को कर चोरी पर सख्ती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## शूटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर स्थित द्रोणाचार्य शूटिंग अकादमी में विद्यार्थियों की शूटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खेल भावना और आत्मविश्वास देखने को मिला।अंडर-16 वर्ग में शौर्य राणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं अंडर-14 वर्ग में रिहान ने उत्कृष्ट निशानेबाजी का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वीरभद्र ने द्वितीय और युवराज सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 गर्ल्स वर्ग में जसप्रीत कौर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शौर्य राणा एवं जसप्रीत कौर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'चौंपियंस ऑफ द चौंपियंस' के खिताब से सम्मानित किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शूटिंग कोच तापेन्द्र सिंह, विद्यालय के डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत एवं अकादमी डायरेक्टर सचिन शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करना और शूटिंग खेल के प्रति रुचि बढ़ाना रहा।

# संपत्ति विवाद में महिला का आत्मदाह का प्रयास, तहसील में मचा हड़कंप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो सगी बहनों के बीच चल रहे विवाद ने शनिवार को उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब एक महिला ने तहसील परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना से तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को काबू में लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मामला थाना मंसूरपुर क्षेत्र का बताया जा रहा है। बसधरा गांव क्षेत्र निवासी महिला का आरोप है कि उसकी बहन ने पिता की संपत्ति में उसे हिस्सा दिए बिना ही अवैध रूप से बैनामा करा लिया। इसी को लेकर वह न्याय की गुहार लगाने तहसील पहुंची थी। नायब तहसीलदार कार्यालय के बाहर महिला ने जमकर हंगामा किया और खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों और अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर महिला को सुरक्षित किया। इसके बाद महिला को शांत कर उसकी शिकायत सुनी गई। प्रशासन की ओर से मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल महिला सुरक्षित है और घटना को लेकर तहसील परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस को भी पूरे प्रकरण से अवगत करा दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपहर्त किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**मोरना।** क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिग को गैर जनपद निवासी युवक बहका कर अपहरण कर ले गया था।किशोरी अपने साथ नकदी व आभूषण भी ले गयी थी परिजनों ने पीड़िता को बरामद करने की मांग पुलिस से की थी। पुलिस ने आरोपी युवक सहित उसके साथियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर लिया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवडा निवासी व्यक्ति ने बताया था की बीते गुरुवार दोपहर बाद उसकी 15 वर्षीय पुत्री को गैर जनपद निवासी युवक बहका कर अपहरण कर ले गया।पुत्री घर मे रखे 27 हजार रूपये व सोने चांदी के जेवरात भी ले गयी। परिजनों ने पुलिस से किशोरी की बरामदगी की मांग की।पुलिस ने आरोपी समीर निवासी मवाना व उसके साथी शौकत तथा शबाब निवासी तेवडा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया

### 34 शिकायतें में 3 का मौके पर ही निस्तारण

**बुढ़ाना।** संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी उमेश मिश्रा और जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा पहुंचे। मुजफ्फरनगर जिले के दोनों ही आला अधिकारियों की अध्यक्षता में कुल 34 शिकायतें ही प्राप्त हुई। जिनमें से मात्र 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया बाकी सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एक सप्ताह के भीतर शिकायतों को निस्तारित करने के लिए कहा। फुगाना के ग्रामीणों ने तालाब के बीच में नाला निर्माण को लेकर डीएम को शिकायत की। ग्रामीणों का कहना था कि तालाब के चारों तरफ अवैध निर्माण हो रहा है और तालाब के बीच से नाला निकाला जा रहा है। जिसके चलते तालाब में जाने वाला गंदा पानी गांव के किसानों की जमीनों में घुस गया है। जिससे 400 से 500 बीघा फसल बर्बाद होने के कगार पर है। तब डीएम ने तहसीलदार को कार्यवाही के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड, भूमि विवाद, नगर पंचायत, महिला अपराध, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, पेंशन, विद्युत विभाग और सड़क संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। यहां पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया, एसडीएम अपूर्वा यादव, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे।

### ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**तितावी।** ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान व ब्लॉक अध्यक्ष क्षितिज कुमार नेगी, मूलराज शर्मा,पूजा शर्मा,देवराज मलिक,तुष्य भूषण,हरिमनेश,मुकेश कुमार वर्मा आदि के अलावा अपनी पूरी टीम के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी बघरा एस भारती के साथ कबूतरों को उडाते हुए। ब्लॉक बघरा के परिषदीय विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय वार्षिक क्रीडा कार्यक्रम में विभिन्न इवेंट्स में सहयोगात्मक भाग लेते हुए और क्रीड़ा प्रतियोगिता के सहयोग में टीम भावना के साथ उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष व पूरी टीम का खंड शिक्षा अधिकारी एस कुमार भारती ने ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ बीएसए से मिला

**तितावी।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह व जिला अध्यक्ष राम रतन व महामंत्री अमित कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय से मिले और उनको चयन वेतनमान प्रोन्नत वेतनमान जैसी शिक्षकों की विकट समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने सकारात्मक रूप अपनाते हुए आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर अंदर भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।आज की शिष्टाचार भेंट के उपरांत मिले आश्वासन से संतुष्ट होकर भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की आप अपने वायदे के अनुसार समय से सभी समस्याओं का समाधान कर देंगे। भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह जिला अध्यक्ष राम रतन महामंत्री अमित कुमार शर्मा सुधीर कुमार पोरिया मोहम्मद उस्मान मुकेश कुमार वर्मा अखलाक अहमद रियाज उल हसन विवेक कुमार जैनपंकज कुमार शर्मा सपना ब्लॉक अध्यक्ष सदर क्षितिज कुमार नेगी ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष बघरा अनिल कुमार मित्तल रोहित कुमार लोकेश कुमार मनीषा बालियान मीरा मालिक जैबा सादिक मोहम्मद मुस्तफा आदि का विशेष सहयोग रहा

### अधिवक्ताओं ने निधन पर जताया गहरा दुख

**बुढ़ाना।** सीनियर अधिवक्ता के भाई के निधन पर यहां के अधिवक्ताओं ने एक शोक सभा करने के दौरान गहरा दुख व्यक्त कर काम काज भी बंद रखा और मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी धारण किया। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अधिवक्ताओं की एक आपातकालीन बैठक शनिवार की बार कार्यालय पर आयोजित को गयी। जिसमे सीनियर अधिवक्ता हर्ष स्वरूप वर्मा के छोटे भाई जो कि हिमाचल प्रदेश में रहकर अपना कारोबार करते थे उनका वहीं पर दुखद निधन हो गया। अधिवक्ताओं ने कहा भगवान दिवंगत आत्मा को स्वर्ग में स्थान दे तथा दुखी परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस दौरान मुख्य रुप से बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, महासचिव ओमपाल सिंह मलिक, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, एसपी मलिक, संजय त्यागी, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, अलीम सिद्दीकी, प्रशांत शर्मा, रविंद्र कुमार, शौ सिंह राणा, शाहनवाज कुरैशी, हरबीर सिंह, महराज कुरैशी आदि मौजूद थे।

### सड़क पर खडे बिजली के खम्बे हटाने को किया प्रदर्शन

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव मीरांवाला मे मोरना -दरियापुर राजबाह पटरी मार्ग पर शनिवार को खरपोड़ व दरियापुर मीरांवाला के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बताया की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य जारी है। बाधा बने बिजली के खम्बो के कारण सडक निर्माण का कार्य भी बंद हो गया है। वहीं सुबह सवेरे गन्ने से भरे ट्रेक्टर ट्राली से बचते समय बाइक सवार एक युवक राज बाहे में जा गिरा।आसपास काम कर रहे किसानों से उसे रजवाहे से बाहर निकाला। जिसके बाद मीरावाला प्रधान डॉ संजय, तेजपाल, तेजवीर चौहान, मिंटू, देवेंद्र, सत्येंद्र, सुमित कुमार, जितेंद्र, खरपौड़ गांव निवासी सोनू डायरेक्टर, अर्जुन, जयवीर, अजय, मनोज, महेंद्र तथा दरियापुर निवासी किसान लीलू सिंह, अरुण, बबलू, सुरेंद्र, राज सिंह, हरेंद्र मौके पर पहुंचे तथा मार्ग से खंभे हटवाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण विद्युत विभाग से अनेक बार खंभे हटवाने की मांग कर चुके हैं। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही। इन खम्बो से कोई हादसा हो सकता है।

### लकड़ी के चलते ग्लेंडर में छात्र का हाथ कटा

**बुढ़ाना/सिसौली।** कस्बा सिसौली में स्थित शिक्षण संस्था सार्थक पब्लिक स्कूल में कक्षा एक के छात्र का स्कूल में चल रहे कार्य के दौरान लकड़ी काटने वाले ग्लेंडर से हाथ कट गया। जिसमें हाथ के चीथडे चीथड़े हो गये। अत्यधिक खून बहने से छात्र मौके पर ही बेहोश हो गया तो स्कूल में जबरदस्त हडकम्प मच गया। उधर स्कूल के संचालक व स्टाफ के लोग इस हृदय विदारक मामले को दबाने के प्रयास में लगे हैं। स्कूली छात्र आदि को अब शामली के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का भी रो रोकर बुरा हाल था और पुलिस भी हस्पताल में पहुंच गयी थी।

# परिजनों को नशीली चाय देकर युवती कथित डाक्टर के साथ फरार

**मुजफ्फरनगर।**थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मिमलाना रोड स्थित एक कालोनी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। क्षेत्र में रहने वाले दो अलग-अलग परिवारों के कुछ सदस्य शनिवार सुबह अपने घरों में अचेत अवस्था में पड़े मिले। लोगों द्वारा उन्हें नींबू पानी पिलाने के बाद होश में लाया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, दोनों परिवारों के सदस्यों को रात के समय चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया, जिसके कारण वे काफी देर तक बेहोशी की हालत में रहे। इसी दौरान एक परिवार की युवती तथा पास ही रहने वाले एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता पाए गए। घटना की सूचना 112 डायल पर दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। घटना से संबंधित नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोप थाना भोपा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर जा रहा हैं,जो खुद को डॉक्टर बताता था। घटना के बाद से उसका मोहल्ले का क्लीनिक बंद है और वह भी फरार हैं। बताया जा रहा है कि नशा दिए जाने से प्रभावित परिवार के सदस्यों की हालत अभी भी सामान्य नहीं है। वहीं,परिजन और रिश्तेदार लापता युवक-युवती की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को नशीला पदार्थ देना बेहद शर्मनाक और खतरनाक है, जिससे उनकी जान भी जा सकती थी। फिलहाल कोतवाली नगर पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा फरार युवक और लापता युवक-युवती को तलाश रही है।

# पंचसितारा संस्कृति,नैतिकता से दूर हो रही युवा पीढ़ी : मुनि प्रतीक सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।**कस्बे के पीसनोपाड़ा स्थित जैन मंदिर में पत्रकारों से संवाद करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के राजकीय अतिथि क्रांतिवीर मुनि श्री 108 प्रतीक सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अनुशासन सागर जी महाराज ने कहा कि भारत की मूल संस्कृति त्याग, तपस्या और संयम पर आधारित रही है, लेकिन पंचसितारा संस्कृति और बढ़ते पाश्चात्य प्रभाव के चलते आज की युवा पीढ़ी नैतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। इसका सीधा प्रभाव परिवार और समाज की एकता पर पड़ रहा है। मुनि श्री प्रतीक सागर महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कार लूटने की नहीं, बल्कि लुटा देने की भावना सिखाते हैं। यदि भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, गौतम बुद्ध और भगवान महावीर जैसे महापुरुषों को भारत के इतिहास से अलग कर दिया जाए, तो इतिहास केवल कागजों का पुलिंदा बनकर रह जाएगा। उन्होंने जाति और संप्रदाय की संकीर्णता को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए कहा कि इसी कारण सामाजिक और राष्ट्रीय सौहार्द कमजोर हो रहा है।

उन्होंने शिक्षा और विद्या के अंतर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज माता-पिता बच्चों को शिक्षित तो कर रहे हैं, लेकिन विद्या-संपन्न नहीं बना पा रहे। शिक्षा तोड़ना सिखाती है, जबकि विद्या जोड़ने का कार्य करती है। यही दोनों के बीच मूल अंतर है। मुनि श्री ने प्राचीन गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुकुलों में शिक्षा के साथ-साथ प्रेम, भाईचारा, सद्भाव और मातृभूमि के प्रति त्याग की भावना विकसित होती थी। मुनि श्री ने कहा कि चंद्रगुप्त मौर्य और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने भारत की अस्मिता की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान कर देश को समृद्ध बनाया।

उन्होंने चिंता जताई कि आज की युवा पीढ़ी गूगल पर तो विश्वास करती है, लेकिन गुरु पर भरोसा नहीं करती, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान सादा जीवन और उच्च विचार रही है, जिसे पुन: स्थापित करना समय की आवश्यकता है। खान-पान में बदलाव के साथ आचार-विचार भी बदलता है, इसलिए जीवन में मर्यादा और शालीनता बनाए रखना जरूरी है। मुनि श्री ने स्पष्ट किया कि भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र है, इसे हिंदू राष्ट्र बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि धन प्रगति का पैमाना नहीं, बल्कि संस्कार ही वास्तविक प्रगति का आधार हैं। इसके साथ ही देश में संचालित कत्लखानों को लेकर सरकार के दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने नीति में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष राजकुमार जैन, प्रवीण जैन, सुरेंद्र जैन, कुलदीप जैन, अंकित जैन, सुनील जैन, सुजल जैन, पारस जैन, राकेश जैन, दीपक जैन, पीयूष जैन, सुनील सराफ, अतुल जैन, आलोक जैन, शैली जैन, सुनीता जैन, निधि जैन, रूबी जैन, त्रिशला जैन, रश्मि जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# समस्त 17 वार्डों के अध्यक्ष किए गए घोषित

**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के नगर अध्यक्ष काजी फहीम उस्मानी ने आज शनिवार के दिन नगर पंचायत बुढ़ाना के सभी 17 वार्डों के नये अध्यक्षों की घोषणा कर दी है।

जिसमें उन्होंने वार्ड नंबर एक का नया अध्यक्ष फैजल इस्लाम, वार्ड नंबर दो का नया अध्यक्ष समीर अब्बासी, वार्ड नंबर तीन का नया अध्यक्ष सलीम अहमद, वार्ड नंबर चार का नया अध्यक्ष ताहिर उर्फ मुन्ना, वार्ड नंबर पांच का नया अध्यक्ष जुनैद शेख, वार्ड नंबर छह का नया अध्यक्ष सादिक उर्फ कल्लन, वार्ड नंबर सात का नया अध्यक्ष हाजी सलीम, वार्ड नंबर आठ का नया अध्यक्ष राशिद राणा, वार्ड नंबर नौ का नया अध्यक्ष सानू अब्बासी, वार्ड नंबर दस का नया अध्यक्ष जुनैद सिद्दीकी, वार्ड नंबर ग्यारह का नया अध्यक्ष हाफिज कलीम, वार्ड नंबर बारह का नया अध्यक्ष सैय्यद मुस्तकीम, वार्ड नंबर तेरह का नया अध्यक्ष जीशान कुरैशी, वार्ड नंबर चौदह का नया अध्यक्ष भूरा पहलवान, वार्ड नंबर 15 का नया अध्यक्ष आमिर रंगरेज, वार्ड नंबर सोलह का नया अध्यक्ष वसीम कुरेशी और वार्ड नंबर सत्रह का नया अध्यक्ष हाजी नदीम को बनाया गया है। इन सभी नये अध्यक्षों को नगर अध्यक्ष काजी फहीम उस्मानी के द्वारा दस दिन के भीतर भीतर अपने अपने वार्डों की पूरी कार्यकारिणी को गठित करने के निर्देश दिए गये हैं।

## स्कूल समय परिवर्तन पर आदेश हवा हवाई

**बुढ़ाना।** घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी की दोहरी मार शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने अत्यधिक घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है साथ ही शीत दिवस की भी चेतावनी जारी की गई है। संभावना जताई गई है कि 22 दिसंबर तक कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने वाला है। इसी बीच कस्बे और क्षेत्र के कुछ स्कूल संचालक डीएम के दिशा निर्देशों को दरकिनार करते हुए तयशुदा समय से पहले भी स्कूल खोलकर बच्चों का मानसिक और शारिरिक उत्पीड़न कर रहे हैं।

ऐसे मौसम में अगर बच्चे को ठंड लग जाए तो फिर ईश्वर ही मालिक है। कुछ स्कूलों के संचालक अपनी मनमानी करते हुए मासूम बच्चों को नौ बजे से भी पहले स्कूल में बुलवा रहे हैं जबकि स्कूलों के खुलने का समय सुबह दस बजे है और आज तो सूरज भी नहीं निकला लेकिन स्कूल संचालकों के द्वारा इसके बावजूद भी डीएम के आदेशों को दरकिनार कर समय से पहले ही स्कूलों को खोलकर ना जाने क्या साबित किया जा रहा है। क्या संबंधित अधिकारी इस और ध्यान देंगे या फिर किसी दुर्घटना का इंतजार करने के बाद ही जागेंगे।

# युवा अनंत जैन को पुणे में मिला विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के हाथों गोल्ड मेडल

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद के होनहार युवा अनंत जैन ने जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। अनन्त जैन को सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे के दीक्षांत समारोह में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के हाथों मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) से सम्मानित किया गया है। अनंत जैन शहर के प्रतिष्ठित सीए अजय जैन के बेटे हैं।

महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शहर पुणे में आयोजित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त कर अनंत जैन ने मुजफ्फरनगर का नाम पूरे देश में रोशन किया है। अत्यंत प्रतिभाशाली युवा अनन्त जैन ने अपनी उच्च शिक्षा दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) से इंजीनियरिंग में पूर्ण की तथा इसके उपरांत माइक्रोसॉफ्ट जैसी



प्रतिष्ठित कंपनी में कार्य किया। यद्यपि उनका झुकाव प्रारंभ से ही व्यवसाय प्रबंधन के क्षेत्र की ओर रहा, जिसके कारण उन्होंने प्रबंधन शिक्षा का मार्ग चुना और उसमें उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। अनन्त जैन, जिले के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट अजय जैन एवं श्रीमती शालिनी जैन के सुपुत्र हैं। वे बचपन से ही परिश्रमी, अनुशासित एवं मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे मुज़फ्फरनगर जनपद में हर्ष और गर्व का वातावरण है। उद्यमी समाजसेवी भीमसेन कंसल, मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पूंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा आदि ने अनंत जैन की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# इण्डियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टलरी यूनिट, रोहाना मिल में आपातकालीन मॉक ड्रिल का सफल रिहर्सल



**मुज़फ्फरनगर।** रोहाना स्थित इण्डियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टलरी यूनिट में एथनोल से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं के नियन्त्रण की प्रक्रिया के सन्दर्भ में ऑन साइट इमरजेन्सी प्लान की रिहर्सल मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। ऐसी स्थिति में प्लांट के कर्मचारियों को सम्भावित जान-माल की हानि रोकने के लिए प्रशासन से तुरन्त सहायता उपलब्ध कराने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कारखाने के अधिकारी एवं श्रमिक एथनोल से होने वाली अग्निकाण्ड के नियन्त्रण करने की व्यवस्थाओं को तुरन्त किस प्रकार से सुनिश्चित कर सकते हैं, इसी उद्देश्य से कर्मचारियों को जागरूक / प्रशिक्षित करने हेतु कारखाने मे मॉक ड्रील किया गया। इसका संचालन इकाई के वरिष्ठ अधिकारी फायर एण्ड सेफ्टी, मोहित कुमार बालियान व कंट्रोलिंग डिस्टिलरी इकाई प्रमुख रमेश कुमार शर्मा व सहायक महाप्रबंधक -(प्रोडक्शन)भारत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला अग्निशमन अधिकारी, अन्त राम सिंह, अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे साथ-साथ समस्त प्लांट के कर्मचारियों, विश्वजीत त्यागी स्टोर इं0चार्ज (मनोज मालिक, हरमिंदर सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब तेजी से बदल रहा है अपना यूपी : बालियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता यशपाल बालियान ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि अपना उत्तर प्रदेश राज्य देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण राज्यों में से है जो आज सामाजिक और राजनीतिक दोनों दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण हो गया है। सन 2014 में देश में भाजपा की सरकार आने के बाद और 2017 से उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार स्थापित होने पर जिस तरह से बदनाम उत्तर प्रदेश में गुंडाराज और माफिया गिरी का खात्मा हुआ है। उनकी भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति से सभी वाकिफ है लेकिन फिर भी कुछ भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों, दलालों और माफियाओं की वजह से भ्रष्टाचार पर पूर्ण अंकुश नहीं लग पा रहा है। आप देख रहे हैं योगी निरंतर भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर सरकारी विभागों से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर बेहद सख्त एक्शन ले रहे हैं। मुख्यत: राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी निरंतर शिकंजे में फंस रहे हैं। भ्रष्टाचारी और अपराधिक घटनाको रोकने के लिए संकल्प ले कि हम अपने किसी भी कार्य को नियत एवं मान्य प्रक्रिया अनुसार ही करेंगे और शॉर्टकट या अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर किसी भी अधिकारी कर्मचारी को रिश्वत नहीं देंगे और रिश्वत मांगने पर उनका इलाज करेंगे। अभी हाल ही में केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी यूपी के नए प्रदेश अध्यक्ष बने हैं और साथ ही नितिन नबीन नये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने है। ऐसे में पार्टी व संगठन की गतिविधियां भी तेज होगी। क्यों न हम ऐसे समय संकल्प लें कि हम अपने जनपद मुजफ्फरनगर में पार्टी और संगठन के कार्य और गतिविधियां तो बढ़ाएंगे ही साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के प्रति भी लोगों को सचेत कर जागरूकता पैदा करेंगे। समाज मजबूत होगा और लोगों का जीवन यापन सुखद व खुशहाल बनेगा। जिले के वर्तमान आला अधिकारियों का व्यवहार, कार्य और सोच तीनों देखने में व्यावहारिक और प्रभावी प्रतीत हो रही है। ऐसे में भ्रष्टाचार जनित सभी मामलों में चाहे बेगुनाहों के उत्पीड़न की बात हो, चाहे व्यापारियों को परेशान कर धन वसूली के मामले हो या सरकारी विभागों में लीपापोती कर कार्य करने में अनेपक्षित विलंब के प्रकरण हो या भू माफियाओं द्वारा अनधिकृत कब्जे एवं जालसाजी करके भूमि खरीद फरोख्त के मामले हो आम जागरूकता से सभी मामलों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकता है। ऐसा होते ही हमारे किसानों, व्यापारियों व अन्य श्रमिक संगठनों को अनावश्यक रूप से आये दिन प्रतिदिन के कार्यों को कराने के लिए धरने प्रदर्शन और हड़ताल नहीं करनी पड़ेगी। फल स्वरूप जनपद अनुकूल वातावरण में प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा!

## बुजुर्ग से की मारपीट

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरा में रंजिश को लेकर दबंग युवकों द्वारा एक हृदय रोगी बुजुर्ग के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गांव शेखपुरा निवासी अलीमुद्दीन उर्फ पोनी पुत्र नजीर ने पुलिस को बताया कि वह बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति है तथा हाल ही में उसका हृदय का ऑपरेशन हुआ है। आरोप है कि गांव के ही शहजाद, मुकीम और सलीम उससे व उसके परिजनों से बिना किसी कारण रंजिश रखते हैं। शुक्रवार की दोपहर आरोपियों ने मस्जिद के बाहर उसको घेर लिया और गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पीड़ित जान बचाकर वहां से भागा, तो आरोपी उसे मिल गेट तक दौड़ाते रहे।आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने दोबारा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है और घर से बाहर निकलने में भी भय महसूस कर रहा है।

# कल जग्गाहेड़ी टोल पर होगी आर-पार की पंचायत

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के गांव पचेड़ा में भारतीय किसान यूनियन (तोमर) की एक महत्वपूर्ण बैठक युवा जिला सचिव जांगम अली के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के मुख्य चौधरी संजीव तोमर ने टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों द्वारा किसानों और आम यात्रियों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने घोषणा की कि इस उत्पीड़न के खिलाफ 21 दिसंबर को जग्गाहेड़ी टोल प्लाजा पर विशाल पंचायत आयोजित की जाएगी।प्रशासन की ढिलाई से बढ़े टोल कर्मियों के हौसले

बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि मुजफ्फरनगर के टोल प्लाजा पर आए दिन यात्रियों के साथ बदसलूकी की खबरें आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के कारण टोल कर्मियों के हौसले बुलंद हैं। तोमर ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन पर सख्ती नहीं की गई, तो भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। एसएसपी से हस्तक्षेप की मांग संजीव तोमर ने मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि टोल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थानों को सख्त निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता से ही किसान और यात्री सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब संगठन टोल कर्मियों की 'गुंडागर्दी' बर्दाश्त नहीं करेगा और बदसलूकी करने वालों को उनके ही अंदाज में जवाब दिया जाएगा। कल जग्गाहेड़ी टोल पर जुटेंगे किसान किसानों ने चौधरी संजीव तोमर को आश्वस्त किया कि वे इस लड़ाई में पूरी तरह उनके साथ हैं। संगठन प्रमुख ने कहा, 'किसान देश का पेट पालता है, लेकिन उसे ही अपमानित किया जा रहा है। कल जग्गाहेड़ी टोल से आर-पार की लड़ाई शुरू होगी और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय महापंचायत भी बुलाई जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर युवा कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी हसीर चौधरी, प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी, जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, युवा जिला उपाध्यक्ष हनी बालियान, ब्लॉक अध्यक्ष नसीम सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तस्मिया जूनियर हाई स्कूल में 21वां नज़िरा कुरआन तकमील समारोह आयोजित

**मुज़फ्फरनगर।** तस्मिया जूनियर हाई स्कूल में 21वां नज़िरा कुरआन तकमील समारोह गरिमामय एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री जावेद मज़हर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र मोहम्मद हम्माद द्वारा पवित्र कुरआन की तिलावत से हुई। इसके पश्चात कक्षा पाँच के विद्यार्थियों की नज़िरा कुरआन की तकमील सुरह अल-फ़ातिहा से सुरह अन-नास तक कराई गई, जिसे मदरसा फ़ैज़-उल-इस्लाम के मोहतमिम एवं मुख्य अतिथि मुफ़्ती मोहम्मद राग़िब उमर साहब ने संपन्न कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तस्मिया जूनियर हाई स्कूल के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. एस. फ़ारूक़ साहब ने की। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर सैयद एजाज़ अहमद साहब, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुरआन शिक्षा में योगदान देने वाले मौलाना शौकत क़ासमी साहब एवं लाइक़ा उस्मानी की सेवाओं की सराहना की गई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा नात-ए-रसूल प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि मुफ़्ती मोहम्मद राग़िब उमर साहब ने अपने संबोधन में बच्चों के नैतिक और आध्यात्मिक विकास में नज़िरा कुरआन की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी पर बल दिया। इसके पश्चात अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. एस. फ़ारूक़ साहब ने कहा कि कुरआनी शिक्षा के साथ आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आज के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन स्कूल के मैनेजर सैयद एजाज़ अहमद साहब द्वारा प्रस्तुत टवजम व जिंदो के साथ हुआ।




शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पत्नी ओर दो बेटियों के हत्यारे पर होगी रासुका की कार्रवाई

**गांव के सैकड़ों लोगों ने की थी आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग**
**पत्नी ओर दो बेटियों की हत्या कर सेफ्टी टैंक में दबा दिया था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस आरोपी पर रासुका की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी, जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी। आरोप है कि फारूक ने सहरीन की भी गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की थी। फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला था।

देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया था और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया था। फारूक ने पुलिस को बताया था कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी। सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारतूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया था। मृतक महिला के परिजन तीनों शवों को अपने गांव नरा थाना मंसूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर ले गए थे। गांव गढ़ी दौलत के सैकड़ों लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस आरोपी पर रासुका की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरोपी पर शीघ्र ही रासुका की कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील ऊन में डीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील ऊन के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 22 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें।

आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, डीएफओ जगदेव सिंह सीएमओ डॉ अनिल कुमार, तहसीलदार ऊन सहित सभी संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा तहसील कैराना में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष 19 शिकायतें आई। प्राप्त शिकायतों में 02 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज तहसीलदार कैराना सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

इसके अलावा तहसील शामली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), शामली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी के समक्ष आज 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 02 शिकायत का निस्तारण किया गया। ओर शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शामली अर्चना शर्मा,तहसीलदार शामली मनोज कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# घने कोहरा जान का दुश्मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में इन दिनों घना कोहरा और शीतलहर जनजीवन पर भारी पड़ रही है। बीते चार दिनों से कोहरे की चादर ने पूरे जिले को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। इसके साथ ही शीतलहर के चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे आमजन का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

शनिवार को मौसम का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। अब दिन दिनों कडाके की ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से धूप न निकलने से लोगों को ठंड ने खासा परेशान कर दिया है। गर्म कपडों में लोगों के शरीर के कंपकंपी बंधी रही। सुबह और देर रात को कोहरे का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। .श्यता बेहद कम होने के कारण सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर चलने को मजबूर हैं। राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। कोहरे की वजह से रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है, कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड का असर इतना अधिक है कि लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। शाम ढलते ही सड़कों पर आवाजाही और कम हो जाती है। खासकर रात के समय बिना रिफलेक्टर लगे वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ऐसे वाहन सड़क पर चलते हुए अन्य चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पुलिसकर्मी विशेष रूप से गन्ने से भरे वाहनों पर रिफलेक्टर लगवा रहे हैं, ताकि कोहरे में उनकी पहचान हो सके और हादसों से बचा जा सके। इसके साथ ही वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है।स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस मौसम से खासे परेशान हैं। सुबह के समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे में बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है।

# बाल विवाह की रोकथाम हेतु थानाभवन में जागरुकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिलाधिकारी शामली के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 20 दिसंबर, 2025 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में लाला लाजपत राय इंटर कालेज, थानाभवन में श्बाल विवाह मुक्त समाजश की दिशा में एक जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारतह्व अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 08 मार्च, 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र- छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्राविधानों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से कुलदीप शर्मा ने बताया कि बाल विवाह का एक ऐसा प्रकार है, जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णत: गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।उन्होंने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं का तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकोंध्लड़कों का विवाह करनाध्कराना कानूनन अपराध है, जिसके लिए 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा रु. 1,00,000 तक का जुर्माना या दोनों का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तिकृजैसे बाराती, फोटोग्राफर, टेंट कैटरिंग संचालक, मौलवीध्पंडित, बैंड संचालक आदि के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए थ्प्त दर्ज की जा सकती है।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है।अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है या संदेह होता है, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन सेवा 181 पर दी जा सकती है। समय पर सूचना मिलने से बाल विवाह को रोका जा सकता है।चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से केस वर्कर रतन सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि की पात्रता एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया।जिला बाल संरक्षण इकाई, शामली से मती रीमा चौधरी ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध महिला हेल्पलाइन न। 181 एवं उत्तर प्रदेश चाइल्ड हेल्पलाइन दव। 1098 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न संरक्षण कानूनों की जानकारी साझा की।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मती पूजा मलिक व विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बोलेरो पिकअप में क्षमता से अधिक पशु भरने व पशुओ का मुंह बांधकर ले जाते हुए देख बजरंगदल कार्यकर्ताओ ने पिकअप को पकडकर पुलिस को सौंपा थानाभवन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया।राष्ट्रीय बजरंगदल के तहसील अध्यक्ष अनुज चौहान ने बताया की वह शुक्रवार को शामली से सहारनपुर के लिए जा रहा था रास्ते में हिंड पुलिया कट के पास एक बोलेरो पिकअप में लगभग 15 कटिया पशु बुरी तरह से मुंह बांधकर बड़ी ही बेहरहमी से शामली की और ले जा रहे हैं।पिकअप गाड़ी को रुकवाया और पुलिस को इसकी सुचना दी। थानाभवन पुलिस ने अनुज चौहान की तहरीर के आधार पर तीन लोगो चालक उस्मान पुत्र शाहिद ग्राम उमरपुर थाना बुढ़ाना, मुरसलीन व शानू ग्राम उमरपुर बुढ़ाना के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया हैं।

### रात्रि गश्त के दौरान एक युवक अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**थानाभवन।** रात्रि गश्त एवं चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मन्टी हसनपुर अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक विपिन कुमार द्वारा हेड कांस्टेबल अरविन्द कुमार व हेड कांस्टेबल बाबूराम के साथ मिलकर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आर्यन पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह, निवासी ग्राम बलवाखेड़ी, थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर, उम्र करीब 22 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी के संबंध में पुलिस अग्रिम जांच में जुटी हुई है।

### बेकाबू बैल ने भैंसा बुग्गी को मारी टक्कर, कंटीले तारों में फंसे भैसे का पैर कटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** नाईनंगला नवीन में एक बेकाबू बैल ने भैंसा बुग्गी को टक्कर मार दी। बैल की टक्कर से भैसा उछलकर नुकीले तारो मे गिर गया। वही बुग्गी मे सवार चार बालको को मामूली चोटे आई है। भैंसा मालिक का आरोप है कि गांव के निकट प्रतिबंधित तार लगाना गैरकानूनी है। नुकीले तारो की चपेट मे आने से भेंसा बूरी तरह से घायल हो गया। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव नाईनंगला नवीन में दो पशुओं की आपस मे भिडंत हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि युसूफ पुत्र मिदां भैंसा बुग्गी मे बच्चो को बैठाकर खेत जा रहा थां उसी दौरान जैसे ही रियाज पुत्र अजीज के खेत के निकट पहुॅचा तो एक बैल ने बेकाबू होकर भैंसें को टक्कर मार दी। जिस कारण भैंसा बुग्गी से निकल रियाज के खेत मे लगी कंटीलें तारो मे जा गिरा। जिससे भैंसे का पैर कट गया। वही दूसरी ओर बच्चे भी सडक पर जा गिरे। बच्चो को मामूली चोटे आई। भैंसा मालिक ने खेत मालिक पर प्रतिबंधित तारो के इस्तेमाल पर कार्यवाही की मांग की है।

### हथियार रखने के मामले दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी पैरवी का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के एक आयुध अधिनियम के मामले में न्यायालय कैराना ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में थाना आदर्शमंडी पर ग्राम बधेव निवासी सचिन पुत्र अनंगपाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना पूर्ण होने के उपरांत पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त व प्रभावी पैरवी की गई। पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 19 दिसंबर 2025 को न्यायालय कैराना ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाते हुए 2500 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा न्यायालय में प्रभावी पैरवी का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका चेयरमैन द्वारा बढती कडाके की ठंड को देखते हुए शहरभर के सभी मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित किए गए। शनिवार को शामली नगर पालिका में तीसरा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने कडाके की ठंड को देखते हुए शहरभर के सभी मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित किए। उन्होने कहा कि मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले पुजारी सवेरे और देर रात तक मंदिरों में रहते है और भगवान की सेवा करते है। ऐसे में उन्हे भीषण ठंड के प्रकोप का सामना करना पडता है। उन्होने बताया कि नगर पालिका के सभी वार्ड क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सभासद रोबिन गर्ग, सभासद गुलजार मंसूरी, सभासद तोहित रहमानी, लिपिक अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# 120 जरूरतमंद परिवारों को वितरित की गई रजाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन के तत्वावधान में आज शहर के अग्रसेन पार्क में चतुर्थ रजाई वितरण कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्लब द्वारा मानव सेवा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 120 जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को गर्म रजाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम पूर्णत: सेवा, करुणा एवं सामाजिक सरोकार की भावना को समर्पित रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोमेश कुमार द्धडिप्टी कमिश्नर उपायुक्त राज्यकरत्र्न रहे। उन्होंने लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को रजाई उपलब्ध कराना वास्तव में एक सराहनीय एवं मानवीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर सेवा कार्य करते रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में यशपाल निर्वाल जी, पूजा निर्वाल, शैली निर्वाल पवन नैन उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने स्वयं जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया और लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक दायित्वों की खुले मंच से सराहना की। अतिथियों ने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को इस प्रकार के सेवा कार्यों में आगे आकर सहयोग करना चाहिए। क्लब के अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि यह लायंस क्लब शामली क्राउन का चतुर्थ रजाई वितरण कार्यक्रम है और क्लब आगे भी निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, वस्त्र वितरण एवं अन्य सेवा कार्य लगातार करता रहेगा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य ही मानव सेवा है और इसी भावना के साथ क्लब निरंतर समाज की सेवा में समर्पित है। क्लब के सचिव लायन आशीष गोयल ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम विशेष रूप से योजनाबद्ध तरीके से आयोजित किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष लायन तरुण जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, दानदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लायन संजय सांगल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब की स्थापना से लेकर अब तक किए गए विभिन्न सेवा कार्यों की संक्षिप्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि लायंस क्लब शामली क्राउन आगे भी समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में लायन देवाशीष गुप्ता द्धएडवोकेटत्र्न, लायन प्रदीप विश्वकर्मा, लायन अर्जुन वर्मा, लायन वैभव प्रकाश, लायन अंकुर गोयल, लायन गौरव गोयल, लायन सचिन गर्ग, लायन रामगोपाल शर्मा, लायन रूपेश गुप्ता, लायन सचिन गोयल लायन अंकुश बंसल लायन अमित कुचल लायन विपिन तायल लियोन प्रशांत सिंहल, लायन विकास गोयल, लायन आयुष्मान, लायन संदीप जिंदल, लायन विजय सांगल, लायन गौरव कालरा, लायन राहुल गर्ग सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और रजाई वितरण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। रजाई पाकर जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। लोगों ने लायंस क्लब शामली क्राउन का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सेवा कार्यों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**थानाभवन।** शनिवार को मिशन शक्ति फेस.5 के अंतर्गत मिशन शक्ति, एंटी रोमियो टीम व साइबर क्राइम टीम द्वारा नगर के मुख्य बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, बालकों एवं अध्यापिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल रविता तथा मोबाइल चालक हेड कांस्टेबल प्रवेश ने सहभागिता की। टीम ने उपस्थित महिलाओ व युवतियों को ह्दंड से न्याय की ओरह्व विषय के अंतर्गत नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी और बताया कि इन कानूनों से महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे होगा। इस दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने तथा कानून का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक किया गया।टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी से कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें।

# एक माह पूर्व सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत के मामले में नहीं हुआ मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी सादिक पुत्र निजामुद्दीन ने थाने पर तहरीर देते बताया कि पड़ोस के ही संजीव व अरविंद पुत्रगण ऋषिपाल, ऋषिपाल पुत्र बुल्ला पीड़ित के परिवार से रंजिश रखते हैं। गत 22 नवंबर को उक्त लोगों ने पीड़ित के पिता के साथ गाली गलौज की थी। पीड़ित का पिता अपनी स्कूटी पर सवार होकर उक्त लोगों की शिकायत करने पहुंचे थे। जैसे ही पीड़ित का पिता थाने पर शिकायत कर वापस लौट रहे थे तो आरोप है कि आरोपियों ने अज्ञात बुलेट से पीड़ित के पिता की स्कूटी मे टक्कर मार दी थी। जिसका लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था पीड़ितों के पास सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। जिससे पीड़ित का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने पीड़ित के पिता को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने पीड़ित के पिता की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। पीड़ित के पिता का दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में उपचार चल रहा था। 14 दिसंबर को पीड़ित के पिता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया था। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट फाइल नंबर GZBA00698409 में मेरे पिता का नाम समसाद SAMSAD दर्ज है,जो कि गलत है, जबकि सही नाम शमशाद SHAMSHAD है। भविष्य में इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**दिलशाद पुत्र शमशाद**
**निवासी मोहल्ला आलदरम्यान**
**कस्बा व तहसील कैराना,**
**जनपद शामली**

# अट्ठे वाला मंदिर में महा आरती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा अट्ठे वाला मंदिर मैं एक महा आरती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान प्रशांत पांडे, अनिल रेनू और पीयूष रूहेला सपरिवार रहे पंडित प्रदीप पांडे ने विधि विधान के साथ महा आरती कराई जिसमें आसपास के सभी भक्त जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा माता रानी का गुणगान किया आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को माता का प्रसाद और श्रंगार का सामान भी वितरित किया गया सभी भक्त जनों ने समिति के पवित्र कार्य की प्रशंसा की अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह अमावस्या को संस्था द्वारा कराई जाती है अंत में उन्होंने सभी भक्तजनों को धन्यवाद दिया इस मौके पर लोकेंद्र संगल प्रवीण बंसल महेश गर्ग खजांची अर्चना तायल शिवकुमार तायल प्रियंका गर्ग सलोनी सुनील गोयल अलका तायलआदि उपस्थित रहे।

# एप के माध्यम से कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु प्रेरणा निरीक्षण ऐप के माध्यम से आज जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने अपने निरीक्षण में विकास क्षेत्र-ऊन के प्राथमिक विद्यालय चौन्दाहेड़ी व कंपोजिट विद्यालय नौनांगली का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय चौन्दाहेड़ी का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 03 अध्यापकों के सापेक्ष 02 अध्यापक उपस्थित मिलें। अन्य 01 अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर मिले।विद्यालय में नामांकित कुल 61 छात्र छात्राएं के सापेक्ष 61 छात्र छात्रांए शतप्रतिशत उपस्थिति मिले।विद्यालय का निरीक्षण करते हुए जिला अधिकारी ने यहां पर स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, रसोई घर, मल्टी हैंड वॉश आदि का निरीक्षण किया।विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कक्षा-कक्ष में जाकर बच्चों से संवाद किया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर देखा गया। विद्यालय में पढ़ाई का स्तर संतोषजनक मिला जिसकी मौके पर ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा सराहना की गई। विद्यालय में एम0डी0एम का मीनू के अनुसार वितरण किया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा कम्पोजिट विद्यालय नोनांगली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 05 अध्यापकों के सापेक्ष 04 अध्यापक उपस्थित मिलें। अन्य 01 अध्यापिका रश्मी रानी आकस्मिक अवकाश पर मिली। विद्यालय में नामांकित कुल 101 छात्र छात्राएं के सापेक्ष 85 छात्र छात्रांए उपस्थिति मिले। विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई। इसके उपरान्त कक्षा-कक्ष में जाकर बच्चों से संवाद किया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर देखा गया। कक्षा चार में जाकर बच्चों से हिन्दी व अंग्रेजी की पुस्तक पढ़ाई गई जिसमें बच्चों द्वारा अंग्रेजी की पुस्तक नहीं पढ़ी गई जिसके चलते जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए अंग्रेजी विषय के अध्यापक का वेतन रो.कने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए।इस पर जिला.धिकारी द्वारा कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने तथा पढ़ाई का स्तर में सुधार करने के कड़े निर्देश दिए गए।निरीक्षण के समय मति लता राठोर,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं विकास कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी-ऊन उपस्थित रहे।

# कैराना-खतौली मार्ग पर यात्रा संकेतक बोर्डों में बड़ी गड़बड़ी, सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** लोक निर्माण विभाग द्वारा कैराना.खतौली मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के बाद लगाए गए यात्रा संकेतक बोर्डों में गंभीर त्रुटियां सामने आई हैं। गलत दूरियां अंकित होने और कई महत्वपूर्ण स्थानों के नाम न होने से आमजन व राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले को लेकर सामाजिक संगठन लगातार सक्रिय है और तहसील कैराना में एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सुधार की मांग की गई है। संगठन के अनुसार सड़क चौड़ीकरण से पूर्व बुढाना की दूरी 33 किमी और मेरठ की दूरी 73 किमी सही दर्शाई गई थी, लेकिन नए बोर्डों में बुढाना की दूरी 38 किमी और मेरठ की दूरी 81 किमी लिख दी गई, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है। बाद में शिकायत के बाद केवल बुढाना की दूरी में आंशिक संशोधन किया गया, जबकि अन्य त्रुटियां जस की तस बनी हुई हैं।

राज्य राजमार्ग होने के बावजूद कैराना.खतौली मार्ग पर खतौली की दूरी आज तक अंकित नहीं की गई है। इसके अलावा शाहपुर, बड़ौत, बागपत, लोनी, दिल्ली और गाजियाबाद जैसी प्रमुख जगहों की दूरियां भी बोर्डों से गायब हैं।संगठन ने यह भी बताया कि तीतरवाड़ा चुंगी और कांधला तिराहा जैसे नजदीकी स्थानों पर लगे बोर्डों में एक ही विभाग द्वारा अलग-अलग दूरियां दर्शाई जा रही हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कई बार जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत और असंतोष दर्ज कराने के बावजूद अब तक न तो गलत दूरियां सही की गई हैं और न ही नए संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं।ज्ञापन सौंपते समय संगठन अध्यक्ष शमून उस्मानी, तालिब, फैसल अहमद व आलीशान मौजूद रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## एक नजर

### शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान एवं ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर सर्वोदय ब्लड बैंक, शामली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग साधकों एवं नगर के अन्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दिव्य योग संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, श्रवन संगल, सुभाष शर्मा, मंत्री अजय शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे अनेक जरूरतमंदों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में जितेंद्र शर्मा, वंश सिंगल, शिक्षा शर्मा, रामकुमार, नदीश शर्मा, विक्रम राणा, मुकेश कुमार, सौरभ कुमार, अंकित बंसल, रवि कुमार, गौरव मलिक, मोहित बालियान, अनुज कुमार मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनता आदर्श इंटर कॉलेज मालैंडी में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन शनिवार को विधिवत रूप से किया गया। समापन कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके पश्चात जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने शिविर में शामिल स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। शिविर के दौरान बच्चों द्वारा अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर तंबू निर्माण किया तथा बिना बर्तन के भोजन बनाकर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में गाइड टोली संख्या 7 गुलाब टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्काउट टोली संख्या 9 चन्द्रशेखर आजाद द्वितीय एवं टोली संख्या एक ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेता टोली सहित सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी, अनुज कुमार, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, पूनम, काजल, यशपाल, दीपक, संजय आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी की एंबुलेंस सेवा का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं रहीं संतोषजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108, 102 एंबुलेंस सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लखनऊ से आई क्वालिटी टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व क्वालिटी ऑडीटर मुकुल सिंह तथा मंडल प्रभारी जयविंद्र सिंह ने किया। निरीक्षण का उद्देश्य एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों एवं आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना रहा, ताकि प्रदेश में एंबुलेंस सेवा को और अधिक प्रभावी व भरोसेमंद बनाया जा सके। एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने एंबुलेंस में उपलब्ध सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों का विधिवत निरीक्षण कराया। इसमें ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर, सक्शन मशीन सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता को बारीकी से परखा गया। साथ ही एंबुलेंस में रखी दवाइयों की एक्सपायरी डेट की भी गहन जांच की गई, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को समय पर सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया जा सके।क्वालिटी टीम ने एंबुलेंस से संबंधित आवश्यक अभिलेखों जैसे वाहन व स्टाफ रिकॉर्ड, दवाइयों की सूची तथा लॉग बुक आदि की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेख पूर्ण एवं अद्यतन पाए गए। टीम ने कर्मचारियों से आपातकालीन कॉल रिस्पॉन्स, कार्यप्रणाली तथा मरीजों की देखभाल से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी जानकारी ली।निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। क्वालिटी अधिकारियों ने कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### खेल प्रतियोगिता के फाइनल में मिल्टन हाउस की खो-खो में जीत



**झिंझाना।** कस्बे में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन फाइनल मुकाबले कराए गए, जिनमें खो-खो प्रतियोगिता में मिल्टन हाउस ने जीत दर्ज कर दमखम दिखाया। इसके साथ ही अन्य खेलों में भी छात्रों ने उत्साह और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दूसरे तथा अखरी दिन खो-खो में मिल्टन हाउस ने जीत दर्ज की। वहीं रस्सा खींच प्रतियोगिता में किट्स हाउस एवं मिल्टन हाउस विजेता रहे। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में कक्षा 4 के आयुष और कक्षा 6 की ईशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैलून दौड़ में जुनेद और रहबर विजेता बने। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल के चेयरमैन आशीष मित्तल ने सभी छात्र छात्राओं एवं स्टाफ को बधाई दी तथा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता को सफल बनाने में इशिका नामदेव, नीतू कश्यप, द्रीक्षा सिद्दीकी, शालिनी नामदेव, उजमा, सनी पवार, विनीत कुमार सहित समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

### गंगेरू मार्ग पर गन्नों से भरे ट्रक बन रहे जानलेवा, हादसों पर अंकुश की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गंगेरू मार्ग निवासी नितिन, अनवर, दिलशाद, किरणपाल, अरविंद, आरिफ, अकील, नोमान,सहित अन्य लोगों का कहना है कि गन्ना सीजन में ट्रकों की संख्या अचानक बढ़ जाती है, लेकिन उनके संचालन पर कोई ठोस निगरानी नहीं की जा रही है। कई ट्रक क्षमता से अधिक गन्ना लादकर तेज गति से गुजरते हैं, जिससे सड़क पर पैदल चलने वालों, दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना रहता है।लोगों ने बताया कि गंगेरू मार्ग पर पूर्व में भी गन्नों से भरे ट्रकों की वजह से कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें निर्दोष लोगों की जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए हैं और अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।लोगों ने मांग की है कि गन्नों से लदे ट्रकों की गति पर नियंत्रण लगाया जाए, ओवरलोड वाहनों पर सख्ती की जाए तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय निर्धारित किया जाए। साथ ही पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### पांच बीघा गन्ने की फसल काट ले जाने और जमीन पर कब्जे का आरोप, केस दर्ज

**कैराना।** ग्राम अलीपुर निवासी हाशिम पुत्र किताबू ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पत्नी बीलो के नाम से गांव बीनडा स्थित करीब दो बीघा भूमि क्रय की थी, जिसका दाखिल-खारिज भी पूर्ण हो चुका है। बीते दो वर्षों से परिवार उक्त भूमि पर खेती करता आ रहा है। इसके अतिरिक्त उसकी तीन बीघा भूमि भी उसी खेत से लगी हुई है। कुल पांच बीघा भूमि पर गन्ने की फसल बोई गई थी, जो पूरी तरह तैयार अवस्था में थी।

आरोप है कि 18 दिसंबर की दोपहर करीब साढ़े एक बजे गांव बीनडा के कुछ लोगों ने उसकी गन्ने की फसल काटनी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर जब पीड़ित परिवार सहित मौके पर पहुंचा तो देखा कि लगभग 200 कुंतल गन्ने की फसल काटकर ले जाई जा चुकी थी। आरोपियों ने खेत पर कब्जा कर लिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित का आरोप है कि करीब ढाई बीघा गन्ने की फसल, जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रूपए आंकी गई है, चोरी कर ली गई। साथ ही साक्ष्य मिटाने की नीयत से खेत में अन्य फसल बोने की तैयारी भी की जा रही थी।

# दहेज उत्पीड़न व जानलेवा हमले का आरोप, पति समेत छह पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम बसेड़ा थाना कैराना निवासी साहिबा पत्नी गुलशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब 12 वर्ष पूर्व ग्राम मलकपुर निवासी गुलशेर पुत्र रहीसू के साथ हुई थी। शादी में परिजनों द्वारा लगभग पांच लाख रूपए खर्च किए गए थे, लेकिन ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था।

आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसे दहेज को लेकर ताने दिए जाते रहे और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा।पीड़िता के अनुसार सास बानो, ससुर रहीसू, ननद रहीसा, आबिदा व सबाना तथा पति गुलशेर द्वारा उसे बंधक बनाकर मारपीट की जाती थी और जान से मारने की धमकी दी जाती थी। पारिवारिक जीवन को बचाने के लिए वह लंबे समय तक उत्पीड़न सहती रही, इस दौरान उसके चार बच्चे भी हुए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति के थाना गंगोह जिला सहारनपुर निवासी एक महिला से अवैध संबंध हैं।

वह घंटों फोन पर बात करता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। साथ ही उसे घर से निकालने और दूसरी शादी करने की धमकी देता है। आरोप है कि इस पूरे मामले में उसका मामा काला भी सहयोग कर रहा है, जिसकी नीयत भी पीड़िता के प्रति ठीक नहीं है।तहरीर के अनुसार 15 दिसंबर की शाम करीब सात बजे पति फोन पर बात कर रहा था। टोके जाने पर उसने पीड़िता को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से मारपीट की और छाती पर बैठकर गला दबाते हुए जान से मारने का प्रयास किया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह पीड़िता की जान बचाई। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मजदूरी के रुपये मांगने पर मारपीट

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव रंगाना में मजदूरी के रूपए मांगने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रवि निवासी गांव रंगाना ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता लक्ष्मण सिंह काफी समय से गांव रंगाना डेरा निवासी हरपाल के यहां नौकरी करते थे। जिस पर करीब 70 हजार रूपए बकाया थे। गत बुधवार को जब लक्ष्मण सिंह ने अपने बकाया रूपए मांगे तो आरोपी ने गाली गलौच करते हुए उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें आईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हरपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 1100 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल शामली में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के लगभग 1100 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। परीक्षा प्रमुख आशीष जैन ने छात्र-छात्राओं को आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष सभी सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों में किया जाता है। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश, धर्म, संस्कृति, महान गुरुओं, महापुरुषों, पवित्र नदियों, सरोवरों एवं तीर्थ स्थलों के विषय में ज्ञान प्रदान करना है। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष मुख्यालय संस्कृति भवन, कुरुक्षेत्र द्वारा किया जाता है। यह परीक्षा केवल अपने विद्यालय में ही नहीं, बल्कि अन्य विद्यालयों में भी कराई जाती है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, सभ्यता, प्राचीन मंदिरों एवं ग्रंथों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर कुमार, रविंद्र कुमार, प्रवेश शर्मा, शिवकुमार धीमान, आदेश धीमान, मोहित कुमार, रवि कुमार गौड, विजेंद्र कुमार, अजेंद्र सिंह, संजीव बालियान, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# कैरियर गाइडेंस मेले का भव्य आयोजन

**शामली।** राजकीय बालिका इण्टर कालेज कांधला शामली में आज जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर बृजेश कुमार शर्मा, जिला जज फैमिली कोर्ट शामली ने छात्र-छात्राओं को भविष्य में कैरियर बनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी एव विनय प्रताप सिंह भदौरिया एसडीएम न्यायिक कैराना ने छात्र-छात्राओं को सिविल सेवाओं में प्रतिभाग करने संबंधी जानकारी दी। जिला विद्यालय निरीक्षक शामली मती ऐश्वई जायसवाल ने शिक्षा विभाग की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए, शिक्षा विभाग में कैरियर बनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव एव सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता शामली शिवम मलिक ने छात्र-छात्राओं को कैरियर के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, एंव जिला पॉलिटेक्निक कॉलिज के प्रधानाचार्य के द्वारा भी छात्र-छात्राओं को भी विभिन्न कैरियर बनाने संबंधी जानकारी दी गई।

मच का सफल संचालन डा। अमित मलिक, प्रधानाचार्य रा. हाईस्कूल पावटी कलां के द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मती कविता जयजान के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की सफलता में डा. पुनीत कुमार आचार्य, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल बलवा, डा.विपिन कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल जैनपुर का विशेष सहयोग रहा।

साथ ही समस्त राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रधानाचार्यो का योगदान रहा है।



# खेलकूद के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलक.ूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने खेलों के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान एवं मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, राजस्थानी, मारवाड़ी, मराठी एवं पंजाबी नृत्यों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। विद्यालय द्वारा अभिभावकों के लिए भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, स्पून रेस आदि शामिल रहीं। विजेता अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शॉटपुट, जैवलिन, डिस्कस, 400 व 800 मीटर दौड़ तथा रिले रेस सहित अनेक प्रतिस्पर्धाओं में विज.ेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। खेलों के ओवरऑल प्रदर्शन के आधार पर अवेंजर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इनोवेटर हाउस द्वितीय, वॉरियर हाउस तृतीय एवं एक्सप्लोरर हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा।

# नाले की सफाई में लापरवाही की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में जनहित से जुड़ा एक गंभीर मामला मामला उठाते हुए एमएलसी किरणपाल कश्यप ने नाले की सफाई में हो रही लापरवाही को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

उन्होंने सदन में बताया कि मुंडभर भाज्जू से भौराकलां होते हुए कुरावा तक जाने वाला नाला बरसात के दौरान पूरी तरह भर जाता है, जिससे नाले के किनारे बसे अनेक गांवों पर जलभराव और तबाही का खतरा मंडराता रहता है। उन्होने कहा कि बरसात के दिनों में ग्रामीणों की फसलें नष्ट हो जाती हैं, मकानों में पानी भर जाता है और जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा यह लिखित रूप में अवगत कराया गया है कि वर्ष 2024-25 में नाले की सफाई करा दी गई है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है। उन्होने बताया कि नाले की सफाई केवल मशीन से ऊपर-ऊपर की गई है, कहीं भी गहराई से खुदाई नहीं कराई गई। नाले की स्थिति यह है कि वह ऊंचाई पर है, जबकि गांव निचले स्तर पर बसे हुए हैं। ऐसी स्थिति में बिना समुचित खुदाई के पानी की निकासी संभव नहीं है, जिसके चलते हर वर्ष बरसात में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि जब अधिकारियों द्वारा नाले की पूर्ण सफाई वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित बताई जा रही है, तो उससे पहले यदि सर्दियों में या अचानक भारी बारिश हो जाती है, तो गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी। मांग की कि नाले की तत्काल प्रभाव से गहन खुदाई एवं पूरी सफाई कराई जाए।

# महिला कल्याण विभाग के सहयोग से चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बाल दिवस के अवसर पर लाल लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज में शासन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, शामली के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित योजनाओं, अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचा.लित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह रोकथाम, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ।पूजा मलिक द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व एवं बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने छात्राओं को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इस दौरान छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में जागरूक किया गया तथा किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में 1090, 181, 1098, 1076, 102, 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी से अपील की गई कि वे समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# गोमाता को राष्ट्र माता व हिंदी को राष्ट्र भाषा घोषित किए जाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राष्ट्रवादी गायिका व प्रचारक कवि सिंह मानकी स्थित प्राचीन शिव मंदिर और श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में पहुंची और माता का आशीवार्द लिया। इस दौरान उन्होंने भारत सरकार से गौमाता को राष्ट्र माता और हिंदी को राष्ट्र भाषा घोषित किए जाने की मांग की।

देवबंद-मंगलौर मार्ग स्थित मनकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची कवि सिंह का समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करोड़ों भक्तों की आस्था का सम्मान करते हुए श्री कृष्ण भूमि पर श्री कृष्ण मंदिर का भव्य निर्माण होना चाहिए। इसी तरह सरकार को चाहिए कि वे गौमाता को राष्ट्र माता और हिंदी भाषा को राष्ट्र घोषित करे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी अपने धर्म को भलीभांति समझ सके इसलिए भारत के सभी विश्व.



विद्यालय व विद्यालयों में वेदों और ग्रंथो को पढाए जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

कवि सिंह ने यह मांग भी उठाई कि भारत में सभी हिंदू तीर्थस्थलों पर केवल हिंदुओं को दुकान लगाने की अनुमति मिले और तीर्थस्थलों को मांस-मदिरा मुक्त किया जाए। इस मौके पर यश श्रीवास्तव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# गोल्ड मेडल लाने पर ग्रामीणों ने किया खिलाड़ी का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देवबंद के रणखंडी गांव के होनहार खिलाड़ी चाहत सिंह ने 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। ग्रामीणों ने खिलाड़ी चाहत सिंह के गांव लौटने पर स्वागत किया।

चीन के शहर चोंगकिंग स्थित स्टेडियम में बोरोसिला एकेडमी एथलीट के तत्वावधान में 15 से 18 दिसंबर तक विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ था। इसमें कई देशों के खिलाड़ी शामिल थे। देवबंद के रणखंडी गांव से ओमपाल सिंह के पुत्र चाहत सिंह ने अंडर 16 में 1500 मीटर रेस में भाग लिया था। देवबंद लौटे चाहत सिंह ने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता में चीन के खिलाड़ी को पछाड़ते हुए उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे कराटे, बाक्सिंग, स्वीमिंग, ज्वेलिन थ्रो, हाई जंप, लोंग



जंप, दौड़ आदि खेलों में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड व अमेरिका समेत कई देशों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया था।

**चीन के शहर चोंगकिंग स्थित स्टेडियम में बोरोसिला एकेडमी एथलीट के तत्वावधान में हुआ था चार दिवासीय खेलो का आयोजन**

इसमें भारत से 15 खिलाड़ी थे, जिनमें चार खिलाडियों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। चाहत ने बताया कि पांच फरवरी को दिल्ली के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में हुए 38वें नेशनल ओपन गेम्स में जीत के बाद उनका चयन चीन में हुई उक्त प्रतियोगिता के लिए हुआ था। गांव पहुंचे चाहत सिंह का ग्रामीणों ने फूल मालाएं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और इसे गांव और जिले के लिए गौरवांवित करने वाले पल बताया। इस मौके पर ठा. अनिल सिंह, दिनेश राणा, ब्रजपाल फौजी, सत्य कुमार, आजाद राणा, बादल राणा मोनू कुमार, रमेश सिंह, सुखपाल सिंह, जयपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव सांपला बक्काल में टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। गांव की दो टीमों के बीच खेले गए रोमांचक मैच का ग्रामीणों ने जमकर आनंद लिया। विजेता टीम को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष शाजिया नाज और ग्राम प्रधान कुंवर इफ्तिखार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शाजिया नाज ने कहा कि खेल बेहद महत्वपूर्ण हैं। इससे न केवल शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है वर्तमान समय में हम इन खेलों को अपने करियर के रूप में भी चुन सकते हैं। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। दोनों टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले के बाद सभी खिलाडियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**देवबन्द।** घने कोहरे के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने शनिवार को खानकाह चौकी क्षेत्र में रिफ्लेक्टर अभियान चलाया। खानकाह चौकी इंचार्ज संदीप सिंह ने अपनी टीम के साथ दुपहिया, तिपहिया और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर चालकों को जागरूक किया। उन्होंने वाहन चाल. कों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत भी दी।

# दिल्ली दंगों के आरोपी बाइज्जत बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजधानी दिल्ली के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में हुए दंगों के मामले में दिल्ली की कडकडडूमा कोर्ट ने आगजनी और हिंसा के आरोपों में गिरफ्तार पांच लोगों को बाइज्जत बरी कर दिया है। साथ ही दिल्ली पुलिस की जांच और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट के फैसले को जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने न्याय की जीत बताया है।

मौलाना महमूद मदनी ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व राजधानी दिल्ली के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में हुए दंगों के मामले में कडकडडूमा कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोपों को किसी भी उचित संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह असफल रहा है, इसलिए उन्हें सम्मानपूर्वक बरी किया जाता है। बरी किए गए आरोपियों में अब्दुल सत्तार, आरिफ, मोहम्मद खालिद, हुनेन और तनवीर अली उर्फ गुल्लू शामिल हैं। बताया कि अदालत ने दिल्ली पुलिस जांच पर कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि जब अन्य दो गवाह अविश्वसनीय पाए गए हों, तो केवल एक सार्वजनिक गवाह की गवाही के आधार पर किसी भी आरा. पी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। मौलाना मदनी ने एडवोकेट सलीम मलिक और अन्य वकीलों की सराहना करते हुए कहा कि जमीयत की लगातार कानूनी कोशिशों से अब तक सौ से अधिक लोग सम्मानपूर्वक बरी हो चुके हैं, जबकि अभी भी डेढ़ सौ से अधिक मामलों में निर्णय आना शेष है। उनको भी इंसाफ दिलाने के



लिए जमीयत उलेमा ए हिंद लगातार कोशिश करती रहेगी। उधर, मौलाना महमूद मदनी ने कर्नाटक विधानसभा द्वारा घृणास्पद भाषण (हेट स्पीच) और नफरत पर आधारित अपराधों की रोकथाम के लिए कानून की मंजूरी दिए जाने का स्वागत किया है।

# फेयरवेल पार्टी में जूनियर छात्रों ने सीनियर को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बेनिसन पब्लिक स्कूल में आयोजित फेयरवेल पार्टी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच बिदाई दी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधतंत्र ने आयोजित फेयरवेल समारोह में विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इंद्रपुर रोड स्थित बेनिसन पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने खेल एवं मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की डायरेक्टर शाइस्ता चौधरी और नदीम चौधरी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आर्शीवाद दिया। प्राचार्य श्री श्रीकांत चौधरी ने



विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में समस्त स्कूल स्टॉफ शामिल रहा।

# गंगा खादर के जमीनी विवाद ने पकड़ा तूल

## भूमाफिया से लाखों की वसूली कर रहा है वन विभाग: चौधरी दिगम्बर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गंगा खादर क्षेत्र में चल रहे जमीनी विवाद ने तूल पकड़ लिया। फसल की जुताई करने पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों का किसानों ने घेराव किया। किसानों ने वन विभाग पर माफियाओं से हमसाज होकर राशिद उर्फ भूरे के साथ मारपीट कराने का आरोप लगाया।

राजगढ़ रेंज के अंतर्गत नांगल सोती के गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। वन विभाग की सैकड़ों बीघा भूमि पर कुछ किसानों ने फसल बो रखी है, जिसकी शिकायत नांगल सोती निवासी राशिद ने उच्च अधिकारियों से की थी। बृहस्पतिवार को वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में राशिद व शांति पक्ष में मारपीट हो गई थी। शांति की ओर से राशिद व एक अन्य के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। शनिवार को रेंजर विजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में वन





### रेंजर को नहीं पता वन विभाग की कितनी भूमि पर है कब्जा

**नांगल सोती।** राजगढ़ रेंज के रेंजर विजेंद्र प्रताप सिंह से जब किसानों ने पूछा की वन विभाग की कितनी भूमि पर अवैध कब्जा है तो रेंजर जवाब नहीं दे सके। रेंजर ने बताया कि उन्हें मालूम नहीं है की कितनी भूमि पर अवैध कब्जा है, जिस पर किसान भड़क गए और अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली।

विभाग की टीम फसल की जुताई करने खादर क्षेत्र पहुंची। टीम की भनक लगते ही भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, कुलबीर सिंह, विजय सिंह, राजवीर काकरान, अर्पण चौधरी, के नेतृत्व में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप था कि राशिद के शाथ वन विभाग के अधिकारियों ने खादर में बुलाकर माफियाओं से मारपीट कराई है और पुलिस को गुमराह कर उल्टे उसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। किसानों का आरोप है कि अधिकारी फसल जुताई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं और रात्रि में माफियाओं को गन्ना भरवाकर बिकवा रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। इसके साथ ही दिगम्बर सिंह ने कहा कि माफियाओं का इलाज होगा। साथ ही गंगा खादर के किसानों को उनकी भूमि पर उनका हक दिलाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग माफिया को फसल बोया कर लाखों की वसूली कर रहा है। इसके साथ ही वन विभाग किसानों का शोषण करने से बाज नहीं आ रहा है।

# एलईडी के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

**कोतवाली देहात।** थाना पुलिस द्वारा साइबर क्राइम रोकने के उद्देश्य से कस्बे में दो स्थानों पर एलईडी लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस द्वारा गाड़ी पर मोबाइल एलईडी लगाकर गांव-गांव लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में जागरूक किया जाएगा। शनिवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा नजीबाबाद तिराहा व नहटौर तिराहे पर एलईडी लगाई गई। एलइडी में साइबर फ्रॉड से बचाव की वीडियो प्रसारित की गई। व्यस्त तिराहों पर लगाई गई एलईडी से लोग सीधे जुड़ेंगे तथा साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक होंगे। कोतवाली देहात पुलिस की एक गाड़ी पर मोबाइल एलईडी लगाई गई है। यह गाड़ी गांव गांव जाकर साइबर क्राइम के बारे में बताएगी। एलईडी पर वीडियो चला कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर, अनिल राणा, विपिन कुमार, सौरभ कुमार, दीपक कुमार, अंकुर मान आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराध जागरूकता अभियान

**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम युसुफा में थाना शिवाला कला महिला आरक्षी रोकी व शिवानी के द्वारा महिलाओं एवं ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया व गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया।

# चांदपुर पुलिस पर गंभीर आरोप

**चांदपुर।** मौहल्ला शाहचंदन निवासी मौहम्मद सुलेमान पुत्र अब्दुल शकूर ने पुलिस महानिदेशक लखनऊ के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पुत्र शाहवेज की शादी शीबा नामक युवती से हुई थी। युवती से प्रेम संबंधों के चलते समीर पुत्र सत्तार, उमेर पुत्र अजीम, शहादत पुत्र मकसूद ने आपस में षड़यंत्र करके घर में अकेला देखकर उसके पुत्र शाहवेज को पंखे से लटका का निर्मम हत्या कर दी थी। शिकायती पत्र के अनुसार 27 अक्टूबर 2025 को मैंने लिखित तहरीर थाना चांदपुर मे दी थी। किंतु पुलिस ने प्रार्थी के पुत्र की हत्या को आत्महत्या मानते हुए रिपोर्ट दर्ज नही की। मैने 6 नवंबर 25 को एसपी से मिलकर मुकम्मल जानकारी का प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। लेकिन वहां भी सुनवाई न होने पर पीड़ित 5 दिसंबर 2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद के पास अपनी शिकायत लेकर गया। तब उनके द्वारा पुलिस थाना चांदपुर का प्रार्थी की रिपोर्ट दर्ज करने हेतु आदेशित किया गया। मजेदार बात यह रही कि पुलिस ने पांच दिसंबर को संपूर्ण तथ्यों सहित तहरीर दिए जाने के बाद भी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज न कर पुरानी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# गन्ने से भरा ट्रैक्टर ट्राला पलटा

**नांगल सोती।** एक ट्रैक्टर ट्राला गन्ना भरकर रायपुर खास उर्फ कोटसराय क्रय केंद्र से उत्तम शुगर मिल बरकतपुर जा रहा था। चंदक-नांगल मार्ग पर हनुमान मंदिर के समीप ट्रैक्टर ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया।

# फायरिंग के आरोपियों का चालान

**नहटौर।** ग्राम पपसरा निवासी कुलदीप राठी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव फलौदी का अंकित कुमार उर्फ सैतिया ने अपने साथियों के साथ बाईक से उनके घर पर आए और गाली-गलौच करने लगे। शोर शराबा सुनकर जब मैं और मेरे चाचा घर के बाहर आए तो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से पांच राउंड फायरिंग की। उन्होंने बामुश्किल अपनी जान बचाई। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देखकर फरार हो गए। फलौदी का अंकित कुमार उर्फ सैतिया पंजाबी व हरियाणवी अदाकारा का अंगरक्षक रहा है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में फलौदी के अंकित कुमार उर्फ सेतिया व गांव धनुपुरा के अक्षित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि अंकित उर्फ सेतिया व अक्षित का चालान किया गया है।

# महबिश की मौत के मामले में पुलिस ने पति व सास को किया गिरफ्तार

## तीन दिन पहले बरामद हुआ था शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेढा में विवाहिता मेहविश की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए पति व सास को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई दहेज हत्या के आरोप में की गई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक दुपट्टा भी बरामद किया है।

ज्ञात हो कि ग्राम सेढा निवासी कलीम की पत्नी मेहविश (22 वर्ष) की कुछ दिन पूर्व संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था।

परिजनों का कहना था कि शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से करीब आठ माह पूर्व हुई थी और हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया गया था, इसके बावजूद ससुराल पक्ष एक कार और नकद धनराशि की मांग कर रहा था।

मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर मेहविश को प्रताड़ित किया गया और बाद में फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था तथा परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस प्रेस नोट के अनुसार थाना धामपुर पर दहेज अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 20 दिसंबर को वांछित अभियुक्त कलीम पुत्र सलीम तथा फरजाना पत्नी सलीम, निवासी ग्राम सेढा थाना धामपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चुन्नी बरामद की गई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर इस कार्रवाई के बाद मृतका के परिजनों ने न्याय मिलने की उम्मीद जताई है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं अपने पुत्र शुभम त्यागी व उसकी पत्नी दिव्या त्यागी के गलत कृत्यों, गलत चाल चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से इनको बेदखल करती हूं। इनका मेरे और मेरे परिवार से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है, ना ही भविष्य में रहेगा। मेरा व मेरे परिवार का इनसे पूर्ण संबंध विच्छेद रहेगा। इनके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्य व लेनदेन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सुधा पत्नी स्व. शिवकुमार त्यागी**
ग्राम सिखेड़ा थाना निवाड़ी, हाल निवासी: परशुराम चौक, विवेक विहार, देवबंद जिला सहारनपुर।

# एसडी इंजीनियरिंग में कैनन कंपनी ने किया फोटोग्राफी वर्कशॉप

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में विश्व प्रसिद्ध कैनन कंपनी के सहयोग से एक दिवसीय फोटोग्राफी वर्कशॉप व प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक फोटोग्राफी तकनीकों, कैमरा हैंडलिंग, लाइटिंग, कंपोजिशन तथा फोटोग्राफी में करियर की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में कंपनी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तरांचल के हेड मैनेजर जितेंद्र कुमार ने कैनन की नवीनतम कैस्ट तकनीकों, प्रोफेशनल कैमरा रेंज एवं फोटोग्राफी में करियर अवसरों पर प्रकाश डाला। तकनीक के साथ रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। रिर्सोस पर्सन राजेश कामत ने फोटोग्राफी के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि सही कैमरा सेटिंग, लाइटिंग और कंपो. जिशन से बेहतरीन तस्वीरें कैसे ली जा



सकती हैं। रिर्सोस पार्टनर मनीष चावला ने फोटोग्राफी इंडस्ट्री में बदलते ट्रेंड्स, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन और फ्रीलांस अवसरों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर कैनन टीम द्वारा अपने आधुनिक कैमरों के माध्यम से विद्यार्थियों का लाइव फोटोशूट भी कराया गया, जिसमें छात्रों ने स्वयं कैमरा हैंडलिंग, एंगल चयन और लाइटिंग का व्यावहा. रिक अनुभव प्राप्त किया। इस गति. विधि को विद्यार्थियों ने अत्यंत रोचक एवं उपयोगी बताया। कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने कहा आज का समय केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि कौशल और जुनून को पहचानने का है। यदि आप अपने शौक को मेहनत और अनुशासन के साथ अपनाते हैं, तो वही शौक आपकी पहचान और करियर बन सकता है। असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीखें और निरंतर आगे बढ़ते रहें। ऐसे इंडस्ट्री-इंटरफेस कार्यक्रम विद्यार्थियों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नवाचार को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री की प्रदर्शनी

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज में शिक्षक शिक्षा विभाग में विद्यार्थियों के द्वारा निर्मित अधिगम सहायक सामग्री को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाकर आसपास के सरकारी स्कूल के शिक्षकों को अधिगम सहायक सामग्री की महत्वपूर्णता के प्रति जागरूक किया गया। प्रदर्शनी का प्रारंभ मुख्य अतिथि युनिवर्सल स्कूल के प्रधानाचार्य डा. अनुज शर्मा, कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डा. अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए शिक्षण सहायक सामग्री की बहुत अधिक प्रशंसा की। विज्ञान के वर्किंग मॉडल आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। इसी के साथ ही संस्कृत विषय में विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मक तरीके से मिट्टी के खिलौने सब्जियां एवं मॉडल बनाए गए, जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

**सूचना**

मेरी इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड वर्ष 2024 की मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 25688592 में पिता का नाम MR ABUL HAYAT SIDDIQUI दर्ज है जबकि उनका सही नाम ABUL HAYAT है।

ABUL ISMILE
S/O ABUL HAYAT
मोहल्ला टाकान देवबंद, सहारनपुर।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड की वर्ष 2022 की मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 25181975 में माता का नाम MRS GHAZALA SIDDIQUI और पिता का नाम MR ABUL HAYAT SIDDIQUI दर्ज है जबकि माता का सही नाम GAZALA SIDDIQUI और पिता का सही नाम ABUL HAYAT है।

ABUL ISMILE
S/O ABUL HAYAT
मोहल्ला टाकान देवबंद, सहारनपुर।

# लाखों की हेराफेरी का आरोप

**हल्दौर।** ग्राम पंचायत पैजनिया में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव पर विकास कार्यों को लेकर अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत के कुछ ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष व गहन जांच कराए जाने की मांग की है। चांदपुर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान ग्रामीणों ने शिकायती शपथ पत्र सौंप कर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत पैजनिया के ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी एवं पंचायत सचिव सलमान खान द्वारा विभिन्न विकास कार्यों में भारी धांधली की गई है। शिकायती शपथ पत्र देने वालों में देवेंद्र सिंह, नकुल कुमार, अनुज कुमार, विशेष कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विजेता हर्ष धीमान, अक्षत चौहान व प्रिंस राजपूत को प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने मुरादाबाद मंडल के मंडल आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने शील्ड व 5100 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचीन काल में गुरुकुल शिक्षा में भगवान राम और कृष्णा पढ़े थे, उस समय मौखिक शिक्षा पर चर्चा द्वारा परीक्षा होती थी लेकिन आज के समय में समय बदल गया है। जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम का प्रारंभ माता शारदा के समक्ष मंचासीन अतिथियों आन्जनेय कुमार सिंह बृजमोहन गुप्ता व्यवस्थापक, राजवीर सिंह कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ प्रारंभ किया गया। प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने मंचासीन अतिथियों एवं अन्य अतिथियों का परिचय व स्वागत कराया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त ने सभी को आशीर्वचन करते हुए कहा कि मुझे ऐसे कार्यक्रम में आना बहुत अच्छा लगता है क्योंकि आप लोग टॉपर्स हैं, आपको मार्गदर्शन मिलता है। जब आपके मन में यह विचार आएगा की संगमरमर में पौधे नहीं उगते उन्हें अपनी मिट्टी, उर्वरक की आवश्यकता होती है तो इन विद्या मंदि. रों में आपको फलने फूलने के लिए यह मिट्टी, पानी व उर्वरक प्राप्त होता रहता है।

# विश्व कप टी-20 टीम से बाहर गिल

## भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन व रिंकू सिंह को शामिल किया गया



**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज और उसके बाद होने वाले पुरुष टी-20 विश्व. कप कप 2026 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन और रिंकू सिंह को शामिल किया गया है। हाल ही में चोटिल हुए शुभमन गिल को टीम में जगह नहीं मिल पायी। यहां बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ हुई बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम से शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में गिल उप-कप्तान थे और चौथे मैच से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इस साल टी-20 में गिल का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ 291 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.25 और स्ट्राइक रेट 137.26 रहा और उनके नाम कोई अर्द्धशतक या शतक नहीं रहा। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाकर झारखंड को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले इशान किशन की भारतीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ 10 पारियों में 57-32 की औसत से 517 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 197-32 रहा। उन्होंने दो अर्द्धशतक और दो शतक बनाये, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जड़ा गया शतक (49 गेंदों पर 101 रन) भी शामिल है। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम दो टी-20 से बाहर होने वाले अक्षर पटेल को अब उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं एशिया कप में विजयी शॉट लगाने वाले रिंकू सिंह विश्व कप के लिए मुख्य टीम में वापस आ गए हैं। वॉलशगटन सुंदर भी इस बार मुख्य टीम का हिस्सा हैं। यही टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी खेलेगी। संजू सैमसन के अलावा किशन टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे। टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अन्य दो तेज गेंदबाज हैं। स्पिनरों में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव शामिल हैं। भारत टी-20 विश्वकप से पहले भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। टी-20 सीरीज 21 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जाएगी। 11 से 18 जनवरी तक खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।

**भारतीय टीम प्रकार है:-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उप-कप्तान) रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।




### खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम व श्रीलंका के बीच रविवार से शुरु होगी पांच मैचों की टी-20 सीरीज

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** एकदिवसीय विश्वकप चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को पहली बार विशाखापत्तनम में शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में श्रीलंका की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट के पहले दो मैच विशाखापत्तनम में खेले जायेंगे। जिसके बाद सीरीज के आखिरी तीन मैचों तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यह सीरीज 30 दिसंबर तक चलेगी। पिछले महीने एकदिवसीय प्रारुप में विश्व चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला टीम का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। श्रीलंका सीरीज के लिए 15 सदीस्यी भारतीय टीम में विश्व कप जीतने वाली टीम के कई सदस्य, जिनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और प्लेयर ऑफ द सीरीज दीप्ति शर्मा शामिल हैं। कोच अमोल मजूमदार ने 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया है। कमलिनी यास्तिका भाटिया की जगह लेंगी, जो विश्व कप में चोट लगने के बाद रिहैब से गुजर रही हैं। इस बीच वैष्णवी को सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2025 में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस टूर्नामेंट में वह सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने आखिरी बार जुलाई में टी-20 सीरीज खेली थी और इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। श्रीलंका की टीम भारत सीरीज में अनुभवी चमारी अटापट्टू की कप्तानी में खेलेगी। यह सीरीज अगले साल जून-जुलाई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण


## छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से हार्दिक ने माफी मांगी

- **हार्दिक ने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के दौरान उनके छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से माफी मांगी और उनका हालचाल पूछा।

कल रात खेले गए इस मुक. ाबले में पांड्या की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच में जान डाल दी थी। उन्होंने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया। चोट इतनी तेज थी कि भारतीय डगआउट का ध्यान भी उस पर गया और असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट इस घटना पर साफ तौर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिखे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, कैमरामैन ने कहा कि वह ठीक है और मेडिकल स्टाफ से बर्फ की सिकाई करवाने के बाद भी उसने अपना काम जारी रखा। उसने कहा कि अगर गेंद उसे कहीं और लगी होती तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। मैच खत्म होने के तुरंत बाद हार्दिक सीधे उस कैमरामैन के पास पहुंचे और उसका हालचाल जाना। उसे गले लगाया और दर्द कम करने के लिए खुद बर्फ की सिकाई करने में मदद की। भारतीय स्टार ने कहा कि कैमरामैन खुशकिस्मत था कि गेंद उसके हाथ पर लगी न कि किसी और नाजुक जगह पर।

# हॉज का शतक, विंडीज 381/6



- **केवम हॉज ने नाबाद 109 रन एलेक ने 45 और ग्रिव्स ने 43 रनों की जुझारू पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** केवम हॉज (नाबाद 109), ऐलेक ऐथनेज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) की जूझारू परियों के दम पर वेस्टइंडीज ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को स्टंप्स के समय छह विकेट पर 381 रन बना लिए है। हालांकि वह न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से अभी भी 194 रन पीछे है। यहां वेस्टइंडीज ने कल के 110 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड को पहली सफलता जेकब डफी ने जॉन कैंपबेल (45) को टॉम लेथम के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद 35वें ओवर में उन्होंने ब्रैंडन किंग (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद केवम हॉज और टेविन इमलाक के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 56वें ओवर में माइकल रे ने टेविन इमलाक (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। ऐलेक ऐथनेज 57 गेंदों में (45), जस्टिन ग्रीव्स 69 गेंदों में (43) और कप्तान रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 381 रन बना लिए थे और केवम हॉज (नाबाद 109) और एंडरसन फिलीप (नाबाद 12) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी और एजाज पटेल ने दो-दो विकेट लिए।

## विजय हजारे टूर्नामेंट में मुंबई के लिए दो मैच खेलेंगे रोहित

- **शार्दूल ठाकुर मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे, सरफराज मुशीर और रघुवंशी भी शामिल**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय एकदिवसीय टीम के धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर मुम्बई टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में सरफराज खान, मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। इसके अलावा टीम में कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 2019 में इंडिया इमर्जिंग के लिए चार लिस्ट ए मैच खेलने वाले चिन्मय सुतार को टीम में जगह मिली है, साथ ही बल्लेबाज ईशान मुलचंदानी और तेज गेंदबाज ओंक. ार तरमाले को भी शामिल किया गया है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की नीलामी में ओंकार तरमाले को खरीदा था। जाने-पहचाने चेहरों में, सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तमोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी और तनुष कोटियन शामिल हैं। टीम में अलजक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे नहीं है। टूर्नामेंट में मुंबई ग्रुप सी में है। मुम्बई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। दो दिन बाद, वे उत्तराखंड का सामना करेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), रोहित, ईशान मुल. चंदानी, मुशीर खान, अंगकृष रघुवंशी, सरफराज, सिद्धेश, चिन्मय, आकाश (विकेटकीपर), हार्दिक(विकेटकीपर)

## श्रीलंका ने टी-20 विश्व कप के लिए शनाका की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की




कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑलराउंडर दासुन शनाका की अगुवाई में 25 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा की है। चयनकर्ताओं ने टीम में पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा और पूर्व कप्तान असलंका जैसे सफेद गेंद क्रिकेट का अनुभव रखने वाले मजबूत खिलाड़ियों को शामिल किया हैं। ऑलराउंडर के तौर पर वानिंदु हसरंगा, धनंजय डी सिल्वा, कामिंदु मेंडिस और दुनिथ वेल्लालागे बल्ले और गेंद दोनों से संतुलन प्रदान करते हैं। गेंदबाजी यूनिट में दुशमंथा चमीरा और मथीशा पथिराना जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज शामिल हैं, साथ ही मिस्ट्री स्पिनर महेश थीक्षाना भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, ईशान मलिंगा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू जैसे कई युवा खिलाड़ियों को भी टूर्नामेंट से पहले अपनी जगह बनाने का मौका मिला है।

टीम में 2024 में हुए पिछले टी-20 विश्व कप के तेरह खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के अगले एडिशन के लिए बरकरार रखा गया है। इनमें शनाका, हसरंगा, असलंका, कुसल मेंडिस, निसांका, कामिंदु मेंडिस, डी सिल्वा, थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालागे, चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम टीम की पुष्टि सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के करीब की जाएगी।

**आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए श्रीलंका की प्रारंभिक टीम इस प्रकार है:-** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, निरोशन डिकवेला, जेनिथ लियानगे, चैरिथ असालंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रथनायके, सहान अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, मिलन रथनायके, नुवान तुषारा, ईशान मललगा, दुष्मंथा चमीरा, प्रमोद मदुशन। मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महेश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू।

## तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया



- **अवॉर्ड मिलने के बाद तिलकर ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर, एक बहुत ही खास इंसान से इस पाकर अच्छा ही लगा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अगल-अगल परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' पदक से सम्मानित किया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' इंडिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20आई सीरीज 2025 टाइटल वाले एक वीडियो में, तिलक को भारतीय टीम के ट्रेनिंग असिस्टेंट राघवेंद्र द्वगी ने पदक प्रदान किया। जब भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांचवें और आखिरी टी-20ᵖ में 30 रन से जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम की। ड्रेसिंग रूम में हुए पुरस्कार समारोह में राघवेंद्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करने में धैर्य, आत्मविश्वास और लचीलेपन के महत्व के बारे में बात की।

भारत की यह जीत लगातार आठवीं टी-20 सीरीज जीत थी, जो सबसे छोटे प्रारुप में टीम की निरंतरता को दिखाती है। सीरीज के निर्णायक मैच में तिलक ने 42 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 73 रनों की शानदार पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए, सलामी बल्लेबाजों द्वारा मजबूत नींव रखने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ एक महत्वपूर्ण शतकीय साझेदारी की, जिससे भारत 231 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचा। अवॉर्ड मिलने के बाद तिलक ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर और एक बहुत ही खास इंसान से इसे पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से हमने दबाव में खेला, वह देखना बहुत अच्छा था। आने वाली न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप में हमारी परीक्षा होगी, और आइए हम उसी रवैये के साथ उन्हें जीतें। तिलक ने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर चार पारियों में 62-33 की शानदार औसत और 131-69 के स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए। उनके खाते में दो अर्द्धशतक शामिल थे, जिसमें 73 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पूरी सीरीज के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपनी अनुकूलन क्षमता और खेल की समझ का प्रदर्शन किया। पहले टी-20 में, नंबर 4 पर 32 गेंदों में उनके 26 रनों की सधी हुई पारी ने भारत को शुरुआती 48 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद संभालने में मदद की, जिससे बाद में बड़े स्कोर की नींव रखी गई। दूसरे मैच में, 214 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, तिलक ने नंबर 5 पर 34 गेंदों में शानदार 62 रन बनाकर अकेले ही लड़ाई लड़ी, जबकि उनके आस-पास विकेट गिरते रहे। इसके बाद उन्होंने तीसरे टी-20 में नाबाद 26 रन बनाकर मैच खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।

# कमिंस-नेथन ने इंग्लैंड को हार की ओर धकेला



- **पैट कमिंस और नेथन लॉयने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**एडिलेड, वार्ता।** ट्रैविस हेड (170) और एलेक्स कैरी (72) की शानदार बल्लेबाजी के बाद पैट कमिंस और नेथन लायन (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को दूसरी पारी में 349 का स्कोर करने के बाद 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के दूसरी पारी में 207 के स्कोर पर छह विकेट झटक कर उसे हार की ओर धकेल दिया है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। उन्हें जॉश टंग ने आउट किया। ट्रैविस हेड ने 219 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 170 रनों की पारी खेली। 79वें ओवर में बेन स्टोक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे एलेक्स कैरी को अपना शिकार बना लिया। एलेक्स कैरी ने 128 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 72 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद इग्लिस गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर हावी हो गए और जल्द ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी को 84-4 ओवर में 349 के स्कोर पर समेट दिया। जॉश इंग्लिस (10), पैट कमिंस (छह), नेथन लायन (शून्य) और स्टॉक बोलैंड (एक) रन बनाकर आउट हुये।

इंग्लैंड की ओर से जॉश टंग ने चार और ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, विल जैक्स और बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप भी 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जो रूट ने जैक क्रॉली के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में पैट कमिंस ने जो रूट (39) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हैरी ब्रूक (30), कप्तान बेन स्टोक्स (पांच) को नेथन लायन ने आउट किया। इंग्लैंड का छठा विकेट 54वें ओवर में जैक क्रॉली के रूप में गिरा। उन्हें भी नेथन लायन ने आउट किया। जैक क्रॉली ने 151 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 207 रन बना लिए है और उसे मैच जीतने के लिए 228 रनों की जरूरत है। उसके पास अब केवल चार विकेट शेष है। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ (नाबाद दो) और विल जैक्स (नाबाद 11) क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और नेथन लायन ने (तीन-तीन विकेट) झटके।

## ब्राजील विश्व कप से पहले फ्रांस क्रोएशिया के साथ खेलेगा मैत्री मैच

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेड रेशन ने कहा है कि उनकी राष्ट्रीय टीम अगले साल फीफा विश्व कप की तैयारी के लिए अमेरिका में फांस और क्रोएशिया के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। सीबीएफ के बयान के अनुसार, पांच बार की विश्व चैंपियन टीम 26 मार्च को बोस्टन में फांस का सामना करेगी, जिसके बाद 31 मार्च को ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैच होगा। ये मैच ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी को विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले खिलाड़ियों का आकलन करने का आखिरी मौका देंगे। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जायेगा। ब्राजील ने 10 टीमों वाली द. अमेरिकन क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर रहकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया।

# न्यूजीलैंड ने अंडर-19 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**ऑकलैंड, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड ने टॉम जोन्स की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) की वेबसाइट के अनुसार ओटागो के ओपनर टॉम जोन्स को टीम का कैप्टन बनाया गया है। जोन्स का यह दूसरा अंडर-19 विश्वकप है। टीम दो जनवरी को अफ्रीका के लिए रवाना होगी। जोन्स ने पिछले महीने ओटागो के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में 119 रन बनाकर अपनी काबिलियत दिखाई थी। टीम में जोन्स के साथ डोमेस्टिक कैप वाले प्लेयर्स में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बैट्समैन स्नेहिथ रेढी और विकेटकीपर आर्यन मान, ओटागो के फास्ट बॉलर मेसन क्लार्क और ऑकलैंड के बॉलिंग ऑलराउंडर जसकरण संधू शामिल हैं। रेड्डी व क्लार्क ने इस साल की शुरुआत में ए सूची में डेब्यू किया था।

## फिलिप के 96 रन व एडवड्र्स के पांच विकेट की मदद से सिडनी सिक्सर्स ने सीजन की पहली जीत हासिल की

**सिडनी, वार्ता।** जॉश फिलिप के (96) और बाबर आजम (58) के अर्धशतकीय पारियों के बद जैक एडवड्र्स के (पांच विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 47 रनों से हरा दिया है। यह सिडनी सिक्सर्स की सीजन की पहली जीत है। यहां खेले गए मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बाबर आजम ने अपना पहला बीबीएल में अर्द्धशतक लगाया, और शानदार फॉर्म में चल रहे जॉश फिलिप के साथ मिलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे सिक्सर्स ने थंडर को हराकर जीत दर्ज की। बाबर ने 42 गेंदों में 58 रन बनाकर सिक्सर्स की पारी को संभाला और फिलिप के साथ दूसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की, जो आखिरी ओवर में 57 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हो गए। डैनियल ह्यूजेस ने 25 रनों की पारी खेली। थंडर के लिए रीस टोपले ने तीन विकेट लिये। नाथन मैकएंड्रयू को दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी थंडर शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये।

# संगठित मकतबों की स्थापना को मंजूरी का निर्णय

## जमीअत उलेमा हिन्द जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय, अगले 6 महीनों में होंगे कई कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जमीयत उलेमा जिला कार्यकारिणी बैठक में दीनी तालीमी बोर्ड के अंतर्गत प्रत्येक तहसील में संगठित मकतबों की स्थापना को मंजूरी देने के साथ ही कई अहम फैसले लिये गये।

आज बेहट तहसील क्षेत्र के मदरसा फैज हिदायत रहीमी रायपुर में आयोजित बैठक का शुभारंभ कारी रईस अहमद द्वारा पवित्र कुरआन की तिलावत से हुआ। अध्यक्षता जिला जमीयत के संरक्षक एवं प्रसिद्ध धर्मगुरु मौलाना मोहम्मद ताहिर शेखुल हदीस ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी मौलाना मोहम्मद इब्राहीम कासमी, सचिव जमीयत उलेमा ने निभाई।

जमीयत केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुसार बैठक में कई महत्वपूर्ण और आवश्यक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में दीनी ताल. ीमी बोर्ड के अंतर्गत प्रत्येक तहसील में संगठित मकतबों की स्थापना को मंजूरी दी गई। इसके तहत तहसील नकुड़ में पाँच, सरसावा में पाँच, रामपुर में चार, देवबंद में तीन, सदर तहसील में तीन तथा तहसील बेहट में तीन मकतब स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

दूसरा प्रमुख एजेंडा अरबीय मदरसों से संबंधित रहा, जिसके अंतर्गत यह तय किया गया कि रमजानुल मुबारक में मदरसों के लिए जारी की जाने वाली तस्दीक (प्रमाण-पत्र) जिला जमीयत द्वारा जारी की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक तहसील को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने क्षेत्र के मदरसों की पूरी जांच-पड़ताल करे और केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करे। तहसील सदर की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही जिला अध्यक्ष द्वारा तस्दीक जारी की जाएगी। इस बात पर भी विशेष जोर दिया गया कि जिला स्तर से जारी तस्दीक पूर्वी जोन, प्रदेश और केंद्र स्तर पर मान्य हो, जिसके लिए जिला अध्यक्ष और जनरल सेक्रेटरी आपसी समन्वय बनाए रखेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिला स्तर पर अधिवक्ताओं की एक टीम गठित की जाएगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सेवाएं और समय पर परामर्श उपलब्ध कराया जा सके। इस जिम्मेदारी के लिए कार्यकारिणी सदस्य मौलाना फरीद मजाहिरी को नामित किया गया, जो अधिवक्ताओं से संपर्क कर अगली बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

इसके साथ ही प्रत्येक तहसील से दो ऐसे सक्रिय, ऊर्जावान और आधुनिक शिक्षा से लैस व्यक्तियों के चयन पर भी सहमति बनी, जिनका चयन संबंधित तहसील अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

जमीयत केंद्र के निर्देशानुसार जिले को आगामी छह महीनों के भीतर कई कार्यक्रम पूरे करने का लक्ष्य दिया गया है, जिनमें समाज सुधार एवं दर्स-ए-कुरआन, आधुनिक मकतबों की स्थापना, इमामों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, तर्बियत-ए-जौजैन (दांपत्य प्रशिक्षण) कार्यशालाएं, जिला सद्भावना कार्यक्रम, युवा उलेमा के लिए प्रशिक्षण सत्र तथा मदरसा छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं।

बैठक में जिलाध्यक्ष मौलाना गुलफाम, मौलाना हुसैन अहमद मदनी, मौलाना सरताज, मौलाना फरीद मजाहिरी, मुफ्ती आरिफ मजा. हिरी, मौलाना शमशीर कासमी, कारी शौकीनुल हसन, चौधरी सादिक, कारी रईस अहमद सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पंजाब बना ओवरऑल चैंपियन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिछले पांच दिनों से चल रही 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता कुराश आज पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई। पंजाब ओवर ऑल चैंपियन, दिल्ली रनर अप रही, जबकि मेजबान उत्तर प्रदेश को तीसरा स्थान मिला।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संसदीय कार्य मंत्री जसवंत सैनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल खेलने और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने आयोजन को सफल बताया तथा सभी के प्रयासों की सराहना की। समापन कार्यक्रम के अवसर पर जे बी एस हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने राजस्थानी संस्कृति और कला को समेटे हुए मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

श्री दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अपने नृत्य के माध्यम से सभी को उत्तराखंड की मिट्टी की खुशबू से सराबोर कर दिया। पंजाबी लोक नृत्य की प्रस्तुति से गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इससे पहले संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा एस. के. सुमन ने मंत्री जसवंत सैनी का बालवृक्ष, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अरविन्द पाठक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी ने पूर्व मंत्री संजय गर्ग का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जसवंत सैनी ने विजेता खिलाडियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

अंडर 17 मेल में उत्तर प्रदेश प्रथम, दिल्ली द्वितीय, पंजाब तृतीय, महिला में दिल्ली प्रथम, महाराष्ट्र द्वितीय, उत्तर प्रदेश तृतीय, अंडर 17 पुरूष में उत्तर प्रदेश प्रथम, पंजाब व मध्य प्रदेश द्वितीय, दिल्ली तृतीय, महिला में पंजाब प्रथम, दिल्ली द्वितीय, उत्तर प्रदेश तृतीय, अंडर 19 पुरूष में पंजाब प्रथम, दिल्ली द्वितीय, उत्तर प्रदेश तृतीय, महिला में दिल्ली प्रथम, पंजाब द्वितीय, उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा। ऑल ओवर चैंपियन पंजाब बना, जबकि दिल्ली की टीम रनर अप रही और मेजबान उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा।

**दिल्ली दूसरे और मेजबान उत्तर प्रदेश रहा तीसरे स्थान पर**

अंत में संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा एस के सुमन द्वारा मुख्य अतिथि के सामने पाँच दिन से चल रहे कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी दी गई तथा सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर कुराश एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव विक्रांत कुमार भी मौजूद रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत की दिलाई गई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बालिक. ाओं को बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में जागरूक किया गया।

गिल कालोनी स्थित भारतीय जूनियर हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को शपथ दिलायी गयी। बालिकाओं को बताया गया कि यदि आपके आसपास कोई भी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरक. ारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना(सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



# चोरी की दो वारदातों का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का सफलतापूर्वक अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के पास से चोरी का 8,000 रुपये नकद बरामद हुआ।

पहली घटना 10 सितंबर की है, जब अज्ञात चोर ने वादी के मोटर जनरेटर की चोरी की थी। इस संबंध में थाना फतेहपुर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। दूसरी घटना 4 नवंबर की है, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने वादी के घर से जेवरात, एलईडी टीवी तथा 25,000 रुपये नकद चोरी कर लिए थे। इस पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल रोहित सिंह तथा हेड कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल थे पुलिस ने खाटू श्याम कॉलोनी गेट के पास से अभियुक्त मोहित पुत्र रमेश. चंद निवासी ग्राम जयसिंघा, को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दोनों मुकदमों में धारा 317(2)/331(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्त मोि. हत का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले एनडीपीएस एक्ट तथा वर्तमान चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

# लोगों से भागेदारी का आह्वान

**गंगोह।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा गंगोह थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रचार प्रसार के लिए नगर में होर्डिंग लगाकर पंपलेट भी बांटे गए है। अध्यक्ष हर्षित सैनी के अनुसार यह कार्यक्रम धर्म, आस्था व सनातन संस्कारों की रक्षा हेतु सुख शांति व अमन चैन की कामना से शिव मंदिर में 23 दिसंबर को शाम 5 बजे होगा।

# भैंसा चोरी का वांछित गिरफ्तार

**नागल।** भैंस चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि गत 29 सितंबर की रात को चोरों ने थाना क्षेत्र के गांव सुहाग. नी निवासी अब्दुल जब्बार के घेर की दीवार उखाड़ कर वहां बंधी भैंस चोरी कर ली थी। मामले की रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस ने कई दिन बाद गांगनौली रोड से संदिग्ध वाहन चे. कंग के दौरान रात मे पिकअप गाड़ी में चोरी की गई दो भैंस को लेकर जाते समय तीन युवकों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया था। इस दौरान दो बदमाश पुलिस को चकमा देते हुए जंगल के रास्ते फरार हो गए थे।

# समाजसेवी कायनात सपा में शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** किन्नर समाज की वरिष्ठ समाजसेवी कायनात राजपूत ने आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी के समक्ष समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

नगर कार्यकारिणी सदस्य शाहवेज मलिक के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कायनात राजपूत का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी धर्म वर्गों के साथ-साथ किन्नर समाज का सम्मान करती है अखिलेश यादव एकमात्र ऐसे नेता हैं जो विकास की बात करते हैं इसलिए आज हम समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कर्म सिंह ने कहा कि सपा सरकार बनाने जा रही है।

इस दौरान नईम, अमान मलिक, कैफ पठान, शाहरुख कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को कम्बलों का किया वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** श्री शाकंभरी किसान एवं मजदूर सहयोग समिति के तत्वावधान में यमुना खादर इंटर कॉलेज कम्बोह माजरा में गरीब जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु एक नि:शुल्क कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें विगत वर्षों की भांति इस बार भी हजारों जरुरतमंदों को ठंड से निजात दिलाई गई है।

इस दौरान आयोजकों द्वारा उपस्थित सभी लोगों के लिए भोजन विश्राम की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि शायान मसूद ने बोलते हुए कहा है कि जरुरत मंदों की यथायोग्य मदद सेवा करने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है, इस लिए हमें अपनी



शुद्ध कमाई में से एक हिस्सा किसी भी रूप में गरीब जरूरतमंदों तक अवश्य पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि कुरान शरीफ में भी फरमाया गया है कि जो किसी गरीब जरूरतमंद को एक रुपया भी खैरात करते हैं, खुदा उन्हें सात सौ गुणा सबाब अता फरमाते हैं। पूर्व प्रधानाचार्य व कार्यक्रम संयोजक नाथी राम कांबोज ने कहा है कि इस दुनिया की सबसे पुरानी एवं बड़ी पुस्तक ऋग्वेद में भी बताया गया है कि दानशील व्यक्ति पुत्र- पौत्र ,धन-धान्य और ऐश्वर्य प्राप्त करता है।

ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास ने बोलते हुए कहा कि हमे बेसहारा और निर्धन लोगों की समय समय पर मदद करनी चाहिए। समाजसेवी एवं व्यवसाई चौधरी रणबीर सिंह बरथा असलम पुर, ठाकुर तेजवीर सिंह विजय सैनी, चौधरी कर्म सिंह चौंची, विश्वास नम्बरदार, समाज देवी रोहित राणा, मास्टर अजय कुमार सैनी,देवपाल सिंह राणा आदि ने भी अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आंसु सैनी रसूलपुर, ऋषि पाल कांबोज, सर्वेश कांबोज, बिट्टू चौधरी, प्रधान चौधरी रामकुमार, गौरव चौधरी, संजय सैनी प्रधान, अनिल सैनी, चौधरी नारायण सिंह, मोंटी कुमार सैनी, शुभम् कुमार सैनी, तेजपाल सिंह, बुध सिंह कांबोज,अनुज कुमार सैनी, योगेश शर्मा,दिनेश कुमार कांबोज, मेहरसिंह कांबोज, राजबीर सिंह, आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाइन हॉल स्कूल के स्पोर्टस डे में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया।

पाइनवुड स्कूल में आयोजित स्पोर्टस डे में मुख्य अतिथि मेयर डा.अजय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, पाइनवुड की डायरेक्टर संतोष गुप्ता व प्रिंसीपल डा.संजीव जैन की गरिमामय उपस्थिति रही। मेयर डा.अजय सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वास्थ्य प्रदान करता है, बल्कि यह हमें मान. सिक रूप से बनाते हुए अनुशासन में रहने की प्रेरणा देता है। बच्चों ने कदम से कदम ताल मिलाकर मार्च पास्ट किया। जिसके बाद बच्चों ने अलग-अलग समूह में शानदार डिस्पले पेश किया। खेल प्रतिस्पर्धाओं में रिले रेस, हसल, हूप, स्पाइडर रेस, बैलेंसिंग रेस, थ्री लैग्ड रेस में बच्चों ने हिस्सेदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

अंत में पाइनहाल की प्रिंसीपल श्रीमती विभा स्कॉट ने विजेता बच्चों को मेडल प्रदान कर उनकी हौंसला अफजाई की। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पति को बेसुध कर, नकदी व जेवर लेकर दुल्हन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव निवासी पीड़ित युवक ने अपनी नई नवेली दुल्हन पर उसे नशीला पदार्थ खिलाकर घर में रखी नकदी व सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार होने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक गांव चकबीबीपुर निवासी युवक बबलू पुत्र जनार्धन की शादी वाराणसी निवासी युवती, हाल निवासी मिद्दा जिला यमुनानगर हरियाणा के साथ 28 सितम्बर सन् 2025 को हुई थी। बबलू ने बताया है कि उसने शादी के एवज में क्षेत्र के गांव धौलाहेडी निवासी एक बिचौलिए के माध्यम से दुल्हन की बहन व मौसी को दो लाख रूपये बतौर शादी खर्च भी दिये थे। पीड़ित बबलू का आरोप है कि शादी के लगभग ढाई माह बाद शुक्रवार की रात्रि को उसकी दुल्हन ने उसे खाने में नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह गहरी नींद में सो गया और वह घर में रखी 247000 रुपये की नकदी, सोने चांदी के आभूषण, सोने का मंगलसूत्र, सोने की तिल्ली, सोने की अंगूठी, सोने के कुंडल, चांदी की पाजेब व एक मोबाईल फोन लेकर फरार हो गयी। शनिवार को जब पीड़ित नींद से जागा तो घर पर उसकी पत्नी नहीं थी, जिसे मोहल्ले पडोस में तलाश किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।पीड़ित ने यदि पत्नी की बहन, मौसी व बिचौलिए से फोन पर बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, बल्कि उल्टे पीड़ित को ही धमकियां देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगायी है।

# भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर का आज प्रदेश अध्यक्ष धमेंद्र तोमर के आवास पर स्वागत किया गया।

शिव विहार स्थित आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न दलों व समाज के लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि किसानों को संगठित होकर अपनी आवाज को बुलंद करना होगा। मौजूदा समय में किसानों के समक्ष कई समस्याएं है जिसके चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा कि आज सरकार भी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है। इसलिये किसानों की एकजुटता से भाकियू तोमर समस्याओं का समाधान करा सकती है। प्रदेश अध्यक्ष धमेंद्र तोमर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर से मौजूद लोगों का परिचय कराया और कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने में कोई कमी नहीं छोडी जा रही है।

इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, नवाब गुर्जर आदि ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर से किसानों की समस्याओं को लेकर बातचीत की।

# प्रशिक्षण के अंतिम दिन वितरित किए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह ने कहा किचिन्हित बच्चों को बाल वाटिका में नामांकित करते हुए उनके शैक्षिक एवं शारीरिक विकास पर ध्यान दिया जाएगा।

अरविंद कुमार सिंह ने यह बात खंड संसाधन केंद्र मवीकला में नये नियुक्त ईसीसीई एजुकेटर के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर कही। उन्होंने कहा कि समस्त आंगनबाड़ी केंद्र बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित थी, परंतु नई शिक्षा नीति 2020 के उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री प्राइमरी के रूप में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में को -लोकेटेड आंगनबाड़ी के नाम से संचालित हैं, जिनमें शैक्षिक सपोर्ट हेतु बाल वाटिका संचालित की गई है। उक्त बाल वाटिकाओं में इन सभी एजुकेटर को नियुक्ति दी गई है। इनको बच्चों के शैक्षिक, समग्र विकास हेतु निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विद्यालय में लर्निंग कॉर्नर, स्टेशनरी मटेरियल, सामग्री विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जाएगी। बाल वाटिका में आउटडोर प्ले मटेरियल, बाल मैत्री फर्नीचर इत्यादि उपलब्ध कराये गए हैं। सभी एजुकेटर साम. ुदायिक सहभागिता के लिए माता उन्मुखीकरण, बाल मेला, हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे और बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनका शारीरिक मानसिक विकास करेंगे।



कार्यक्रम में सन्दर्भदाता के रूप में डायट प्रवक्ता आरती, महेंद्र अधिकारी, शगुफ्ता यास्मीन, स्टेट रिसोर्स ग्रुप से कपिल दुआ, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन अंकिमा जैन के द्वारा बाल वाटिका मे बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों के संबंध में एजुकेटर को प्रशिक्षित किया गया।कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह एवं डायट प्रवक्ता आरती के द्वारा सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# जिला जज, डीएम व एसएसपी का जिला कारागार में निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं एसएसपी आशीष तिवारी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।

अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को भी परखा। बंदियों से संवाद कर उनका हाल-चाल लेते हुए जेल प्रशासन द्वारा प्रदत्त कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जनपद न्यायाधीश ने बंदियों से कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की विधिक या कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो वह इसके लिए बिना किसी संकोच के बता सकते हैं। शासन द्वारा आपको नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उनके द्वारा



चिकित्सालय, मैस और बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जिला जेल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु अंदर नहीं आनी चाहिए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।


इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, उपायुक्त उद्योग सचिन जैन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस कार्यवाही की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कोतवाली पुलिस ने यूपीआई से एक लाख रुपये निकलने की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए सराहनीय कार्रवाई की है। पुलिस की सतर्कता के चलते पीड़ित की पूरी धनराशि समय रहते खाते में होल्ड कराकर शत प्रतिशत सुरक्षित करा ली गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि कस्बे के नयागांव निवासी राकेश पुत्र राजपाल ने 16 दिसंबर को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि उसके ही मोबाइल फोन से यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपये निकल गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बिना देरी किए संबंधित बैंक से संपर्क किया और तकनीकी प्रक्रिया पूरी कर धनराशि को तुरंत होल्ड करा दिया।



गोवा। स्थानीय निकाय चुनावों में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत व उनका परिवार।

## ढाका में सुपुर्द-ए-खाक किए गए उस्मान हादी, नमाज-ए-जनाजे में शामिल हुए यूनुस

**ढाका।** ढाका में उस्मान हादी के नमाज-ए-जनाजे के बाद उन्हें ढाका में ही दफन किया गया है। बता दें कि करीब एक हफ्ते पहले एक जनसभा के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी और सिगापुर में पांच दिन के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद बीते दिन उनका शव ढाका लाया गया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी छात्र नेता उस्मान हादी के नमाज ए जनाजा में शामिल हुए। इस दौरान सराकर के वरिष्ठ अधिकारी और हजारों लोग भी मौजूद रहे।

# बंगलादेश में गहराता संकट, लंबी निष्क्रियता का परिणाम

## कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव, पड़ोसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा

**नई दिल्ली।** बंगलादेश में भीड़ की हिंसा, सत्ता का कमजोर होना और कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह पघेसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा है।

मैमनसिह के भालुका में फैक्ट्री मजदूर दीपु चंद्र दास की भीड़ द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में हत्या किया जाना कानून और सार्वजनिक व्यवस्था के पतन को दर्शाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनके शव को जलाने का प्रयास और उसके बाद की अराजकता इस बात की ओर संकेत करती है कि समाज में भय ने संस्थानों पर हावी होना शुरू कर दिया है। यह हिंसा कोई अलग घटना नहीं है। इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल गरम हो गया था। कट्टर समूहों, चरमपंथी नेटवर्क और अवसरवादी राजनीतिक तत्वों



■ इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल हो गया था गरम

ने अनिश्चितता और प्रशासनिक जड़ता का लाभ उठाया है। पुलिस की प्रतिक्रिया इन मामलों में कमजोर रही है और ये आरोप लगते रहे हैं कि सुरक्षा बलों को हिंसक भीड़ के खिलाफ कार्रवाई न करने के निर्देश दिए गए थे। कई मामलों में, कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुले हमलों के बावजूद निष्क्रिय रहीं। संकट अब गंभीर बाहरी स्वरूप भी ले चुका है। चटगांव में भारतीय दूतावास पर हमले और ढाका, खुलना और राजशाही में भारतीय मिशनों की ओर रैली के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय नियमों को सीधे चुनौती देते हैं। ये घटनाएँ दिखाती हैं कि भारत विरोधी भावनाओं का इस्तेमाल इस क्षेत्र को अस्थिर करने और भारत के पूर्वी हिस्से को कमजोर करने की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समुदाय, विशेषकर हिंदू, फिर से धमकियों, हिंसा और सामाजिक दबाव का सामना कर रहे हैं। भारत विरोधी नारों और संगठित दुश्मनी से यह स्पष्ट होता है कि यह स्वाभाविक अशांति नहीं, बल्कि वैचारिक रूप से संगठित आंदोलन है। कट्टर इस्लामी संगठन आत्मविश्वास हासिल कर चुके हैं, व्यापारिक गति. विधियां धीमी हो गई हैं और कई क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन बाधित हुआ है। ये सभी संकेत गहरे संरचनात्मक संकट के हैं।

भारत की स्थिति पिछले साल की लंबी निष्क्रियता के कारण और नाजुक हो गई है। उस समय जब बंगलादेश के बड़ी आबादी को यह उम्मीद थी कि भारत स्थिरता और सुधार में मदद करेगा, तब भारत ने अधिकतर सतर्क रुख अपनाए रखा। निर्णायक हस्तक्षेप की कमी ने वह खाली स्थान पैदा किया जिसे कट्टर ताकतों ने तेजी से भर लिया। बंगलादेश की विफलता केवल राजनीतिक दलों या नागरिक संस्थाओं के कारण नहीं है। इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार सेना है। जब जनता की सुरक्षा और संवैधानिक व्यवस्था सीधे तौर पर खतरे में थी, तब बंगलादेश की सेना ने बार-बार हस्तक्षेप ना करने का विकल्प चुना। भीड़ ने शेख हसीना के आवास पर हमला करने का प्रयास किया, तब भी सेना निष्क्रिय रही। भारी हिंसा के दौरान, अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले के बावजूद सेना चुप रही।

## तोशाखाना केस में पाकिस्तान की अदालत ने सुनाया फैसला

# इमरान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ओर उनकी पत्नी बुशरा बीबी को राज्य के लग्जरी उपहारों की कम कीमत पर खरीद से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में शनिवार को 17 साल की कैद की सजा सुनाई। विशेष केंद्रीय न्यायाधीश शहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अति सुरक्षा वाली अदियाला जेल के अंदर आयोजित सुनवाई के दौरान सुनाया। खान इसी जेल में बंद हैं। अभियोजन के अनुसार, मामला मई 2021 में आधिका. रिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा खान को उपहार में दी गई महंगी बुलगारी ज्वेलरी सेट से संबंधित है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के रिपोर्ट के अनुसार, ज्वेलरी की कीमत लगभग 80 मिलियन रुपये थी, कथित तौर पर खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई, जो इसकी मूल्यांकन कीमत का एक छोटा हिस्सा थी। अदालत ने खान को कुल 17 साल की कैद की सजा सुनाई, जिसमें पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 34 (साझा इरादा) और 409 (आपरा. धिक विश्वासघात) के तहत 10 साल की कठोर कैद, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के तहत अतिरिक्त सात साल शामिल हैं। सुबुशरा



■ कोर्ट ने 16.40 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2 करोड़ की घड़ी को 5 लाख का बताया था ■ ज्वेलरी की कीमत 80 मिलियन रुपये थी, इमरान खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई

बीबी को भी इसी कानूनी प्रावधानों के तहत समान सजा दी गई है। दोनों पर 16. 4 मिलियन रुपये जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना न चुकाने पर अतिरिक्त कैद होगी। अदालत ने दंड प्रक्रिया सं. हता की धारा 382-बी का लाभ दिया, जिससे पहले से काटी गई हिरासत की अवधि सजा में गिनी जाएगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उसने खान की उम्र और सुबुशरा बीबी के महिला होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें 'उदार' सजा दी। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि खान की तोशाखाना मामले में सजा उनकी वर्तमान सजा पूरी होने के बाद शुरू होगी। इस बीच पीटीआई ने फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे 'कंगारू कोर्ट' का परिणाम बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी ने दावा किया कि खान के परिवार को सुनवाई में शामिल होने से रोका गया और जेल में बंद दरवाजे वाली सुनवाई को 'न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष' बताया, इसे सैन्य मुकदमे से तुलना की। पीटीआई नेताओं ने तर्क दिया कि मामले में विश्वसनीय सबूतों की कमी थी और यह कमजोर गवाहियों पर आधारित था, जबकि अयूब ने कहा कि फैसला पाकिस्तान में कानून के शासन की अनुपस्थिति को दर्शाता है। खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया कि फैसला पहले से तय था और जल्दबाजी में सुनाया गया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने समय और प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाए तथा सुबुशरा बीबी की कथित अवैध एकांत कारावास के बारे में चिंता जताई। खान और सुबुशरा ने सभी आरोपों से लगातार इनकार किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं और सार्वजनिक जीवन से अयोग्य ठहराने के उद्देश्य से हैं। गौरतलब है कि अप्रैल 2022 में सत्ता से हटाए जाने के बाद से खान कई कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों के अलावा वह 09 मई 2023 के हिसक प्रदर्शनों से संबंधित आतंकवाद निरोधक अधि. नियम के तहत भी मुकदमों का सामना कर रहे हैं।वह अगस्त 2023 से जेल में हैं और वर्तमान में अलग 190 मिलियन पाउंड के भूमि भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। सुबुशरा बीबी भी इसी मामले में सात साल की सजा काट रही हैं।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस समेत दो ट्रेनों को बनाया निशाना

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने रेल पटरियों को निशाना बनाकर बम धमाके किए, जिससे जाफर एक्सप्रेस समेत दो यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। इन धमाकों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा और ट्रेन सेवाएं अस्थाई रूप से बाधित करनी पड़ीं। क्वेटा के सीनियर सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस (एसएसपी) शाहिंद नवाज ने बताया कि शुक्रवार को मुश्काफ इलाके में हुए एक बम धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इन दोनों घटनाओं में जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया गया था। धमाकों के बाद मुख्य रेल लाइन पर ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से क्वेटा से पाकिस्तान के अन्य प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। एसएसपी नवाज ने कहा कि शनिवार से क्वेटा से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों के समय-सारिणी को सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। क्वेटा से बाहर जाने वाली सभी ट्रेनों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा चिंताओं के बीच शनिवार को जाफर एक्सप्रेस की एक विशेष सेवा को पेशावर के लिए रवाना होने की अनुमति दी गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष सेवा चलाई गई, जबकि सामान्य ट्रेन सेवाएं सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

# भारत-नीदरलैंड ने संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत और नीदरलैंड की ओर से शुक्रवार को इस बारे में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत-नीदरलैंड संयुक्त व्यापार और निवेश समिति (जेटीआईसी) की स्थापना दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के माध्यम से किये गए इस समझौता ज्ञापन की औपचारिक घोषणा नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील की भारत यात्रा और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक के अवसर पर की गई। इस समझौता ज्ञापन में व्यापार और निवेश संबंधी मामलों पर नियमित संवाद और सहयोग के लिए एक औपचारिक

■ समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी

संस्थागत ढांचा, संयुक्त व्यापार आयोग (जेसीआई सी) की स्थापना का प्रावधान है। आयोग द्विपक्षीय व्यापार संबंधों की समीक्षा करने, दोनों पक्षों के बीच निवेश को बढ़ावा देने, निवेश और व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की संभावना तलाशने के लिए एक समर्पित तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी, जिससे संस्थागत स्तर पर निरंत. रता और सतत सहयोग सुनिश्चित होगा। जेटीआईसी की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक (विदेश आर्थिक संबंध) करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे जिनमें सरकारी अधिकारी और नामित अन्य सदस्य होंगे।

# वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आया: एस. जयशंकर

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनी. तिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं।

पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी थोप नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संत. ुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार,



■ अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता, भारतीय विदेश मंत्री का दावा-ताकत के कई केंद्र उभरे

ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा कि यह पहच. ानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा कि हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।श बांग्लादेश के हालात पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश बनने के कुछ साल बाद, हमारे सामने पाकिस्तान के साथ-साथ पश्चिम और चीन भी थे।

## सूडान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर ड्रोन हमलों की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान में संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे पर पिछले सप्ताह हुए ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की, जिसमें छह बंगलादेशी शांति सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने प्रेस विज्ञप्ति में शहीद शांति सैनिकों के परिवारों और बंगलादेश सरकार और जनता के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। ड्रोन हमले शनिवार को सूडान के दक्षिण कोर्डोफान राज्य के कडुगली में हुए। परिषद के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे और अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल के शांति सैनिकों पर जानबूझकर किए गए इस हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा

## लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग ने यौन अपराध दोषी जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़े दस्तावेजों और तस्वीरों का एक नया सेट जारी किया। यह कदम महीनों के राजनीतिक दबाव और 'एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट' के पारित होने के बाद उठाया गया है। सामग्री का एक बड़ा हिस्सा अभी भी भारी रूप से संपादित है। जारी की गई फाइलों में ऐसी तस्वीरें और रिकॉर्ड शामिल हैं जो एपस्टीन को बिल क्लिटन, गिस्लेन मैक्सवेल और पॉप स्टार माइकल जैक्सन जैसी हाई-प्रोफाइल हस्तियों के साथ सामाजिक समारोहों में दिखाते हैं। सीएनएन के अनुसार, दस्तावेजों में दिखाई देने वाले अन्य उल्लेखनीय व्यक्तियों में मिक जैगर, वुडी एलन और नोआम चॉम्स्की शामिल हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित नए कानून के तहत प्रकाशित इन फाइलों के लिए एपस्टीन और उनकी लंबे समय तक सहयोगी रही गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े 'गैर-वर्गीकृत' रिकॉर्ड जारी करना आवश्यक है। इन



■ 7 सेट में 3 लाख दस्तावेज जारी

दस्तावेजों के बड़ी संख्या के होने के कारण चरणबद्ध तरीके से खुलासे किए जा रहे हैं। मैक्सवेल को 2021 में किशोर लड़कियों की तस्करी में सहायता करने का दोषी ठहराया गया था और वह वर्तमान में 20 साल की जेल की सजा काट रही है। शाम लगभग 7 बजे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई नई सामग्रियों में लगभग 120 तस्वीरें शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर तस्वीरें एफबीआई के सबूत बक्सों, लिफाफों, हार्ड ड्राइव, पुरानी सीडी और फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और अमेरिकी वर्जिन आइलैंड्स में एपस्टीन की संपत्तियों से बरामद कंप्यूटर उपकरणों को दिखाती हैं। पीड़ितों और चल रही जांच की सुरक्षा के लिए दस्तावेजों को भारी रूप से संपादित किया गया है। न्याय विभाग के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन की एक हॉट टब वाली तस्वीर में एक व्यक्ति का चेहरा छुपा दिया गया था ताकि पीड़ित व्यक्ति की पहचान की रक्षा की जा सके। एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट हालांकि विभाग को कुछ जानकारी संपादित करने की अनुमति देता है, लेकिन कुछ तस्वीरों में बिना किसी स्पष्टीकरण के एक बुजुर्ग व्यक्ति सहित अन्य व्यक्तियों के चेहरों को धुंधला दिखाया गया है। डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच ने कहा कि विभाग व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य पीड़ितों की जानकारी, बाल यौन शोषण सामग्री, वर्गीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा सामग्री, या ऐसी जानकारी के लिए संपादन बरकरार रखेगा जो सक्रिय जांच को खतरे में डाल सकती है।

# सीरिया में आतंक के अड्डों पर अमेरिकी वॉर

## ट्रम्प के आदेश पर 70 ठिकानों पर हवाई हमले

**वाशिंगटन।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। अमे. रिकी सैनिकों और एक अमेरिकी दुभाषिये की मौत के बाद ट्रम्प प्रशासन ने बदले की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सीरिया में आईएस ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए।

अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है कि यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि ये युद्ध की शुरुआत नहीं, हमारा बदला है। लगभग एक हफ्ते पहले सीरिया के रेगिस्तानी इलाके में हुए घातक हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। इस हमले के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सीधे तौर पर इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ट्रम्प ने बेहद सख्त



■ अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है: यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है

कार्रवाई का ऐलान किया था। उसी कड़ी में अमेरिकी सेना ने सीरिया के मध्य हिस्सों में आईएस के ठिकानों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया। अमे. रिकी अधिकारियों के अनुसार यह हमला बड़े पैमाने पर किया गया। सीरिया के अलग-अलग इलाकों में आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन ठिकानों में आईएस का बुनियादी ढांचा, हथियार भंडारण केंद्र और आपरेशन से जुड़े ठिकाने शामिल थे। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और हमले भी हो सकते हैं। अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा कि ये किसी युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने कहा कि दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाने वालों को ढूंढकर खत्म किया जाएगा। अमेरिकी बयान में दावा किया गया कि इस अभियान में बड़ी संख्या में दुश्मन मारे गए हैं और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अमेरिकी सेना ने इस हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। एफ-15 ईगल लड़ाकू विमान, ए-10 थंडरबोल्ट ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट और एएच-64 अपाचे हेलिकाप्टर हमले में शामिल रहे। इसके अलावा जार्डन से उड़ान भरने वाले एफ-16 लड़ाकू विमान और हिमार्स राकेट आर्टिलरी सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने जमीन और हवा से एक साथ कार्रवाई कर आईएस को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि यह युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो भी आतंकवादी अमेरिकियों पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे पहले से कहीं ज्यादा कड़ी मार झेलनी पड़ेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा।

## काहिरा में गाजा शांति योजना के अगले चरण पर चर्चा की

**काहिरा।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और मिस्र में उनके समकक्ष बद्र अब्देलात्ती ने शुक्रवार को काहिरा में बातचीत की और दोनों नेताओं के बीच वार्ता का मुख्य केन्द्र बिंदु गाजा शांति योजना के दूसरे चरण के कार्यान्वयन पर था। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अब्देलात्ती ने कहा कि मिस्र इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास जारी रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह योजना निकट भविष्य में अपने अगले चरण में प्रवेश करेगी। प्रस्तावित कदमों में गाजा पट्टी से इजरायली सैनिकों की वापसी, शांति-रक्षक बलों की तैनाती और क्षेत्र के प्रशासन के लिए एक नागरिक समिति का गठन शामिल है।

# ओडेसा बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमला

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा के बंदरगाह ढांचे पर शुक्रवार देर रात रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, हमले के केंद्र के पास एक बस में सवार कुछ लोग भी घायल हुए।

बंदरगाह के पार्किंग क्षेत्र में खड़े ट्रकों में आग लग गई, जबकि कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। रूस की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले

■ आठ लोगों की मौत और 27 घायल, जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने किए ड्रोन हमले

एक दिन में उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे परिवहन और भंडारण ढांचे के साथ-साथ ऊर्जा प्रतिष्ठानों और कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं पर हमले किए। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस की एक तेल ड्रिलिंग प्लेटफार्म, एक सैन्य गश्ती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बयान के मुताबिक, शुक्रवार रात हुए हमले में रूसी गश्ती जहाज ओखोत. निक को क्षति पहुंची।




# जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर को हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में उनकी फिल्म होमबाउंड के लिए एक्टर ऑफ द ईयर फीमेल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारत की ओर से ऑस्कर 2026 के लिए आधिकारिक एंट्री रही होमबाउंड ने इंटरनेशनल फीचर फिल्म की कैटेगरी में टॉप 15 फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। इस फिल्म में विशाल जेठला, ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है फिल्म समीक्षकों से भरपूर सराहना बंटोरने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल कर चुकी इस फिल्म के लिए जान्हवी कपूर को मिला यह सम्मान उनके अभिनय करियर में न सिर्फ एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि ग्लोबल सिनेमा में जाह्नवी की मजबूत की मौजूदगी को और पुख्ता करती है। जाह्नवी कपूर ने अवॉर्ड जीतने के बाद इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, इस बेहद खास फिल्म के सफर में मैंने बहुत कुछ सीखा, लेकिन जो सबसे खास बात मुझे लगी वो है कि किसी को भी जज करने से पहले हम अपने पूर्वाग्रहों के बोझ से निकलें और वे जैसे हैं, उन्हें उसी तरह देखें। हालांकि मैं दूसरों से भी यही उम्मीद करती हूं कि मेरे बारे में कोई भी पूर्वाग्रह रखने या राय बनाने से पहले वे स्थिति का सही आकलन करें। मैं समझती हूं यही एक ऐसा उपहार है, जो हम बतौर इंसान एक-दूसरे को दे सकते हैं। जाह्नवी कपूर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करने और अपने अभिनय को मिले इस घस पहचान के लिए उन्होंने एनडीटीवी को भी धन्यवाद दिया है। जाह्नवी कपूर ने इस खास फिल्म के लिए अपनी पोस्ट में निर्देशक नीरज घेवान के प्रति भी आभार जताते हुए उन्हें प्यार से सबसे बेहतरीन निर्देशक और ह्यूमन टेडी कहा है। अपनी पोस्ट के जरिए जान्हवी ने यह भी बताया है कि होमबाउंड को भारत में मिला यह पहला अवॉर्ड है। हालांकि इन दिनों नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही फिल्म होमबाउंड के लिए जाह्नवी को मिला यह सम्मान न सिर्फ उनके अभिनय करियर सफर को और मजबूत करता है, बल्कि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा, दोनों में अपनी एक भरोसेमंद और अर्थपूर्ण पहचान बनाने में कारगर भूमिका भी निभा रहा है।

## कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं : अनुपम खेर

**मुंबई।** चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं और वह उनके अभिनय के प्रशंसक रहे हैं। कमल हासन और अनुपम खेर की दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर अचानक मुलाकात हो गई। अनुपम खेर ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अनुपम खेर इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक कमल हासन जी से मिलकर बेहद खुशी हुई।

# इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना संतोषजनकः सुम्बुल



**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से संतोषजनक रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता सुम्बुल तौकीर खान के सफर को दर्शाता है, जहां वह केवल अस्तित्व बचाने की लड़ाई से आगे बढ़कर अपने जीवन पर नियंत्रण पाना शुरू करती है। संजय (ऋषि सक्सेना) की बढ़ती असुरक्षा और विराट रजत वर्मा की अनसुलझी मौजूदगी के बीच फंसी अन्विता, अब विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा फारुख सईद के आने से नई चुनौतियों का सामना कर रही है। अन्विता के सामने अब ऐसे विकल्प हैं जो उसकी सहनशक्ति और रिश्तों की परीक्षा लेंगे। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अन्विता पर्सी कैफे की जिम्मेदारी संभालती है, जो उसके बढ़ते आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को दर्शाता है। हालांकि, यह संजय के साथ संघर्ष का कारण बनता है, जिसकी असुरक्षा तब और गहरी हो जाती है जब वह अन्विता के पर्सनल डेवलपमेंट को गलत समझता है। विराट की निरंतर उपस्थिति से खुद को असुरक्षित महसूस करता है। एक भव्य पार्टी के साथ विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा की एंट्री होती है। ड्रामा तब और बढ़ जाता है जब विराट बताता है कि उसने कैफे की प्रॉपर्टी खरीद ली है।

वह अन्विता को वहां से निकालने की धमकी देता है। क्या अन्विता की यह नई ताकत उसके सपनों और रिश्तों दोनों को बचाने के लिए काफी होगी? सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अन्विता के लिए यह दौर बेहद शक्तिशाली है क्योंकि यह केवल परिस्थितियों से लढ़ने के बजाय वास्तव में अपने जीवन की कमान संभालने की ओर उसके बदलाव को दर्शाता है। इस सफर को जो बात जटिल बनाती है, वह यह है कि उसकी तरक्की को उसके करीबी लोग ही गलत समझते हैं। उसे चुनौती देते हैं। इस बदलाव के दौरान अन्विता का किरदार निभाना, जहां वह भावुक भी है, दृढ़ निश्चई भी और अपनी जमीन बचाना सीख रही है, भावनात्मक रूप से काफी गहन और संतोषजनक रहा है। दर्शक उसे ऐसे रूप में उभरते हुए देखेंगे जिसकी उन्हें उम्मीद नही होगी। इत्ती सी खुशी, हर सोमवार से शनिवार नौ बजे, प्रसारित होता है।




## धुरंधर ने भारतीय बाजार में 460 करोड़ रुपये की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में दो सप्ताह में 460 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।इस फिल्म में रणबीर सिह और अक्षय खन्ना के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही हैं। फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाल मचा रही है।

## एकता कपूर ने बताई क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप की वजह



**मुंबई।** टेलीविजन क्वीन एकता कपूर ने स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में आए बहुचर्चित लीप पर अपनी बात रखी है। एकता कपूर ने इस बड़े बदलाव के पीछे की सोच को साफ करते हुए बताया कि कहानी को किस दिशा में ले जाया जा रहा है। एकता कपूर का कहना है कि यह लीप किसी ड्रामैटिक अंत के लिए नही, बल्कि भावनाओं की सच्चाई को दिखाने के लिए लाया गया है। एकता कपूर ने बताया कि शो में लीप लाने का फैसला इस सोच से लिया गया कि समय के साथ रिश्ते कैसे बदलते हैं। उनके लिए यह कोई पुराने सफर का अंत नही है, बल्कि ज़िदिगी की तरह एक आगे बढ़ने की प्रक्रिया है। जैसे असल ज़िदिगी में रिश्तों में समय के साथ दूरी आती है, भावनाएं बदलती हैं और उनके मायने नए हो जाते हैं, वैसे ही इस लीप के ज़रिए कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है। एकता कपूर कहा, एक कहानीकार के तौर पर मेरे लिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी हमेशा से रिश्तों को समय के साथ बढ़ते, टूटते और बदलते हुए दिखाने की कहानी रही है।

जब मैंने कहानी में लीप लाने के बारे में सोचा, तो मेरा मकसद कभी भी किसी चैप्टर को खत्म करना नही था, बल्कि कहानी को अपने किरदारों के साथ सांस लेने और आगे बढ़ने का मौका देना था। मैं लंबे रिश्तों की हकीकत दिखाना चाहती थी कि प्यार समय के साथ कैसे अपना रूप बदलता है, गलतफहमियां कैसे जख्म छोड़ जाती हैं और कैसे भावनात्मक दूरी धीरे-धीरे ज़िदिगी में जगह बना लेती है।

# 2026 में बड़े पर्दे पर जलवा बिखेरेंगी नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां

**मुंबई।** वर्ष 2026 में अभिनता-अभिनेत्रियों की नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां सिल्वर स्क्रीन पर जलवा बिखरती नजर आयेंगी। वर्ष 2026 में फिल्ममेकर नए प्रयोग कर रहे हैं और दर्शक भी कुछ अलग, ताज़ा और असरदार देखना चाहते हैं, यही वजह है कि वे सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां लेकर आ रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियों के बारे में, जिनके न सिर्फ चर्चा बटोरने की संभावना है, बल्कि अपनी केमिस्ट्री और एनर्जी से बड़े पर्दे पर अपनी खास पहचान छोघ्ने की भी संभावना है। अनुराग बसु की अनटाइटल्ड म्यूज़िकल फिल्म कार्तिक के इंटेंस चार्म और लीला की जीवंत एनर्जी वाली यह जोड़ी, न सिर्फ मास ऑडियंस के लिए बनी हाई-एनर्जी जोड़ी है, बल्कि म्यूजिकल और विज़ुअल ट्रीट को ब्लॉकबस्टर बनाने का दम भी रखती है। क्राफ्ट और वर्सेटिलिटी की पावर-पैक जोड़ी यानी सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी पहली बार दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग के साथ आने जा रही हैं। माना जा रहा है कि सिद्धांत का अनप्रेडिक्टेबल अंदाज और वामिका की गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति मिलकर एक शांत लेकिन बेहद असरदार केमिस्ट्री बनाएंगी।

सिद्धांत चतुर्वेदी - मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म दो दीवाने शहर में नजर आएगी। संवेदनशीलता, गहराई और युवा ऊर्जा से भरपूर यह जोड़ी भावनात्मक कहानी में रची बसी फिल्म दो दीवाने शहर में में खूब जंच. ेगी, ऐसी चर्चा है क्योंकि यह दोनों कलाकार अपने किरदारों में सच्चाई लाने के लिए जाने जाते हैं। हालांकि फिल्म के पोस्टर और एनिमेटेड टीजर को देखकर यह संभावना और प्रबल हो गई है। फिल्म पेड्डी में राम चरण के करिश्माई अवतार और जान्हवी की सॉफ्ट ग्रेस को अगर नॉर्थ और साउथ सिनेमा का दमदार संगम कहें तो गलत नही होगा। ऐसे में यह जोड़ी वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित जोड़ियों में शामिल हो चुकी है। वरुण धवन-मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएगी। इसमें दो राय नही है कि वरुण धवन और मृणाल ठाकुर, स्टारडम और सशक्त अभिनय का संगम है। वरुण की एनर्जी और मृणाल की भावनात्मक सच्चाई इस जोड़ी को रोमांस से लेकर ड्रामा तक हर जॉनर में असरदार बनाती है। इसी फिल्म में वरुण धवन - पूजा हेगड़े की भी जोड़ी है।

**भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर**
**10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251307**

दिनांक- 19/12/2025

**निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:**

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थान हॉस्पिटल | मेडिकल सुपरीटेंडेंट (Clinical Subject में पी0जी0 एवं 10 साल का अनुभव) | 1 |
| 1 | स्वस्थवृत्त विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 2 | स्त्री प्रसूति विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 3. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर, लेक्चरर | 1 |
| 4. | पंचकर्म विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 5. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना **बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों** की दो प्रतियाँ तथा **पासपोर्ट साइज** फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

पता: भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्क: 9084681283 / 7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेबराव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक

